सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.8 न्यू | 15.8 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77073.44 |
| निफ्टी | 23344.75 |
| सोना | 81,270 |
| चांदी | 92,788 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




कुंभ परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति का हृदयः राज्यपाल

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 21 जनवरी 2025 | 8 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 24, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मानहानि मामलाः राहुल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। भाजपा के कार्यकर्ता नवीन झा ने शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। चाईबासा में भाषण के दौरान राहुल ने कथित तौर पर शाह के लिए 'हत्यारा' शब्द का इस्तेमाल किया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने राहुल गांधी की अपील पर झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है।

### राजोआना की याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले केंद्र

**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले। बलवंत सिंह राजोआना को साल 1995 में पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम आपको अंतिम मौका दे रहे हैं या तो आप फैसला करें या फिर हम मेरिट के आधार पर सुनवाई करेंगे।

### ईशनिंदा के दोषी पॉप सिंगर आमिर को मौत की सजा



**तेहरान।** पॉप सिंगर आमिर तातालू को ईशनिंदा के आरोप में ईरान की कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई है। आमिर पर पैगंबर मोहम्मद के अपमान का आरोप लगा था। इससे पहले कोर्ट ने उनको ईशनिंदा का दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा सुनाई थी, लेकिन अभियोजन पक्ष के आपत्ति जताने के बाद केस की दोबारा सुनवाई हुई।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में दो नक्सली किए ढेर



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। दोनों के शव भी बरामद किए गए हैं। कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में रुक-रुककर फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने मौके से 3 आईईडी और एक एसएलआर हथियार भी बरामद किया है। वहीं, एनकाउंटर में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मीरपुर में पेड़ कटान पर सख्ती, बिना अनुमति नहीं कटेंगे पेड़ -पेज 2
- सीटू ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व सचिव का किया घेराव -पेज 3
- ...जब सीएम ने डोहग मैदान में खेला क्रिकेट -पेज 9
- बाइडेन ने आखिरी दिन दो लोगों को दिया क्षमादान -पेज 13
- पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने किया उलटफेर -पेज 14


# कश्मीर के संत की अनूठी पहल, महाकुंभ में बनाया शहीद ग्राम पंडाल

एजेंसी, प्रयागराज

**प्रयागराज** महाकुंभ में संत-महात्माओं के पंडाल में सिर्फ धर्म और अध्यात्म की ही गंगा नहीं बह रही है, बल्कि यहां देश की रक्षा करते हुए अपना जीवन बलिदान करने वाले शहीदों को खास अंदाज में नमन किया जा रहा है। महाकुंभ में सेक्टर अठारह का एक पंडाल पूरी तरह शहीदों और उनके परिवार वालों को समर्पित कर दिया है।

इस पंडाल में धर्म ध्वजा की जगह तिरंगा लहराता नजर आता है, तो साथ ही पूरे पंडाल में मुंबई के 26/11 के साथ ही पुलवामा और कारगिल युद्ध समेत दूसरी जगहों पर शहीद हुए तमाम सैनिकों की तस्वीरें लगाई गई हैं। कश्मीर के संत बालक योगेश्वर दास ने अनूठी पहल की है।



शहीद ग्राम पंडाल में देशभक्ति का जो माहौल बना है, वह हर किसी को प्रभावित कर रहा है। इस पंडाल का उद्देश्य न केवल शहीदों के बलिदान को याद करना है, बल्कि देशवासियों में सैनिकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा की भावना को भी मजबूत करना है।

### गेट पर लगे शहीदों के कटआउट

**पंडाल** के गेट पर शहीदों की तस्वीरों वाले कई कटआउट लगाए गए हैं। यहां भजन के बजाए देशभक्ति पर आधारित गीत बजते हैं। बालक योगेश्वर दास का यह पंडाल पूरी तरह सैनिकों को समर्पित है। पंडाल में राष्ट्रीय ध्वज सवा सौ फुट की ऊंचाई पर शान से लहराता हुआ नजर आता है।

### प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बदला, निजी वाहनों का प्रवेश किया बंद

**महाकुंभ** में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बदला है। अब पूरे महाकुंभ के दौरान निजी वाहनों का मेला क्षेत्र में प्रवेश बंद रहेगा। वाहनों को शहर और मेला क्षेत्र के बाहर पार्किंग में पार्क करना पड़ेगा। यहां से कुंभ मेले के लिए शटल बसें मिलेंगी।

### 8वें दिन 44.62 लाख से अधिक ने लगाई डुबकी

महाकुंभ के 8वें दिन सोमवार को 44.62 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक कुल 8.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

**अब तक 8.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कर चुके हैं स्नान**

### हिमाचल से 42 लोगों के समूह ने किया पवित्र स्नान



हिमाचल प्रदेश से संत जगन्नाथ कांगड़ा वाले के साथ 42 लोगों के समूह ने प्रयागराज महाकुंभ में गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल पर पूर्णिमा एवं मकर संक्रांति के दिन पहला एवं दूसरा बड़ा शाही स्नान किया। ग्रुप में अजमेर सिंह, वीरेंद्र चौधरी, अश्विनी कुमार, मनोहर लाल ठाकुर, बलवीर शर्मा, राकेश कुमार, संजीव कुमार, सरिता ठाकुर, तृप्ता देवी, सुनीता देवी व सुषमा ठाकुर इत्यादि शामिल रहे।

# ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद

## 164वें दिन सुनाई सजा; कोर्ट ने कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं

एजेंसी, कोलकाता

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार को सजा सुनाते हुए कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती।

कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपए मुआवजा दे। हालांकि, परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया। फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने दोषी संजय, सीबीआई और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा कि यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन सोमवार को सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। सीबीआई और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

**पीड़ित परिवार का मुआवजा राशि लेने से इनकार**



### सजा से नहीं हूं संतुष्ट मृत्युदंड मांगा थाः ममता



**दोषी** संजय रॉय को उम्रकैद की सजा पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है।

### फैसले से पहले दोषी बोला-मुझे फंसाया गया

**फैसला** सुनाने से पहले दोषी संजय रॉय ने अदालत से कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है, मैंने कोई अपराध नहीं किया है। इस पर सीबीआई ने कहा कि यह जघन्य अपराध है। इसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सीबीआई के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि हम समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुरोध करते हैं। मामले में पीड़िता के माता-पिता ने दोषी के लिए मौत की सजा की मांग की है। संजय रॉय के वकील ने कहा कि दोषी को फांसी की जगह कोई और सजा दी जानी चाहिए। भले ही यह दुर्लभतम मामला हो, लेकिन सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए। अदालत को यह दिखाना होगा कि दोषी क्यों सुधार या पुनर्वास के लायक नहीं है। सरकारी वकील को सबूत पेश करने होंगे और कारण बताने होंगे कि व्यक्ति सुधार के लायक क्यों नहीं है और उसे समाज से पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए।

# सैंज खड्ड में गिरा सीमेंट से लदा ट्रक, दो सगे भाइयों की मौत

अनंत ज्ञान टीम, सुन्नी/दाड़लाघाट

**शिमला** जिले की धामी-सुन्नी सड़क पर सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सैंज खड्ड में गिर गया। इस हादसे में ट्रक चालक दिनेश कुमार (29) और उसके बड़े भाई विनोद कुमार (37) की मौके पर ही मौत हो गई।



यह हादसा बागीपुल बैजू नामक स्थान पर रविवार देर रात करीब एक बजे पेश आया। लोगों ने हादसे की सूचना सुन्नी थाना को दी। इसके बाद एएसआई रामलाल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से ऑपरेशन चलाया, जो सुबह तक जारी रहा। खड्ड में गिरे ट्रक से दोनों भाइयों के शव बरामद किए। ट्रक शिमला से रामपुर की ओर जा रहा था। दोनों मृतक सोलन जिले की दाड़लाघाट उपतहसील की पारनु पंचायत के ठेरा गांव के निवासी थे। दिनेश कुमार पेशेवर ट्रक चालक था, जबकि बड़ा भाई विनोद उनके साथ सफर कर रहा था। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुन्नी भेजा गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरने की बात सामने आई है।

**सोलन जिले के ठेरा गांव के निवासी हैं दोनों युवक**

# हिमाचल में तीन दिन बर्फबारी और बारिश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में आगामी 3 दिन तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। 22 जनवरी को पश्चिमी विक्षोम सक्रिय होगा।

ऐसे में प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, शिमला में बर्फबारी और सिरमौर, सोलन व बिलासपुर जिले में बारिश होने की संभावना है। वहीं, 23 जनवरी को भी मौसम खराब रहेगा। 24 जनवरी से मौसम साफ बना रहेगा। प्रदेशभर में सोमवार को बादल छाए रहे। मौसम वैज्ञानिक संदीप ने बताया कि बीते 24 घंटे के दौरान किन्नौर, लाहौल-स्पीति के कुछ एक हिस्सों में बर्फबारी हुई है। प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। 22 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। शिमला शहर में बर्फबारी की काफी कम संभावना है, लेकिन कुफरी, नारकंडा सहित ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। शीतलहर को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल अभी सामान्य से अधिक तापमान चल रहा है।

**कल से प्रदेश में सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोम**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में होगी कांग्रेस की जीतः सुक्खू

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी।



सोमवार को धर्मशाला से कुल्लू रवाना होने से पहले पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सुक्खू ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें दिल्ली चुनाव प्रचार में स्टार प्रचारक की जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वह खरा उतरने की कोशिश करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कांगड़ा शीतकालीन प्रवास से लौटने के बाद चुनावी प्रचार के लिए दिल्ली जाएंगे। वहीं, प्रदेश कांग्रेस के कई नेता पहले ही चुनावी प्रचार के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं, जबकि आने वाले दिनों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक टीम दिल्ली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### खराब मौसम के चलते जोगिंद्रनगर तक उड़ा सीएम का हेलिकॉप्टर, देर शाम पहुंचे मनाली

**धर्मशाला।** खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर सोमवार शाम चार बजे तक धर्मशाला से उड़ान नहीं भर सका। इस दौरान सीएम आम लोगों से मिले और उनकी परेशानियों को जाना। लगभग 5 घंटे के बाद मौसम सही होने की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री का काफिला सर्किट हाउस से साई स्टेडियम की ओर रवाना हुआ। जैसे ही मुख्यमंत्री स्टेडियम पहुंचे तो पायलटों को सूचना मिली कि कुल्लू में मौसम फिर खराब हो चुका है। ऐसे में मुख्यमंत्री 5 से 10 मिनट तक हेलिकॉप्टर में ही बैठे रहे। बाद में शाम 4:15 बजे मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर ने जोगिंद्रनगर तक के लिए उड़ान भरी और देर शाम मनाली में विंटर कार्निवाल में पहुंचे।

### कुल्लू में विंटर कार्निवाल का शुभारंभ




कुल्लू में सोमवार को पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ पर नाटी डालकर समां बांधतीं महिलाएं।

### सुप्रीम कोर्ट में सीपीएस मामले की सुनवाई टली

**शिमला।** हिमाचल के मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) मामले की सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब यह केस अगले एक दो दिन में लग सकता है। हिमाचल सरकार ने हाईकोर्ट के सीपीएस की नियुक्ति को असंवैधानिक बताने वाले फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दे रखी है। महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि मामले की सुनवाई बुधवार या वीरवार को हो सकती है। हाईकोर्ट ने बीते साल 13 नवंबर को सीपीएस (नियुक्ति, वेतन, भत्ते, शक्तियां, विशेषाधिकार और सुविधाएं) एक्ट, 2006 को रद्द करते हुए नियुक्ति को असंवैधानिक बताया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों के बाद सभी सीपीएस पद से हटाए जा चुके हैं।

**असमंजस** ऊना जिले में नए स्टोन क्रशर स्थापित करने पर प्रतिबंध, पुरानों की लीज रिन्यू करने पर रोक

# घटी खनन लीज, महंगी होगी भवन निर्माण सामग्री

राजेश शर्मा, ऊना

**प्रदेश** सरकार की खनन को लेकर नियत और नीति भले जनता में पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो रही हो, लेकिन भवन निर्माण करने वालों पर इसका असर दिखेगा। देर सवेर फिर से भवन निर्माण सामग्री के दाम बढ़ सकते हैं।

हालांकि, अभी संकट पैदा नहीं हुआ है, लेकिन जिस तरह से खनन लीज का दायरा समय सीमा के तहत निर्धारित कर दिया है, उससे अब डिमांड बढ़ने की स्थिति में उत्पाद की जगह दाम ही बढ़ने का विकल्प होगा। बता दें कि प्रदेश सरकार ने ऊना जिले में नए स्टोन क्रशर स्थापित करने पर प्रतिबंध लगाया है,



जबकि पुराने क्रशरों की लीज के नवीकरण पर रोक लगा दी है। अवैध खनन की शिकायतों के चलते सरकार ने यह फैसला लिया है। अवैध खनन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है, जो अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। खड्डों से अवैध खनन की खबरें बढ़ गई हैं। भवन निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ेगी, तो अवैध खनन की गतिविधियों में लगे लोग और सक्रिय हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### ऊना की खड्डों में अवैध खनन

अनंत ज्ञान स्पैशल

**ऊना** जिले की खड्डों से चोरी के रास्तों से रात के अंधेरे में अवैध खनन हो रहा है। लोगों को मालूम है कि कुछ समय बाद क्रशर वालों के लिए खनन का सीमित क्षेत्र होने से सामग्री का संकट पैदा होगा। वहीं, जिला खनन अधिकारी ऊना नीरज कांत ने बताया कि जिले में फिलहाल क्रशर या लीज के लिए कोई नया आवेदन नहीं हुआ है। नए क्रशर व लीज के आवेदनों पर रोक के आदेश जारी हुए हैं। इस आदेश को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### प्रदेश सरकार ने लिया है अवैध खनन रोकने के लिए माइनिंग टास्क फोर्स गठित करने का फैसला

**प्रदेश** में अवैध खनन रोकने के लिए सरकार ने माइनिंग टास्क फोर्स गठित करने का भी फैसला लिया है। इस टास्क फोर्स में सरकार सुरक्षा कर्मियों की भर्ती करेगी। होमगार्ड सहित अन्य कर्मियों की तैनाती की जाएगी। अब तक अवैध खनन पर उद्योग विभाग पुलिस की मदद से कार्रवाई करता है। एम फार्म में होने वाली गड़बड़ियां रोकने के लिए ऑनलाइन स्वीकृति की व्यवस्था करने का भी फैसला लिया गया है। सरकार इसके लिए आईटी विभाग के सहयोग से डाटा सेंटर स्थापित करेगी और अनुमतियां ऑनलाइन माध्यम से ही दी जाएंगी।



**ऊना** जिले में नए क्रशर स्थापित करने और मौजूदा क्रशरों की लीज के नवीकरण पर रोक लगाई है। खनिजों के अंधाधुंध दोहन को रोकने और अवैध खनन की शिकायतों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। अवैध खनन रोकने के लिए माइनिंग टॉस्क फोर्स गठित की जाएगी और एम फार्म के दुरुपयोग को रोकने के लिए डाटा सेंटर बनाकर पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी।

**-हर्षवर्धन सिंह चौहान, उद्योग मंत्री।**

# जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकियों से मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

## दूसरे दिन भी चलाया सर्च अभियान, सेना के जवानों ने पूरे इलाके को घेरा

एजेंसी, जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान घायल हुआ जवान सोमवार को शहीद हो गया।

सुरक्षाबलों और पुलिस ने सोपोर के जालोरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान 22 राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 179वीं बटालियन पर आतंकियों ने फायरिंग कर दी। रातभर जालोरा के गुज्जरपति इलाके में गोलीबारी जारी रही। सोमवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।



आतंकियों को भागने से रोकने के लिए पूरे इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके के जंगलों में आतंकवाद विरोधी अभियान सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा और सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी और तलाशी जारी रखी है। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सोपोर पुलिस जिले के जालोरा गुज्जरपति इलाके में कड़ी घेराबंदी की और इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. धूमल से मिले भूतपूर्व सैनिक और आश्रित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भूतपूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिला। भूतपूर्व सैनिकों ने धूमल के समक्ष भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक मांग पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने एक्ससर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ सेंटर जो कि आवाहदेवी या उसके आसपास खोलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आवाहदेवी के नजदीकी 27 पंचायतों ने इसके ऊपर लिखित प्रस्ताव भी दिया है। बहुत सारे ऐसे गांव या नगर हैं, जहां से बहुत सारे पूर्व सैनिक और सैनिक पूर्व सैनिकों के आश्रित परिवार हैं, जिनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर काफी तकलीफ उठानी पड़ती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय को सरकार के रक्षा मंत्री के समक्ष रखेंगे। वह हरसंभव कोशिश करेंगे कि उनकी इस मांग को अमलीजामा पहनाया जाए।

### डिजिटल फ्रॉड की लोगों को दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत द कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा समीरपुर की ओर से दाड़ी गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक सुशील कुमार ने की। प्रबंधक ने शिविर में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं अटल पेंशन स्कीम, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना आदि के बारे में लोगों को अवगत करवाया। उसके साथ-2 बैंक द्वारा जारी सभी ऋणों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है, के बारे में भी जानकारी लोगों से साझा की, साथ ही साथ डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहने के बारे में भी लोगों को बताया। कैंप में बैंक अधिकारी सोनी कुमार, दाड़ी पंचायत प्रधान कुसल सिंह, उपप्रधान मिलाप चंद, अनीता देवी, सभी पंचायत सदस्य, पवन कुमार व कौशल्या देवी इत्यादि ने भाग लिया।

### परिषद ने बच्चों को पढ़ाई के लिए दी सहायता



**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिंद संग्राम परिषद् की इकाई नादौन व कांगू की संयुक्त बैठक जलाड़ी में संपन्न हुई , जिसमें जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के स्थानीय अध्यक्ष अश्विनी कुमार व शिक्षा ठाकुर ने की। बैठक में डॉ. केशर सिंह पटियाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा, रिटायर प्रिंसिपल पुष्पिंदर सिंह परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष केएस धीमान, मोहन सिंह ठाकुर, विजय कुमार ठाकुर, जैमल सिंह, करतार सिंह, ब्रह्म दास शर्मा, पंचायत सदस्य रेखा रानी, प्रिथी सिंह, मान चंद, रिशील चंद व अन्य गणमान्यों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में दोनों इकाइयों के चेयरमैन ने इकाई का लेखा-जोखा रखा। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि बच्चे अपनी पढ़ाई दिल से करें, संस्था ऐसे ही ऐसे बच्चों को सहायता प्रदान करती रहेगी। महासचिव ब्रह्म दास शर्मा ने बताया कि बैठक में मुख्यातिथि ने सभी पदाधिकारीयों सदस्यों व समाजसेवियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि संस्था के कार्य स्वागत योग्य हैं।

### जोल सप्पड़ में की जमीन की केवाईसी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जोल सप्पड़ पंचायत के अंतर्गत आधार सीडिंग जमीन के साथ केवाईसी करते जोल सप्पड़ के पटवारी कृष्ण शर्मा।

### दरूण की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर की ओर से सोमवार को विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत दरूण में दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। इस शिविर में स्थानीय महिलाओं को अचार, पापड़ और मसाला पाउडर इत्यादि खाद्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के शुभारंभ अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक की खरवाड़ शाखा के प्रबंधक कर्ण सिंह और आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर आरसेटी के फैकल्टी मेंबर विनय चौहान, कुलभूषण और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आदर्श का स्कॉलरशिप में जिले में प्रथम स्थान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के राजकीय माध्यमिकपाठशाला सूदर के छात्र आदर्श ढटवलिया ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2023-24 में जिला हमीरपुर में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह परीक्षा एससीआरटी सोलन द्वारा आयोजित करवाई गई थी। उक्त परीक्षा द्वितीय चरण में नवंबर 2024 में हुई थी। मेधावी छात्र के पिता मनोहर लाल शिक्षा विभाग में कारक हैं, उसकी माता कमलेश कुमारी गृहिणी है। पाठशाला के मुख्य अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि इस छात्रा को छठी कक्षा में प्रतिमाह 4000 सातवीं कक्षा में 5000 तथा आठवीं कक्षा में प्रतिमाह 6000 राशि मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक ने जांची व्यवस्थाएं



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ का जिला शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक ओंकार सिंह भाटिया ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में कक्षा-कक्षा में जाकर बच्चों से रू-ब-रू हुए और सवाल-जवाब किए। इसके अलाव स्कूल के मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, किचन गार्डन, कक्षा-कक्ष की सफाई व्यवस्था, दैनिक गतिविधियों के रजिस्ट्रर का निरीक्षण किया तथा स्कूल प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने जिला उपशिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओंकार सिंह भाटिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के अध्यापकों से भी बातचीत करके पढ़ाई के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने स्कूली बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कार्य कर रही है।

# गैरहाजिर पीडब्ल्यूडी अधिकारी पर बीडीसी ने लगाया 5 रुपए जुर्माना

## बीडीसी अध्यक्ष बोले-अधिकारी के चार साल से बैठकों में नहीं आने से विकास कार्यों पर पड़ रहा था असर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौजूद गणमान्य।

हमीरपुर जिले में ब्लॉक समिति (बीडीसी) की त्रैमासिक बैठक में टौणी देवी डिवीजन के लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी पर लगातार अनुपस्थित रहने के कारण 5 रुपए का प्रतीकात्मक जुर्माना लगाया गया। यह अधिकारी बीते चार वर्षों से बैठकों में नहीं आ रहा था, जिससे विकास कार्यों पर असर पड़ रहा था। बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

ब्लॉक समिति की बैठक में पंचायतीराज और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। पंद्रहवें वित्त आयोग के बजट और नई विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बीडीसी उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, बीडीओ हमीरपुर हिमाशी शर्मा सहित सभी ब्लॉक समिति सदस्य मौजूद थे।

बैठक के दौरान यह मामला सामने आया कि टौणी देवी डिवीजन के एक अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं लंबित पड़ी हैं। अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए अधिकारियों की बैठकों में उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई अधिकारी बैठक से अनुपस्थित रहता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया और प्रशासन से भी इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की।

### अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी

बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा ने बताया कि पिछले चार सालों से यह अधिकारी लगातार बैठकों में शामिल नहीं हो रहा था। इसके चलते विकास योजनाओं पर चर्चा बाधित हो रही थी और कई कार्य अधूरे रह गए थे। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी अधिकारी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसी को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक समिति ने 5 रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला लिया, ताकि अधिकारियों को बैठकों में शामिल होने के लिए जागरूक किया जा सके।

# एक्सपोजर विजिट पर सिंगापुर जाएंगे जिले के चार शिक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के चार शिक्षक इस बार एक्सपोजर विजिट पर सिंगापुर जाएंगे। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने 60 शिक्षकों के नाम फाइनल कर प्रदेश सरकार को भेज दिए हैं, ताकि इन शिक्षकों के ग्रुप को जल्द से जल्द एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा जा सके। बीते वर्ष भी प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए सिंगापुर भेजा था, ताकि प्रदेश के शिक्षक भी वहां की स्टडी पैटर्न को फॉलो कर सकें।

बता दें कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर में एक्सपोजर विजिट के लिए जिले भर से सात शिक्षकों ने अप्लाई किया था। इनमें टीजीटी मेडिकल के दो शिक्षक, टीजीटी नॉन मेडिकल का एक शिक्षक, टीजीटी आर्ट्स का एक शिक्षक, एलटी के दो शिक्षक और जेबीटी के एक शिक्षक ने अप्लाई किया था। इसमें शिक्षकों को उनकी डिग्रियों और उपलब्धियों के मार्क्स दिए थे। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों के नाम शिक्षा निदेशालय शिमला को भेज दिए गए थे, जहां से सिर्फ चार शिक्षकों का चयन ही एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ है।

इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं टिक्कर की टीजीटी मेडिकल पूर्णिमा कुमारी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के टीजीटी आर्ट्स सतीश कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ के एलटी होशियार सिंह और राजकीय प्राथमिक पाठशाला बल्डूहक के जेबीटी शिक्षक सफी मोहम्मद का चयन सिंगापुर के एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ है। इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक हमीरपुर कमल किशोर ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के तहत चार शिक्षक एक्सपोजर विजिट पर जाएंगे। एक्सपोजर विजिट पर जाने वाले शिक्षकों की डिग्रियां व उपलब्धियों के आधार पर मॉर्क्स दिए गए हैं। उसके मुताबिक ही शिक्षकों का चयन हुआ है।

# सुजानपुर ब्यास नदी के पुल की लाइट बंद रहने से लोगों में भय

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



पुल में से गुजरता वाहन।

जिला हमीरपुर को सुजानपुर से होकर जिला कांगड़ा को जोड़ने वाले ब्यास नदी पर स्थापित पुल की लाइट व्यवस्था रविवार रात्रि को भी गुल रही, जिससे पुल से गुजरने वाले वाहनों को अंधेरे में परेशानी का सामना करना पड़ा। लाइट गुल हो जाने के कारण पुल पर अंधेरा छाया रहा।

विभाग ने रात्रि रोशनी की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर पुल के दोनों और दर्जनों खंभे स्थापित कर लाइट की व्यवस्था की थी , लेकिन यह व्यवस्था लापरवाही की पोल खोल रही है। खास तौर पर इस पुल से राहगीरों का रात्रि आगमन भय से कम नहीं है। लोगों ने इस पुल की लाइट व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मांग उठाई है ।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिक बिंग के जेई किशोर कुमार ने बताया कि समस्या उनके ध्यान में आई है। लाइट व्यवस्था ठीक है। रविवार को यह व्यवस्था क्यों नहीं मिली इसकी जानकारी ली जाएगी तथा समस्या को दूर कर दी जाएगा।

# टूटे लिंक रोड का एनएचएआई के अधिकारियों ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

टौणी देवी में निर्माणाधीन एनएच के दौरान, तहसील, ब्लॉक, कृषि, उद्यान और आधार केंद्र जाने वाले लिंक रोड से संपर्क टूटने का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। सोमवार को एनएचएआई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

एनएचएआई के अधिकारी साइट इंजीनियर सुशील कुमार ने मौका देखा तथा खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा से इस बारे चर्चा की। साइट इंजीनियर सुशील कुमार ने बताया कि तहसील के लिए रैंप बनाकर दोपहिया वाहन पहुंचने की व्यवस्था कर दी गई है जबकि विकास खंड कार्यालय के लिए भी विकल्प तलाशा जा रहा है। वहीं, खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा ने उच्च अधिकारियों से बात कर लोगों को आ रही दिक्कतों के बारे अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि लिंक रोड टूटने से ब्लॉक कॉम्प्लेक्स में दो गाड़ियां फंस गई हैं, जिन्हें निकालना मुश्किल हो गया है।



बुजुर्गों को बड़ी मुश्किल से रोड पार करवाया जा रहा है।

**क्या कहते हैं सुपरवाइजर**

**एनएच** निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि तहसील और ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाले लिंक रोड के लिए जल्द ही व्यवस्था की जा रही है। तहसील कार्यालय तक रैंप बना दिया गया है।

### बुजुर्गों को आ रही सबसे अधिक परेशानी

टौणी देवी में टूटे लिंक रोड के कारण लोगों की मजबूरी यह है कि बुजुर्गों को व्हील चेयर पर उठाकर कर इन कार्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। लोगों को तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। टपरे पंचायत की पूर्व प्रधान रजनीश कुमारी चौहान ने कहा है कि लोग लिंक रोड टूटने से परेशान हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि लोगों की दिक्कतें निर्माण कंपनी जल्द दूर करे। ग्राम पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने कहा कि निर्माण कार्य के चलते पानी की मेन पाइपलाइन उहल रोड पर तोड़ दी गई है जिससे करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। आधार केंद्र सहित टौणी देवी में पांच से अधिक महत्वपूर्ण कार्यालयों तक पहुंच पाना मुश्किल हो गया है।

# निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही संगठन में मिलेगी तरजीह

## जिलाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्षों के साथ की बैठक, परिचय बैठक में सभी 10 मंडलाध्यक्ष पहुंचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



बैठक के बाद जिला अध्यक्ष के साथ सभी मंडल अध्यक्ष

भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सोमवार को नवनियुक्त जिला के सभी 10 मंडल अध्यक्षों के साथ परिचय बैठक आयोजित की, जिसमें सभी मंडल अध्यक्ष पहुंचे हुए थे। संगठन की गतिविधियों और जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी इस बैठक में काफी देर तक चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा भी मौजूद रहे। मंडल अध्यक्षों से परिचय करने के बाद जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने ने बताया कि जिले की तरफ से एक खाका तैयार किया गया है, जिसके मुताबिक पार्टी को आगे किस स्तर पर ले जाना है और कैसे-कैसे इसके लिए काम होना है, इसकी सारी चर्चा की गई। बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए सभी मंडल अध्यक्षों को झुटने के लिए कहा गया और यह भी कहा गया कि ग्राम केंद्रों का भी पुनर्गठन होना है।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष इस बात का खास ख्याल रखें की जिन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की वजह से पार्टी का ढांचा मजबूत हुआ है, जिन्होंने इसे सींचा है, उनकी नजरअंदाजी न हो। ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करके उनका मान-सम्मान बढ़ाया जाए और पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए उनके अनुभव का लाभ हम सभी को लेना है। इसमें कतई भर भी चूक हम लोगों से ना हो, इस पर फोकस करना है।

जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों को यह भी कहा है कि जो भी हमारे भाजपा के विधायक हैं या हमारे जो प्रत्याशी रहे हैं, वे 15 दिनों में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रेस वार्ता के जरिए कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जग जाहिर करें, ताकि हमारी आम जनमानस भी कांग्रेस की इन नाकामियों से अवगत हो सके। ठाकुर ने यह भी कहा कि जो भी हमारे मंडल स्तर पर कार्यकारिणी का गठन होना है, उसमें उन्हीं लोगों को स्थान मिले, जो पार्टी के लिए समर्पित हों और जो पार्टी के लिए समय दे सकते हों। जिस तरह से हमारे आगामी कार्यक्रम रहते हैं, उसमें से हमारे छह प्रमुख कार्यक्रम साल भर में पार्टी के होते हैं, उनके लिए भी मंडल स्तर और जिला स्तर पर उन कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए एक-एक प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी।

ठाकुर के अलावा संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित शर्मा और अजय रिंटू सभी 10 मंडलों के अध्यक्ष, होशियार सिंह, गजन राम शर्मा व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा मौजूद रहे।

# लगातार 22 घंटे के कार्य के बाद खत्म हुई बारीं मंदिर के पास की चढ़ाई

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**



नेशनल हाईवे-3 पर मुसीबत बनी बारीं मंदिर के पास की चढ़ाई अब समाप्त हो गई है। करीब अढ़ाई वर्ष से शुरू हुए निर्माण कार्य के बाद रविवार रात्रि को नई बनाई गई लेन से ट्रैफिक खोल दिया गया।

बता दें कि हमीरपुर से मंडी वाया आवाहदेवी, सरकाघाट, धर्मपुर नेशनल हाईवे नंबर तीन पर बारीं मंदिर के पास की चढ़ाई एक अहम चुनौती बनी हुई थी। तंग सड़क, चढ़ाई और तीखे मोड़ के चलते यहां कई एक्सीडेंट हो चुके हैं। लगातार यहां जाम की स्थिति बनी हुई थी। निर्माण कंपनी को करीब तीन सौ मीटर के इस स्ट्रेच को शीघ्र खोलने का दबाव बना हुआ था। निर्माण कंपनी के मालिक के आने के बाद इस टारगेट को निश्चित समय पर पूरा किया गया। निर्माण कंपनी ने रविवार सुबह कार्य आरंभ किया और 22 घंटे की लगातार कार्रवाई के बाद बारीं की चढ़ाई को समाप्त कर नई सड़क लेन खोल दी।

ग्रामीणों हंस राज, जयराज, देश राज, दलजीत, हरबंस, सुरजीत, बलवंत सिंह, रघुबीर सिंह ने कहा है कि निर्माण कंपनी अगर पिछले दो साल से इसी गति से काम करती तो लोगों को इतनी परेशानी का सामना न करना पड़ता।

### भर्ती रैली के चौथे दिन लगभग 240 युवाओं ने पास किया फिजिकल टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को हमीरपुर जिले की तहसील ढटवाल (बिझड़ी) और जिला ऊना की तहसील ऊना तथा अंब के युवाओं का टेस्ट हुआ। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि सोमवार के लिए कुल 592 युवाओं को कॉल लैटर भेजे गए थे। इनमें से लगभग 530 युवा फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे। लगभग 275 युवाओं ने 1600 मीटर की दौड़ क्लीयर की। अन्य फिजिकल टेस्टों के बाद सोमवार को लगभग 240 उम्मीदवार मेडिकल जांच के लिए चयनित हुए।

# मीरपुर में पेड़ कटान पर सख्ती, बिना अनुमति नहीं कटेंगे पेड़

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में वन विभाग ने पेड़ कटान को लेकर सख्ती बरतते हुए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब बिना विभागीय अनुमति के किसी भी प्रकार के पेड़ नहीं काटे जा सकेंगे। केवल कुछ विशेष प्रजातियों जैसे बांस, रसीली, पोपलर, जपानीतूत और सफेदा के पेड़ों के कटान की अनुमति दी गई है। अन्य सभी प्रकार के पेड़ों को काटने के लिए फॉरेस्ट विभाग से पूर्व में मंजूरी लेनी अनिवार्य होगी। वन विभाग ने निजी स्वामित्व वाली भूमि पर भी पेड़ कटान के

**फॉरेस्ट विभाग ने जारी किए नए निर्देश, निजी जमीन पर भी कटान की सीमा तय**

नियम लागू किए हैं। अब कोई भी व्यक्ति अपनी निजी भूमि से एक वर्ष में केवल तीन पेड़ ही काट सकता है।

यदि इससे अधिक पेड़ काटने की आवश्यकता होती है, तो उसे विभाग से अनुमति प्राप्त करनी होगी। बिना अनुमति के तीन से अधिक पेड़ काटने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने कटान के साथ-साथ लकड़ी के परिवहन को लेकर भी सख्त नियम बनाए हैं। लकड़ी को ट्रक या अन्य साधनों से सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच ही ले जाया जा सकता है।

यदि कोई व्यक्ति रात के समय लकड़ी का परिवहन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और ट्रक का चालान काटा जाएगा। वन विभाग द्वारा उठाए गए इन सख्त कदमों का उद्देश्य जिले में अवैध कटान को रोकना और हरित आवरण को बनाए रखना है। (अनंत ज्ञान)

### वन विभाग की अपील

हमीरपुर फॉरेस्ट विभाग के रेंज ऑफिसर अजय चंदेल ने जानकारी देते हुए कहा कि ये कदम जिले के पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इन नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार के पेड़ कटान से पहले विभाग से अनुमति प्राप्त करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राजनीति** दो खेमों में बंटा जिला राजनीति का माहौल, अब जिला कार्यकारिणी पर नजरें, बदलाव के रंग में दिखी नेताओं की रणनीति

# मंडल संगठनात्मक ढांचे में 'अपनी डफली, अपना राग' काबिज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में भाजपा के भीतर मंडल राजनीति में 'अपनी डफली अपना राग' आखिर काबिज हो ही गया। स्थानीय नेताओं को कई जगह अपना ताना-बाना बुनने में पूरी मशक्कत करनी पड़ी, कहीं आधी अधूरी, लेकिन जो भी हुआ, एक चीज की चमक अब दिखने लगी है कि भाजपा का कुनबा नए माहौल में ढलने लगा है। अच्छे खासे घमासान के बाद मंडल राजनीति में अध्यक्षों की ताजपोशी के बाद अब इसके नफे-नुकसान पर भी चर्चा शुरू हो गई है। पार्टी की भीतरी गुटबाजी का आधार धूमल और नड्डा खेमों के दरमियान बंटा हुआ है।

दरअसल बिसात तो आगामी विधानसभा चुनावों की इन संगठनात्मक चुनावों के बहाने बिछाने का प्रयास हुआ है क्योंकि मंडल राजनीति परंपरागत नेताओं और आए हुए नए नेताओं के लिए अलग-अलग ढंग से महत्वपूर्ण हो चुकी है। इसलिए मंडलों के अध्यक्षों का चुनाव उनकी उम्मीदों पर कितना खरा उतरा और कितना नहीं, इस



पर परंपरागत भाजपा के दरमियान ज्यादा चर्चा हो रही है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में हालात पर नए माहौल में कांग्रेस से आए पूर्व विधायक और ऑपरेशन लोटस के मुखिया कहे गए राजेंद्र राणा ने काबू पाने में कुछ देर तो लगाई, लेकिन मंडल अध्यक्षों की तैनाती के मामले में उन्होंने हालात को काबू में रखा।

यहां असल समस्या यह है कि फिलहाल भाजपा से पिछले चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे कै. रणजीत सिंह कांग्रेस में जाकर उपचुनाव में विधायक बने हैं। लिहाजा यहां इस विधानसभा क्षेत्र में वोटरों का घालमेल अजीबो गरीब मरहले में है।

### पुरानी और नई भाजपा का मिश्रण किस करवट बैठेगा, इंतजार शुरू

**अब** देखना यही है कि जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी को लेकर भाजपा के कुनबे को किस सूत्र में बांधने में कामयाब होते हैं। उनका तो तुजुर्बा जिला भाजपा के पदाधिकारी के रूप में शुरू से ही बेहतर रहा है, लेकिन देखना यही होगा कि अन्य नेताओं की उम्मीद पर हुए अब कार्यकारिणी के निर्माण में कितना खरा उतरते हैं, क्योंकि नए आए नेता इस जिला की राजनीति में नए घोड़े की सवारी पर हैं। इसलिए पुरानी भाजपा और नई का यह मिश्रण किस करवट बैठेगा, इसका इंतजार शुरू हो गया है।

अब क्योंकि अगले चुनाव तक भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में राजनीति के लिए समय लंबा है, इसलिए यहां नेताओं को बच-बचकर ही चलना पड़ेगा। राणा ने कुछ दिन पहले सेना दिवस पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर एक बार फिर राजनीति में अपनी अलग 'धार' को दम दिखाने की हामी भरी है।

हमीरपुर मंडल की राजनीति में इस बार मुकम्मल तौर पर फिर बदला हुआ है। मतलब साफ है कि यहां हालात बदल चुके हैं। परंपरागत नेताओं के लिए यहां अब ज्यादा जगह कहीं दिखती हो, ऐसा नजर नहीं आ रहा। हालांकि अभी भी अपनी मौजूदगी के एहसास को करवाने के लिए दम तो भर रहे हैं, मगर विधायक आशीष शर्मा ने मंडल अध्यक्षों के चुनाव में परंपरागतों की हरेक 'चाल' में खुद को अलग साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने एक चीज का एहसास निश्चित रूप में करवाया है कि अब परिस्थितियों बदल चुकी हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति नई रणनीति के हिसाब से चलेगी।

नादौन की मंडल राजनीति में विजय अग्निहोत्री की मौजूदगी बरकरार रही है। यही वजह रही कि जिला स्तर के चुनाव के समय ही उन्होंने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी थी और मंडल राजनीति में परंपरागत नेताओं के प्रभाव को उन्होंने आधार नहीं बनने दिया। भोरंज की राजनीति में पहले ही परिस्थितियों ने अपना रंग दिखा दिया था। लिहाजा उस क्षेत्र की राजनीति में पिछले विधानसभा चुनावों के समय से ही जो टेड़ापन आ चुका है। वह अब कब सीधा होगा? इसके लिए मंडल की राजनीति का ज्यादा प्रभाव पड़ेगा, ऐसा दिख नहीं रहा। वहां दो पूर्व विधायक कमलेश कुमारी और डॉ. अनिल धीमान अपने-अपने हिसाब से क्षेत्र की पार्टी राजनीति में सक्रिय हैं।

बड़सर की राजनीति में एक बात क्लीयर हो गई है कि मौजूदा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल किसी से भी ज्यादा पंगा लेने की स्थिति में नहीं दिख रहे। हालांकि वहां एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर खूब हो हल्ला हुआ था। मगर उसके रुके हुई प्रक्रिया को ही आगे अंजाम दिया गया और उसमें विधायक की सहमति की वजह से ही यशवीर पटियाल के नाम पर मुहर लगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### संजीवनी सहारा समिति ने इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने डिस्वाणी गांव के मनोज कुमार के पिता के ईलाज के लिए 5000 रुपए की आर्थिक सहायता की है। उल्लेखनीय है कि मनोज कुमार के पिता पिछले लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर आईजीएमसी शिमला में आईसीयू में उपचाराधीन है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि समिति आने वाले समय में भी असहाय, जरुरतमंद व बीमार लोगों की आर्थिक मदद करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)



### इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेगी पीजी कॉलेज सीमा की थियेटर टीम

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पीजी कालेज सीमा की थियेटर टीम इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा पंजाब विश्वविद्यालय में एक फरवरी से पांच फरवरी तक आयोजित होगी। सीमा कालेज की टीम में 15 छात्र शामिल होंगे। कालेज में ग्रुप-4 के इंचार्ज रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि कालेज की थियेटर टीम ने वर्ष 2024-25 के इंटर कालेज ग्रुप-4 की हास्य नाटिका स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया था, जिसके बाद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने इस बार हास्य नाटिका को इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर भेजने का निर्णय लिया है। कालेज की प्राचार्य डा. ललिता रावत ने बताया कि कालेज के छात्र सभी गतिविधियों में आगे रहते हैं। कालेज की थियेटर टीम इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर प्रदर्शन करेगी।

### आरोप मढ़ने के बजाय परिवार से माफी मांगे सरकार : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा है कि सुक्खू सरकार की नाकामियों के परिणाम अब दिखने लगे हैं। सुक्खू सरकार द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को जिस तरीके से तबाह किया गया है उसका परिणाम अब प्रदेश के सामने है, लेकिन दुख इस बात का है कि उन अव्यवस्थाओं की कीमत प्रदेश के लोगों को चुकानी पड़ रही है, सरकार को नहीं। एक बेटी के सर से पिता का साया छीनने वाली सरकार अभी भी अपनी नाकामी को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है, अस्पताल में इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था और सरकार समय से इंजेक्शन उपलब्ध नहीं करवा पाई, यह मानने को तैयार नहीं है। सरकार के पास मौका है अपनी इस नाकामी के लिए पीड़ित परिवार से माफी मांग ले और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करके इस पाप का प्रायश्चित करे।

### पौलिया पंचायत में शरारती तत्वों ने घास और पौधे जला डाले

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** रविवार रात ग्राम पौलिया पंचायत के लथटाडी गांव एक अग्निकांड में साढ़े चार टोली घास और दो दर्जन फलदार पौधे झुलस कर नष्ट हो गए । लथटाडी निवासी अमर लथटा ने बताया कि वह अपने परिवार सहित कमरे में बैठे थे । इस दौरान जब वह घर से बाहर निकले तो उन्होंने अपने घर से थोड़ी दूरी पर पशुओं के लिए आगामी समय के लिए एकत्रित करके रखे घास से लपटें उठती देखी । रविवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे इन टोलियों से अचानक लपटें उठनी शुरू हो गई । लपटें उठती देख समीप के लथटाडी, मखरांड़ली और टिकरी गांव के दर्जनों लोगों ने एकत्रित होकर आग बुझाने की कोशिश की परन्तु लोगों की कोशिश सफल नहीं हो पाई । ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर 50-60 पूला घास का बचा लिया था, परन्तु सोमवार को सुबह करीब चार बजे एक बार फिर से चिंगारी भड़क उठी एवं बचाया गया घास भी आग की भेंट चढ़ गया ।

### केंद्र से हिमाचल प्रदेश को लगातार भरपूर मदद मिल रही : कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला से भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि केंद्र से हिमाचल को लगातार भरपूर मदद मिल रही है, पर कांग्रेस के मंत्री एवं नेता केवल मात्र केंद्र सरकार को बेवजह कोसने का नकारात्मक कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राजस्व घाटे के लिए राज्य को मुआवजा के रूप में केंद्र सरकार 50 करोड़ 93 लाख रुपए मिले है, इसी प्रकार पूंजीगत व्यय में राज्य को विशेष सहायता हेतु योजना के अंतर्गत हिमाचल को 1050.25 करोड़ प्राप्त हुए है। फिर भी प्रदेश सरकार ने एक बार भी केंद्र सरकार का धन्यवाद नहीं किया है, अगर हम बात करें तो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हिमाचल को केंद्र से 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त होती है और सरकार इस विषय पर मौन रहते है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह मौन व्रत इसलिए लिया है क्योंकि वह केवल जनता को गुमराह करना चाहती है, केवल मात्र झूठे आंसू बहा कर कांग्रेस पार्टी जनता के सामने लाचार बनना चाहती है। नंदा ने कहा कि अकेले कैम्पा फंड के अंतर्गत हिमाचल को इस वर्ष दो किश्तों में 746.84 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से प्राप्त हुए है।


### गुम्मा-बाघी सड़क के तितरी क्यार और कोठी में बने स्थायी पुल

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** उबादेश क्षेत्र के ग्रामीणों ने गुम्मा बाघी सड़क में तितरी क्यार और कोठी में स्थाई पुलों के निर्माण की मांग की है। भाजपा नावर-कोटखाई अध्यक्ष सुंदर डोगरा का कहना है कि तितरी क्यार में 2016 में स्थाई पुल ढह गया था, जिस कारण दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा के संघर्ष उपरांत फौरी तौर यहां पर वैकल्पिक बेली ब्रिज का निर्माण किया गया था। बाघी, कलबोग, नगान, क्यारवी, रामनगर, चौगन कुल्टी, घुंडा बड़ेच, रावलाक्यार, हिमरी पंचायतों के साथ-साथ पुडग, पनोग, पराली खनेटि उपरोक्त सभी पंचायतों के लोगो का आवागमन इसी पुल से होता है। तथा रामपुर, नारकड़ा और रोहड़ू क्षेत्र के वाहन भी काफी संख्या में यहा से गुज़रते है। डोगरा ने कहा कि प्रतिवर्ष सात से आठ लाख सेब पेटियों की आवाजाही इसी पुल से हो रही है। बेली ब्रिज की नौ टन तक भार उठाने की क्षमता है, जिस कारण इस पुल पर भारी भरकम गाड़ियों की आवाजाही नहीं हो पा रही, जिससे बागवानों को सेब सीजन के दौरान अधिक दिक्क तों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# वीकेंड पर शिमला में घटे पर्यटक

## इन दिनों शिमला में कम पहुंच रहे पर्यटक, होटलों में ऑक्यूपेंसी में भी आई कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला में इस वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या काफी कम रही। ऐसे में अब होटलों में ऑक्यूपेंसी भी घट गई है। इन दिनों कुंभ के मेले के चलते भी हिमाचल में पर्यटक कम रुख कर रहे है।

ऐसे में आजकल कारोबारियों का कारोबार भी कम हुआ है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी और पहाड़ों की रानी शिमला में रविवार की बाद सोमवार को भी दिन भर धूप बादलों के साथ लुकाछुपी करती नजर आई। बाहरी राज्यों से आए सैलानियों के साथ स्थानीय लोग रिज और मालरोड पर गुनगुनी धूप का मजा लेते दिखे। हालांकि इस वीकेंड मौसम विभाग ने बर्फबारी की संभावना भी जताई है।

ऐसे में अगर बर्फबारी होती है तो फिर पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। चंडीगढ़ से आए सैलानी अमन ने बताया कि यहां बर्फबारी की आस लेकर शिमला आए थे। हालांकि बर्फबारी तो देखने के लिए नहीं मिली, लेकिन वह खूबसूरत मौसम का मजा जरूर उठा रहे हैं। मनाली में बर्फबारी का अलर्ट इंटरनेट पर देखा है। ऐसे में अब वे शिमला के बाद मनाली का रुख कर रहे हैं।

उम्मीद है कि मनाली में तो बर्फबारी देखने के लिए मिल ही जाएगी। शिमला आना तो लगा रहता है, लेकिन मनाली आज पहली बार जा रहे हैं। वहीं हिमाचल के साथ जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में काम करने वाले ट्रैवल एजेंट नरेन शाही ने बताया कि इस वीकेंड़ पर सैलानियों की भीड़ कुछ कम है। इसकी एक बड़ी वजह प्रयागराज में हो रहा महाकुंभ भी है। सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ ऐतिहासिक है। ऐसे में आने वाले हफ्तों में भी भीड़ तुलनात्मक तौर पर कम रहने की ही संभावना है।

फिलहाल, पड़ोसी राज्यों से सैलानी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। बता दें कि बर्फबारी के बाद राज्य में सैलानियों की संख्या में इजाफा देखा जा सकता है। लक्कड़ बाजार में दुकान चलाने वाले शुभम धीमान ने बताया कि बीते महीने के मुकाबले इस महीने भीड़ कुछ कम देखे जा रही है। पहले शिमला विंटर कार्निवाल के दौरान सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। तभी बाहरी राज्यों से आए लोगों ने स्टाल लगाकर खूब कमाई की। इसका नुकसान स्थानीय दुकानदारों को झेलना पड़ता है।

## पंजाब में फिल्म बैन पर बोली कंगना–'कुछ चुनिंदा लोगों ने यह आग लगाई हुई है'

**अनंत ज्ञान, शिमला**



मंडी से भाजपा की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' सिनेमाघरों में लगी है, जो देश में लगे आपातकाल की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म देखकर लौट रहे दर्शक कंगना की अदाकारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री की यह फिल्म पंजाब में रिलीज नहीं हुई है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।

कंगना रनौत ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही पंजाब में फिल्म को रिलीज नहीं किए जाने पर दुख भी जताया है। कंगना कहती दिखी हैं, 'दोस्तों मैं जी स्टूडियो और मणिकर्णिका और फिल्म के हर सदस्य की तरफ से आपका आभार व्यक्त करती हूं। आपने इतना प्यार और इज्जत दी, उसके लिए मेरे पास शब्द ही नहीं हैं, लेकिन मेरे दिल में अभी भी कुछ दर्द है।'

कंगना ने कहा, 'पंजाब! इंडस्ट्री में ऐसा कहा जाता था कि पंजाब में मेरी फिल्में सबसे अच्छी परफॉर्म करती हैं। और आज एक दिन है जब पंजाब में मेरी फिल्म को रिलीज तक नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे ही कुछ हमले कनाडा और ब्रिटेन में भी किए जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा लोगों ने यह आग लगाई हुई है और इस आग में हम और आप जल रहे हैं। दोस्तों मेरी फिल्म, मेरे विचार और मेरा देश के प्रति क्या लगाव है वो इस फिल्म से प्रदर्शित होता है। आप यह फिल्म देखकर खुद निर्णय लीजिए। क्या यह फिल्म हमें जोड़ती है या तोड़ती है? मैं बस और नहीं कहूंगी। जय हिंद धन्यवाद।'

# सीटू ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व सचिव का किया घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कवंर व सचिव राजीव कुमार का शिमला के परिमहल स्वास्थ्य परिसर में घेराव किया, जिसका नेतृत्व सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मैहरा, महासचिव प्रेम गौतम, उपाध्यक्ष जगत राम, निर्माण फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार, महासचिव भूपेंद्र सिंह ने किया। घेराव में अमित कुमार, राजेश ठाकुर, रंजन शर्मा, चमन ठाकुर, बालक राम, दलीप सिंह, गुरदास वर्मा, राजेश तोमर, विरेंद्र लाल, नोख राम, पूर्ण चंद, निशा, उमा, वंदना, दिनेश काकू, ललित, राजकुमार, दिनेश मेहता, राजपाल भंडारी, चंद्रपाल पिंकू, प्रदीप कुमार, अंकुश कुमार, ओमप्रकाश, हेमराज, प्रेम प्रकाश, केशव, सहित सैकड़ों मजदूर शामिल रहे। यूनियन ने बोर्ड पदाधिकारियों का घेराव 47वीं बोर्ड बैठक जो कुसुमटी के परीमहल स्थित स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षण संस्थान में होना तय थी, तो बैठक स्थल के प्रवेश द्वार पर यूनियन के पदाधिकारी व सैकड़ों मजदूरों ने उनका घेराव कर दिया और उन्हें मांगपत्र सौंपा तथा मांगो को एक महीने के अंदर पूरा करने के आश्वाशन के बाद उन्हें अंदर मीटिंग में जाने दिया गया।

मनरेगा एवं निर्माण यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जोगिंद्र कुमार तथा राज्य महासचिव एवं बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के समय में गठित बोर्ड के दो साल हो गए हैं और आज उसकी 7वीं बैठक हो रही है, लेकिन इन दो सालों में मजदूरों के कल्याण के लिए कम और उनके कानूनी अधिकार छिनने का काम ज्यादा किया गया है और बोर्ड में एक लाख से ज्यादा मज्दूरों की 500 करोड़ रुपए की वित्तिय सहायता गैर-कानूनी तौर पर रोकी गई है जबकि अधिकारियों के यात्रा भत्तों, गाड़ियों व सैर सपाटे पर ही इस दौरान खर्च किया गया है।

यूनियन मजदूरों की वित्तिय सहायता जारी करने की मांग दो साल से लगातार उठा रही है और बोर्ड बैठकों में भी यूनियन प्रतिनिधि मांग उठाते रहे हैं और निर्णय होने के बाबजूद बोर्ड के अध्यक्ष व अधिकारी उनको लागू नहीं कर रहे हैं और हर मीटिंग में नया एजेंडा लेकर आते हैं और पिछलों को भूल जाते हैं। अक्तूबर माह में आयोजित गत 46वीं बैठक में 31 दिसंबर तक पचास प्रतिशत लंबित लाभ जारी करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन उस पर कोई एक्शन नहीं किया गया और आज की मीटिंग में तो इसे एजेंडे में ही नहीं रखा गया है और न ही ऐक्टन टेक्टन रिपोर्ट में इसका उल्लेख है।

## धूमधाम से मनाया जाएगा उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल के तहसील ग्राउंड में हर साल की भांति इस साल भी उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की सफलता को लेकर प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। आयोजन को लेकर एसडीएम चौपाल कार्यालय के मीटिंग हॉल में एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस का आयोजन तहसील मैदान चौपाल में किया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजनों की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए।

## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बिहार विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में सम्मेलन के आरंभ होने से पूर्व अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी की स्थायी समिति की बैठक लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कुलदीप सिंह पठानिया इस समिति के स्थायी सदस्य हैं। पठानिया ने इस बैठक में भाग लेकर समिति के आगामी कार्य, मों तथा क्रिया-क्लापों पर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। समिति की बैठक सम्मेलन के आरंभ होने से पूर्व आयोजित की जाती है जिसमें समिति के आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की जाती है। पठानिया ने कहा कि हमें समिति को सशक्त करने की आवश्यकता है तथा सभी को आपसी समन्वय बनाकर समिति के कार्यों को गति प्रदान करनी होगी। पठानिया ने कहा कि पीठासीन अधिकारी सम्मेलन एक ऐसा सांझा मंच है जहां हम सभी राज्य के प्रतिनिधि एक स्वर में देश को संगठित करने तथा विचारों की एकरूपता बढ़ाने का कार्य कर सकते हैं।

पठानिया ने कहा कि किसी राज्य का नागरिक होने से पहले हम भारतीय हैं। यदि लोकतंत्र तथा संसदीय प्रणाली मजबूत होगी तो देश भी अपने आप मजबूत होगा। हम सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर इस मंच के माध्यम से संसदीय प्रणाली, विधान मण्डल तथा विधान परिषद को मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## जाह्नवी शर्मा से अपने आवास पर मिले जयराम ठाकुर, व्यक्त की संवेदना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला स्थित अपने आधिकारिक आवास पर जाह्नवी शर्मा से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार की लापरवाही की वजह से जाह्नवी के पिता की जान गई है और अब सरकार अपनी नाकामी स्वीकार करने की बजाय पीड़ित परिवार पर ही आरोप लगाकर और भी बड़ा पाप कर रही है। एक बेटी के सर से पिता का साया उठ गया है और सरकार उस पर भी घटिया राजनीति कर रही है।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल कह रहे हैं कि इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था आगे से ऐसा न हो इसके लिए इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। सरकार दूसरी तरफ विभाग से बयान जारी करवा कर साबित करना चाह रही है कि पीड़िता इंजेक्शन लेने ही नहीं आई और सरकार द्वारा इलाज पर पैसा खर्च किया गया।



## पैराग्लाइडिंग पर्यटन के उद्योग से कमियों को दूर किया जाए : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सब प्रकार की पर्यटन की आपार संभावनाएं है। पिछले कुछ वर्षो से पैराग्लाइडिंग हिमाचल पर्यटन के लिए एक वरदान लेकर आया है। बीड बिलिंग में तो बहुत अधिक विकास हो रहा है। अच्छे बड़े होटल बने है। हर वर्ष विश्वभर के देशों से पायलट आते है। उन्होंने कहा है कि यह दुर्भागय की बात है कि सरकार की ओर से उचित प्रशिक्षण और उचित समान की व्यवस्था न होने के कारण हिमाचल के तेजी के साथ बढ़ते पैराग्लाइडिंग उद्योग को हानि पहुंच रही है। पिछले पांच वर्षों में पैरालाइडिंग दुर्घटनाओं में लगभग 30 लोगों की मृत्यु हुई। इसकी पूरी जिम्मेदारी हिमाचल सरकार पर है।

शांता कुमार ने कहा पिछले कई वर्षों से उचित प्रशिक्षण देने के लिए कई करोड़ रुपए का भवन बन कर तैयार है परंतु प्रशिक्षण देने का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पैराग्लाइडिंग पर्यटन के उद्योग में सब प्रकार की कमियों को अतिशीघ्र दूर किया जाए। यह उद्योग हिमाचल के लिए एक वरदान सिद्ध हो सकता है।

## सुन्नी में 'हिमाचलो री शान' राज्य पुरस्कार समारोह 25 जनवरी को

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

राष्ट्रीय संस्था हिमाचल एकता मंच फाउंडेशन द्वारा बेटियां फाउंडेशन के सहयोग से 'हिमाचलो री शान' राज्य पुरस्कार समारोह का आयोजन शिमला ग्रामीण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष दीप लाल भारद्वाज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुषमा गायत्री ने बताया की 25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस के उपलक्ष्य पर शिमला के सुन्नी में राज्य पुरस्कार समारोह आयोजन किया जा रहा हैं।

इस दौरान हिमाचल सहित सुन्नी क्षेत्र के समाजसेवक, समाजसेवी संस्था, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह, शिक्षा, संस्कृति, खेल जगत, स्वास्थ्य, अन्य विभागों, मॉडल, गायक, म्यूजिक डायरेक्टर, मार्श आर्ट, डांसर, कल्चर प्रमोटर, कॉमेडीयन तथा अन्य क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभुतियों को 'हिमाचलो री शान' राज्य पुरस्कार दे कर सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कुंभ परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति का हृदय : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के दौरान आयोजित 'भारत की गौरवशाली गाथा-आत्म-संदेह की बेड़ियों को तोड़ते हुए' विषय पर आयोजित व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित करते हुए कहा कि कुंभ परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति का हृदय है।

यह न केवल धार्मिक बल्कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक समृद्धि का भी स्रोत है। उन्होंने कहा कि कुंभ का मंच भारतीय सभ्यता की अलौकिक महिमा को पहचानने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम भी है। शुक्ल ने कहा कि कुंभ केवल नदियों का संगम नहीं, बल्कि विचारों और संस्कृति का भी संगम है।

**तैयारियां** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे नव पंजीकृत युवा मतदाता को सम्मानित

# गेयटी थियेटर में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन संबंधी तैयारियों के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस- 2025 का आयोजन ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल, शिव प्रताप शुक्ल करेंगे।

उन्होंने कहा कि 62-कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र, 63-शिमला विधानसभा क्षेत्र तथा 64-शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से 3-3 नव पंजीकृत युवा मतदाताओं को मुख्य अतिथि द्वारा ईपीआईसी से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ साथ एसएसआर (विशेष पुनरीक्षण)-2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में से शिमला जिले के 3 बीएलओ को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समारोह में लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान करने वाले एक एक वरिष्ठ नागरिक मतदाता, दिव्यांग मतदाता और ट्रांसजेंडर मतदाता को भी सम्मानित किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान हिमाचली नाटी एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक स्किट का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही जिला चुनाव युवा आइकन एवं हिमाचली लोक गायक पंकज ठाकुर भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक करने के चुनावी प्रक्रिया से संबंधित फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## उपायुक्त ने कहा-शिमला के मंदिरों की बनेगी वेबसाइट

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शिमला जिला के मंदिरों की वेबसाइट निर्माण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि समकालीन परिस्थितियों के मध्यनजर शिमला जिला के मंदिरों की एक श्रेष्ठ वेबसाइट का निर्माण किया जाएगा। वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर से संबंधित हर प्रकार की जानकारी हासिल करने में सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन माध्यम से ही श्रद्धालुओं को वास्तविक दर्शन करने की सुविधा, भंडारा स्लॉट बुकिंग की सुविधा, चंदा, लाइव आरती दर्शन, सराय बुकिंग आदि जैसी सुविधा भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में शिमला के तीन मंदिरों को वेबसाइट में शामिल किया जाएगा, जिसमे माता तारा देवी मंदिर, संकटमोचन मंदिर एवं जाखू मंदिर को शामिल किया जाएगा। इसके पश्चात जिला के अन्य मंदिरों को भी वेबसाइट में शामिल किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि वेबसाइट निर्माण से मंदिरों में जहां पारदर्शिता बनेगी वही श्रद्धालुओं को हर प्रकार की जानकारी भी हासिल सुविधा मिलेगी।

# 10वीं-12वीं कक्षा की परीक्षा में सीरीज में अलग-अलग प्रश्न पूछेगा शिक्षा बोर्ड

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च में होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में इस बार भी एबीसी सीरीज में ही प्रश्न पूछे जाएंगे। बोर्ड ने इस शैक्षणिक सत्र में प्रश्नपत्र का पैटर्न बदलने की बात कही थी, जिसमें एक ही प्रश्नपत्र में दिए गए प्रश्नों को ए, बी और सी सीरीज में आगे-पीछे करके पूछने की बात कही थी, लेकिन मार्च में होने वाली परीक्षाओं में इस बार यह व्यवस्था नहीं होगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ मेजर विशाल शर्मा के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मार्च में होने वाली परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्रों के पैटर्न को बदलेगा। उन्होंने कहा स्कूल शिक्षा बोर्ड अब एक ही प्रश्नपत्र तैयार करेगा, लेकिन उसे ए, बी और सी सीरीज में ही परीक्षार्थियों को वितरित करेगा। इस दौरान सीरिज में आने वाले इन प्रश्नपत्रों में पूछे जाने वाले प्रश्नों को जंबल तरीके से पूछेगा। प्रत्येक सीरिज के प्रश्नपत्र में एक जैसे ही प्रश्न होंगे, लेकिन उनकी नंबरिंग में अंतर होगा। ए सीरीज में पूछे जाने वाले पहले प्रश्न को बी और सी सीरीज के प्रश्नपत्र में कहीं भी पूछे जा सकेंगे। हालांकि, उहोंने कहा इस प्रक्रिया को इस बार मार्च में होने वाली परीक्षाओं से लागू नहीं किया जा सकेगा। इस बार भी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं पहले होने वाली परीक्षाओं की तर्ज पर अलग-अलग सीरीज में अलग-अलग ही प्रश्न पूछे जाएंगे।

सचिव ने बताया कि बोर्ड की ओर से ए, बी और सी सीरीज में प्रश्नपत्र परीक्षार्थियों को उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस दौरान हर सीरीज के प्रश्नपत्र में अलग-अलग प्रश्न पूछे जाते थे।

इससे कई बार किसी सीरीज के परीक्षार्थी को बहुत ही कठिन प्रश्नपत्र मिल जाता था, तो किसी सीरीज के परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र आसान लगता था। इससे कई छात्र मायूस होते थे। छात्रों की इसी मायूसी को दूर करने के लिए शिक्षा बोर्ड ने एक ही प्रश्नपत्रों को अलग-अलग सीरीज में जंबल तरीके से प्रश्न पूछने की बात कही थी।

तान्समीक्ष्य स कौन्तेयः सर्वान्बन्धूनवस्थितान्॥
कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत्।

**भावार्थः** उन उपस्थित संपूर्ण बंधुओं को देखकर वे कुंती पुत्र अर्जुन अत्यंत करुणा से युक्त होकर शोक करते हुए यह वचन बोले॥



# भारत की धार्मिक विरासत का प्रतीक और संस्कृति का दर्पण
# महाकुंभ मेला



महाकुंभ मेला एक ऐसा आयोजन है, जो आस्था, परंपरा और आध्यात्मिकता को दिखाता है। यह मेला हर 12 साल में प्रयागराज में आयोजित होता है। महाकुंभ मेला न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पक्ष भी उतना ही रोचक और प्रेरणादायक है। हालांकि, अगर हम इससे जुड़े तथ्यों की बात करें तो न जानें कितनी ऐसी बातें हैं जिनके बारे में हमें आज भी सही जानकारी नहीं है। एक ऐसा ही सवाल है जो मानस पटल पर अंकित है, वो है महाकुंभ की शुरुआत कब और कहां हुई? आखिर पहली बार कब होगा महाकुंभ मेला लगा होगा? धर्म की इस अनमोल विरासत की इस पर पौराणिक और ऐतिहासिक दोनों तरह की मान्यताएं हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश से गिरती बूंदों के कारण कुंभ मेले से जुड़े विशेष स्थलों हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज को विशेष महत्व मिला। वहीं, ऐतिहासिक दृष्टि से महाकुंभ का पहला उल्लेख प्राचीन शिलालेखों में मिलता है। आज भी लाखों लोग इस आयोजन से जुड़े कई रहस्यों और तथ्यों से अंजान हैं। जैसे, पहला महाकुंभ मेला कब और कहां आयोजित हुआ था? यह आयोजन किन ज्योतिषीय घटनाओं से जुड़ा है? महाकुंभ मेला विशेष रूप से संगम तट पर आयोजित किया जाता है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य नदी सरस्वती आकर मिलती हैं। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं और पवित्र शाही स्नान करके अपने पापों का नाश करते हैं। महाकुंभ के दौरान शाही स्नान की तिथियां विशेष महत्व रखती हैं।

*14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के दिन शाही स्नान हो चुका है। इसके बाद 29 जनवरी यानी मौनी अमावस्या को, 3 फरवरी बसंत पंचमी को, 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को भी शाही स्नान आयोजित होंगे। इन तिथियों पर संगम में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। जो लोग अभी तक प्रयागराज नहीं जा सके हैं, उनके पास अब भी जाने का मौका है।*


## कब और कहां लगा था सबसे पहले महाकुंभ मेला

**महाकुंभ** मेला के इतिहास से जुड़े कई रोचक पहलू हैं, जो इसे एक अद्वितीय सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन बनाते हैं। पौराणिक मान्यताओं की मानें तो महाकुंभ मेला की शुरुआत सतयुग से हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि इसका आधार समुद्र मंथन की उस कथा में है, जहां अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक पर गिरी थीं।

*महाकुंभ मेला की ऐतिहासिक शुरुआत को लेकर प्राचीन ग्रंथों में सटीक जानकारी नहीं मिलती है। कई ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है, लेकिन इनमें मेले के पहले आयोजन के समय और स्थान को लेकर स्पष्टता नहीं है। वहीं, हर छह साल में अर्धकुंभ का आयोजन होता है। महाकुंभ का पहला उल्लेख प्राचीन शिलालेखों में देखने को मिलता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और सभ्यता की गहराई को भी समझा जा सकता है। महाकुंभ मेला का इतिहास आज भी कई रहस्यों से भरा हुआ है।*

## महाकुंभ का इतिहास

**महाकुंभ** का आयोजन 850 साल से भी ज्यादा पुराना है। अगर हम इसकी शुरुआत की बात करें तो इसका आयोजन सबसे पहली बार आदि शंकराचार्य द्वारा ने किया था। कुछ कथाओं के अनुसार, महाकुंभ मेले का आयोजन समुद्र मंथन के बाद से ही आरंभ हो गया था। जिन स्थानों पर भी समुद्र मंथन से निकले हुए अमृत कलश का अमृत गिरा था उसी समय से वहां एक बहुत बड़े मेले का आयोजन होने लगा। ऐसी मान्यता है कि उस स्थान की नदियों के जल में भी अमृत है और उसमें स्नान करने वाले अमृत का पान कर लेते हैं और उन्हें मोक्ष मिलता है। समुद्र मंथन के बाद ही गुरु शंकराचार्य और उनके शिष्यों द्वारा संन्यासी अखाड़ों के लिए संगम तट पर शाही स्नान की व्यवस्था की गई थी और तभी से अखाड़ों की नींव भी रखी गई।



## महाकुंभ मेले से जुड़ा रहस्य

**महाकुंभ** की शुरुआत समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के साथ हुई, लेकिन इससे जुड़ी एक और कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार, जब देवराज इंद्र के पुत्र जयंत कौवे के रूप में अमृत कलश लेकर जा रहे थे तो उनकी जीभ पर भी अमृत की कुछ बूंदें लग गई थी। इसी वजह से आज भी कौवे की उम्र अन्य पक्षियों की तुलना में लंबी होती है। जब जयंत अमृत कलश लेकर भाग रहे थे तो कुछ बूंदें प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार और नासिक में गिरीं जिसकी वजह से यह स्थान पवित्र स्थल बन गए और यहां महाकुंभ का आयोजन होने लगा। वहीं, उसी समय इस अमृत की कुछ बूंदें दूर्बा घास पर भी पड़ीं और उसी समय से इसे भी पवित्र माना जाने लगा और पूजा-पाठ में इसका इस्तेमाल होने लगा। यही नहीं, इस घास को भगवान गणपति की प्रिय घास माना जाने लगा।

## आखिर क्यों प्रयागराज में ही महाकुंभ का आयोजन

**प्रयागराज** में हर 12 साल बाद महाकुंभ का आयोजन होता है जिसका महत्व सबसे ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह है कि इसी स्थान पर तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। हालांकि, सरस्वती नदी विलुप्त हो चुकी है, लेकिन आज भी वो प्रयागराज में मौजूद है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति इन तीन नदियों के संगम में शाही स्नान करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी वजह से प्रयागराज के महाकुंभ का महत्व सबसे ज्यादा है।

*महाकुंभ का जिक्र न सिर्फ पौराणिक कथाओं में मिलता है, बल्कि यह इतिहास के पन्नों का एक अभिन्न हिस्सा भी है।*



## महाकुंभ में 500 पुरुषों को दी नागा संन्यासी बनने की दीक्षा

***महाकुंभ में 500 पुरुषों को नागा संन्यासी बनने की दीक्षा दी गई। महाकुंभ में महिलाओं और पुरुषों को नागा संत बनाने की प्रक्रिया रविवार को शुरू हो गई। इसी क्रम में निरंजनी अखाड़े के लगभग 500 पुरुषों को नागा संत बनाने की दीक्षा दी गई। वहीं, जूना अखाड़े ने लगभग 100 महिलाओं को नागा संत बनाया। पुरुष और महिला सभी को नागा संत बनाने के लिए प्रक्रिया में कुछ चीजें एक समान हैं। जैसे इस प्रक्रिया में दोनों का मुंडन किया जाता है, गंगा में कसमें खिलाई जाती हैं। यह पूरी प्रक्रिया कैसी है जानिए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी दास के शब्दों में...***

**रविंद्र** पुरी दास ने बताया, हमारी परंपरा है कि जब नागा संत बनते हैं तो सबसे पहले विजया हवन संस्कार कराना पड़ता है। विजया हवन से तात्पर्य यह है कि हम अपना और अपने पूर्वजों का पिंडदान करते हैं। उसके पश्चात रात को गंगा नदी में जाते हैं और वहां कसम खाई जाती है। हम 108 कसमें खाते हैं और एक मटके में गंगाजल लेकर जितनी भी कसमें खाई जाती हैं, उसी के अनुसार, गंगा नदी को जल अर्पित किया जाता है। सभी रस्में पूरी करने के बाद वह नागा संत बन जाते हैं। इस दौरान वह सनातन की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने का संकल्प भी लेते हैं। वह कभी घर नहीं जाते हैं और न ही शादी करते हैं। यही सब कसमें नागा संत बनने के बाद खाई जाती हैं। अगर कोई कसम तोड़ता है, जैसे कि अपने घर जाता है तो उसे अखाड़े से निष्कासित कर दिया जाता है।



### महिला नागा साधु कैसे बनती हैं?

**महिलाओं** के नागा साधु बनने की प्रक्रिया अत्यंत कठिन मानी जाती है। महिला नागा साधु वो होती हैं जो सांसारिक जीवन का पूरी तरह से त्याग कर ईश्वर की आराधना और कठोर तपस्या को अपनाती हैं। महिला नागा साधु बनने की पहली शर्त यह है कि वह अपना पूरा सांसारिक जीवन छोड़ दें। साध्वी को अपने परिवार, दोस्तों और सांसारिक संबंधों का पूर्ण रूप से त्याग करना होता है।



# ऐनन माता मंदिर

## मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में साक्षात विराजित हैं माता ऐनन

## मंदिर में शीश नवाने से पूरी होती हैं सबकी मनोकामनाएं





**ऐनन माता मंदिर एनएच-154 ए पर स्थित गांव नैनीखड्ड से लगभग 10 किलोमीटर एवं खैरी से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। नैनीखड्ड-खैरी मुख्य मार्ग पर स्थित इस मंदिर में भटियात, डलहौजी एवं पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों की बहुत आस्था है। इस मंदिर में मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में माता ऐनन साक्षात विराजित हैं। मां के दर्शन मात्र से ही मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इस मंदिर की सुंदरता एवं भव्यता देखने ही बनती है। एक ओर जहां झरना इस मंदिर की शोभा को चार चांद लगता है तो वहीं दो नालों का संगम भी इसकी शोभा को बढ़ाता है। जो भी माता के दरबार सच्चे मन से शीश नवाकर अपनी मनोकामना बताता है, मां उसे अवश्य पूरा करती हैं। इसे मैं अपने शब्दों में बयान नहीं कर सकता।**

**मंदिर का इतिहासः** इस मंदिर के सेवादार एवं ऐनन माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शिक्षा विभाग से सेवानिवत्त शेर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि माता भवानी श्री ऐनन जी कालका एवं मल्लमाता का इतिहास बड़ा ही दुर्लभ एवं विचित्र है। हमारे पूर्वजों एवं बुजुर्गों के अनुसार सैकड़ों सदियों पहले गुरु गोरखनाथ अपने देवी-देवताओं एवं अनुयायियों की मंडली के साथ यहां आए थे, जिन्होंने आज जहां पर मंदिर स्थापित है, वहां खड्ड के किनारे डेरा लगाया। अगले दिन जब गोरखनाथ अपनी मंदिर मंडली सहित प्रस्थान करने लगे तो मां भवानी जो गोरख मंडली का एक अहम हिस्सा थी, उन्होंने जाने से इनकार कर दिया और माता इसी स्थान पर रुक गईं। बुजुर्गों ने यह भी बताया कि जब सतयुग में यहां के आसपास गांव के लोग अपने पशु मवेशियों को चराने जाया करते थे, उस दौरान मां बच्चों के साथ खेला करती थी। कई बार बच्चों के बीमार होने या चोटग्रस्त हो जाने पर मां अपने स्पर्श मात्र से ही उन्हें ठीक कर दिया करती थी।



शेर सिंह
मंदिर कमेटी अध्यक्ष

**मनोकामना पूरी होने पर चढ़ाया जाता था त्रिशूल :** जैसे ही किसी की कोई मनोकामना पूरी होती तो मां के मंदिर में चिन्ह के रूप में एक त्रिशूल अर्पित किया जाता था। देखते ही देखते वहां लाखों त्रिशूल एकत्रित हो गए, जहां आज मंदिर स्थित है। माता ऐनन का मूल स्थान जम्मू-कश्मीर राज्य के गांव सुकराला में है। यहां से माताजी आई हैं, वहां पर उनकी मूर्ति विशेष अर्थात संगम रूपी इनका एक हिस्सा देवी कालकाजी का है तो वहीं दूसरा हिस्सा देवी मल्ल रानी का है। देवी मां मल्ल रानी और कालका जी दोनों सखी सहेलियां के रूप में हैं सुकराला वाली मां चंबा के राजा वर्मन वंश के साथ यहां आई थी। तब मां ने तत्कालीन राजा को यह वर दिया था कि हे राजन आज के बाद मैं तेरी रियासत के हर घर में माता मल्ल के रूप में पूजनीय रहूंगी और तेरी रियासत से अगर कोई कन्या दूसरी रियासत में विहाई जाएगी तो मैं उसके साथ ही रहूंगी। यह बात कहीं तक सत्य है मां माता हमारी चंबा की विवाहिता लड़कियों के साथ उनके घरों में मान्यता प्राप्त है। चंबा और चंबा से बाहर की रियासतों में मल्ल माता पूजनीय एवं श्रेष्ठ है।

*प्रस्तुति : मुकेश कुमार, डलहौजी*


### पूर्व मंत्री आशा को मां में पूर्ण आस्था

**इस** मंदिर को लेकर जब चंबा राजवंश की बहू पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक आशा कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐनन माता मंदिर क्षेत्र के सभी लोगों की आस्था का प्रतीक है। मैं साक्षात कालका मल्लमाता को कोटि-कोटि नमन करती हूं। उन्होंने मुझे इस काबिल समझा कि मैं उनकी कुछ सेवा कर सकूं। मुझे जब भी मौका मिलेगा मैं सेवा के लिए कभी भी पीछे नहीं हटूंगी।



# षटतिला एकादशी व्रत से होगी स्वर्ग प्राप्ति

**माघ मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी को षटतिला एकादशी का व्रत रखा जाता है। षटतिला एकादशी के दिन तिलों का छह प्रकार से उपयोग किया जाता है, जिसमें तिल से स्नान करना, तिल का उबटन लगाना, तिल से हवन करना, तिल से तर्पण करना, तिल का भोजन करना और तिलों का दान करना, इसलिए इसे षटतिला एकादशी व्रत कहा जाता है। जो भी व्यक्ति इस षटतिला एकादशी के व्रत को करता है, उसे तिलों से भरा घड़ा भी ब्राह्मण को दान करना चाहिए। जितने तिलों का दान वह करेगा, उतने ही हजार वर्ष तक वह स्वर्गलोक में रहेगा। माघ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को व्रत रखना चाहिए। इससे मनुष्य के सभी पाप समाप्त हो जाएंगे।**



## व्रत कथा

**एक** बार दालभ्य ऋषि ने पुलस्त्य ऋषि से पूछा कि मनुष्य कौन सा दान अथवा पुण्य कर्म करे, जिससे इनके सभी पापों का नाश हो, तब पुलस्त्य ऋषि ने कहा कि हे ऋषिवर माघ मास लगते ही मनुष्य को सुबह स्नान आदि करके शुद्ध रहना चाहिए। व्यक्ति पुष्य नक्षत्र में तिल तथा कपास को गोबर में मिलाकर उसके 108 कंडे बनाकर रख लें। माघ मास की षटतिला एकादशी को सुबह स्नान आदि से निवृत होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। व्रत करने का संकल्प करके भगवान विष्णुजी का ध्यान करना चाहिए। यदि व्रत आदि में किसी प्रकार की भूल हो जाए तब भगवान कृष्ण जी से क्षमा याचना करनी चाहिए। रात्रि में गोबर के कंडों से हवन करना चाहिए रात भर जागरण करके भगवान का भजन करना चाहिए। अगले दिन भगवान का भजन-पूजन करने के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाना चाहिए। इसके बाद व्यक्ति को ब्राह्मण की पूजा करनी चाहिए। ब्राह्मण को जल से भरा घड़ा, छाता, जूते तथा वस्त्र देने चाहिए। भगवान विष्णु ने नारदजी को षटतिला एकादशी के व्रत का महत्व बताया। षटतिला एकादशी के दिन तिल के साथ अन्य अन्नादि का भी दान करना चाहिए।

# आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होते हैं
# हस्त नक्षत्र में जन्मे जातक



**हस्त नक्षत्र में जन्मा जातक आकर्षक व्यक्तित्व का धनी होता है। नक्षत्र स्वामी चंद्रमा तो राशि कन्या इसका स्वामी बुध है। चंद्र का बुध शत्रु है। चंद्र प्रधान नक्षत्र में जन्म होने से जातक का स्वभाव शांत, भावना प्रधान दूसरों की मदद करने वाले आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होते हैं। आप में जहां चंद्र के गुण होंगे वही राशि स्वामी बुध का भी प्रभाव जीवन भर रहता है। लग्नानुसार लग्न फल भी मिलता है। चंद्र मन का कारक है। वहीं बुध ज्ञान का कारक है। कन्या राशि में जन्म होने से आप विद्वान, पढ़े-लिखे होने के साथ-साथ आपमें वाकपटुता चतुराई भी अधिक होगी। आप शर्मीले स्वभाव के होने के साथ-साथ पाला बदलने में भी माहिर होंगे।**

**नक्षत्र** स्वामी चंद्र जिन ग्रहों के साथ जिस राशि में जिस अवस्था में होगा परिणामों में भी अंतर आ जाएगा। चंद्र-गुरु के साथ हुआ तो उत्तम गजकेसरी राजयोग होने से ऐसा जातक प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी होने के साथ विद्वान, सुखी जीवन जीने वाला होगा। प्रशासनिक सेवाओं में बैंक, प्रोफेसर, शिक्षण संस्थाओं में राजनीति में भी सफल होता है। चंद्र मंगल से दृष्टि संबंध बना रहा हो तो ऐसे जातक धनी भी होते हैं। धन से संबंधित कार्यों में रुकावट नहीं आती। चंद्र सूर्य आमने-सामने हो पूर्णिमा का दिन हो तो ऐसे जातक निश्चित ही निम्न वर्ग से ऊंचा उठ जाते हैं। धन संपन्नता होने के साथ-साथ उच्च व्यापारी, अधिकारी भी हो सकते हैं। हस्त नक्षत्र में जन्मा जातक आकर्षक व्यक्तित्व का धनी होगा हस्त नक्षत्र 13वां नक्षत्र है। इस नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा है।



# मुख्यमंत्री आज कांगड़ा में रखेंगे 88.67 करोड़ के 4 प्रोजेक्ट्स की आधारशिला

## 60 करोड़ 12 लाख की लागत से बनने वाली सीवरेज स्कीम का करेंगे शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने जिला कांगड़ा के प्रवास के दौरान 21 जनवरी को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर होंगे।



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 88.67 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे कांगड़ा की ग्राम पंचायत बीरता, घुरकड़ी, ललेहड़, मटौर, नटेहड़ आदि क्षेत्रों के लिए 60 करोड़ 12 लाख की लागत से बनने वाली सीवरेज स्कीम का शिलान्यास करेंगे। वे 12 करोड़ 58 लाख 63 हजार की लागत से होने वाले देहरा अरला, गवला अंद्राड़, तरसूह, ललेहड़, बीरता, जोगीपुर, सेवकरा, नटेहड़ सड़क के सुधारीकरण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा इस दौरान 10 करोड़ 81 लाख की लागत से बिजली बोर्ड लिमिटेड 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दौलतपुर की आधारशिला भी रखी जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री सुक्खू 5 करोड़ 16 लाख लागत की उठाउ पेयजल योजना के संवर्धन के कार्य का शिलान्यास करेंगे, जिससे इच्छी, मटौर, नंदेहड़, कोटकवाला, जमानाबाद, अब्दुल्लापुर, मिहालू, जोगीबला, सहौड़ा और गगल के हजारों परिवार लाभांवित होंगे।

### एसडीएम ने लिया तैयारियों का जायजा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश का 21 जनवरी को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित है। इसी कार्यक्रम को लेकर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा सोमवार को आयोजन स्थल पर पहुंचे। यहां पहुंचकर एसडीएम कांगड़ा और डीएसपी कांगड़ा ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम कांगड़ा ने समस्त विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से पूर्व अपने सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।

### एशिया के पहले पैराग्लाइडिंग स्कूल का 25 को करेंगे उद्घाटन

**बैजनाथ।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग बीड़ बिलिंग घाटी के बीड़ में 10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार एशिया के पहले पैराग्लाइडिंग स्कूल उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2015 में खेल मंत्रालय के स्वीकृत बजट से तैयार यह स्कूल पिछले चार वर्षों से शुरुआत होने की राह देख रहा है। 25 जनवरी को पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मुख्यमंत्री इस स्कूल का शुभारंभ करेंगे। इस स्कूल से प्रशिक्षित पैराग्लाइडर पायलट को खेल मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र जारी होगा। इस भवन का जिम्मा पर्वतारोहण संस्थान और पर्यटन विकास निगम को संयुक्त रूप से दिए जाने पर एक बात साफ हो गई है कि इसमें पैराग्लाइडिंग स्कूल के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियां भी शुरू होंगी।

## बैजनाथ में पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ में आगामी 25 जनवरी को मनाए जाने वाले 25वें पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर जिला और उपमंडल प्रशासन ने तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 25 जनवरी को कृषि विवि पालमपुर के हेलिपैड पर उतरेंगे और सड़क मार्ग से बैजनाथ पहुंचकर इंदिरा गांधी स्टेडियम में ठीक 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे। उसके बाद पुलिस, होमगार्ड, अर्धसैनिक, एनसीसी और अन्य टुकड़िया मुख्यमंत्री को सलामी देंगे। कार्यक्रम के प्रारूप के अनुसार समूचे मैदान को विभिन्न ब्लॉक में बांटा गया है प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, चौधरी चंद्र कुमार, रघुवीर सिंह बाली, भवानी सिंह पठानिया, किशोरी लाल,मुख्य सचिव, डीजीपी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत विभाग के ईएनसी, अरण्यपाल वन के अलावा कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वाइस चांसलर मुख्यमंत्री के साथ विशिष्ट अतिथि दीर्घा में शिरकत करेंगे। वहीं, क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने जनसाधारण से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैजनाथ में बनाए जाने वाले पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर भाग लें और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### विधायक ने लोगों से की समारोह में आने की अपील

विधायक किशोरी लाल ने सोमवार को विश्राम गृह में क्षेत्र के कोने-कोने से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक की व जरूरी दिशा+निर्देश जारी किए। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों की सांस्कृतिक छटा देखने को मिलेगी, वहीं परंपरागत कांगड़ी धाम भी परोसी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### पेड़ से गिरे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**अनंत ज्ञान, हरिपुर।** कांगड़ा जिले के पुलिस थाना हरिपुर के अंतर्गत बिलासपुर गांव में एक व्यक्ति की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। पेड़ से गिरने के दौरान घायल को तुरंत सीएचसी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद देहरा रेफर किया गया। देहरा अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने कर्मी को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गांव बिलासपुर निवासी मदन लाल (53) वर्ष पुत्र चूडू राम के रूप में हुई है। मृतक भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ था। मदन लाल कचनार के पेड़ पर चढ़कर घास और लकड़ियां काट रहा था। इस दौरान पेड़ से गिर गया। इसके बाद तुरंत उपचार के लिए सीएचसी हरिपुर ले जाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे देहरा अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नौकरी न मिलने से तंग बेरोजगार युवक ने रोका सीएम का काफिला



**अनिल छांगू, जवाली**

नौकरी न मिलने से तंग बेरोजगार वेटरनरी फार्मेसिस्ट युवक ने अचानक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का काफिला रोका तो सुरक्षा कर्मियों की सांसे फूल गईं। यह वाकया उस समय देखने को मिला जब जवाली विधानसभा क्षेत्र के जरपाल से मुख्यमंत्री का काफिला गुजर रहा था तो इस बेरोजगार युवा ने नौकरी न मिल पाने के कारण बीच सड़क में काफिले को हाथ दे दिया। हालांकि सीएम सुक्खू ने गाड़ी रुकवाकर युवक की बात सुनकर उससे एक कागज भी लिया। मगर इन कुछ पलों के लिए साथ चले सुरक्षाकर्मियों की टीम की सांसे फूल गई थीं। मौका संभालते हुए सुरक्षा कर्मी अपनी गाड़ियों से उतरे और मुख्यमंत्री सुक्खू के समीप पहुंचकर युवक को साइड में हटाने की कोशिश की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## संविधान राष्ट्रग्रंथ, अंबेडकर पथ प्रहरी : सुमीत

### भारतीय जनता पार्टी ने कांगड़ा में किया संविधान गौरव अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला भाजपा कांगड़ा द्वारा स्थानीय समुदायिक भवन में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान गौरव अभियान का शुभारंभ किया गया। भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में इस अभियान को शुरू किया गया है। भाजपा द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में प्रदेश सचिव भाजपा सुमीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने अध्यक्षता की।

उन्होंने दीप प्रज्वलित करते हुए इस अभियान का शुभारंभ किया। सुमीत ने कहा कि संविधान के 75 वर्ष संपूर्ण होने के उपलक्ष में भाजपा देश भर में संविधान गौरव अभियान आयोजित कर रही है जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर से लेकर मंडल स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का एक राष्ट्रग्रंथ है और इसके जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर राष्ट्र पथ प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि 251 पन्नों का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक क़ो समग्रता और एकीकृत राष्ट्र की कल्पना को साकार करने अपना योगदान दे रहा है।

सुमीत ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान में अनचाहे और निजी हितकर संशोधन कर अग्रणी राष्ट्र का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय से वंचित करने का काम अपने शासन में किया है। उन्होंने कहा कि चाहे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या फिर नरेंद्र मोदी की, भाजपा की सरकारों ने सदैव संविधान की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए हैं। सुमीत ने बताया कि इस गौरव अभियान के दौरान तथ्यों के साथ कांग्रेस के कारनामों को जनता के बीच लाया जाएगा। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजू रस्तोगी, चम्पा भारद्वाज, जिला सचिव सुनेजा चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष चंदर भूषण, प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनय चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

### साई टीम दौलतपुर ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत पड़ते लोअर सुनहेत में कैव दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन एक्स सर्विस मैंन कमेटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की लगभग 12 टीम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। खेल प्रतियोगिता में ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा जिलों की टीमों ने भाग लिया। शहीद सुरजीत सिंह डडवाल की याद में आयोजित इस टूर्नामेंट में साई टीम दौलतपुर विजयी, वहीं घियोरी टीम उप विजेता रही। बता दें कार्यक्रम के समापन पर सीयू सोशल वर्क विभाग से डॉक्टर शशि व डीन सोशल स्टडी विभाग डॉक्टर संजीत सिंह अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा विजेता टीम को 8100 व उपविजेता टीम को 4100 सहित ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट आयोजक रिटायर्ड वॉरेंट ऑफिसर श्रवण कुमार ने सभी प्रबुद्धजनों का स्वागत किया।

### आर्य कॉलेज में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर स्थानीय मिनी सचिवालय में तहसीलदार राधिका सैनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को स्थानीय राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। पुलिस, एनसीसी-एनएसएस तथा स्काउट एंड गाइड के बच्चों द्वारा भव्य मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

## केंद्रीय योजनाओं के उद्घाटन कर गुमराह कर रहे सीएम : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,धर्मशाला**



झूठी गारंटियों से लोगों को ठगने वाले सीएम सुक्खू कांगड़ा के प्रवास के दौरान भी लोगों को ठगने में जुटे हैं। यह आरोप धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने जारी प्रेस बयान में जड़ा है। सुधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र के पैसे से बनने वाले प्रोजेक्टों का उद्घाटन-शिलान्यास कर वाहवाही लूटने वाले सीएम लोगों को यह बताएं कि प्रदेश सरकार का कौन सा प्रोजेक्ट हैं, जिसका उन्होंने उद्घाटन- शिलान्यास किया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला में सीएम ने जो उद्घाटन -शिलान्यास किए हैं, वे सभी प्रोजेक्ट केंद्र के पैसे से बने हैं या बन रहे हैं, तो सीएम सुक्खू किस हैसियत से उनका उद्घाटन कर रहे है। सीएम सुक्खू अब लोगों से मिलने से भी कतरा रहे हैं। सीएम से धर्मशाला सर्किट हाउस में जब लोग मिलने के लिए पहुंच रहे हैं, तो उनके लिए सीएम के दरवाजे बंद रखे गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बताए कि धर्मशाला को उसने कौन सा प्रोजेक्ट दिया है।

**समारोह** केंद्रीय विश्वविद्यालय के 15वें स्थापना दिवस पर कुलपति प्रो. बंसल बोले

## सीयू अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी बना रही पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आज अपना 15 वां स्थापना दिवस मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में 20 जनवरी से 26 तक विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों धर्मशाला, शाहपुर और देहरा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी शुरुआत सोमवार को धौलाधार परिसर एक में संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित हवन से हुई। हवन में बतौर यजमान कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने भाग लिया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगा। 20 से 26 जनवरी तक विश्वविद्यालय का हर विभाग अकादमिक और शोध के नजरिए से कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। हमें आत्मनिरीक्षण करना होगा कि आज से 15 साल पहले हमने जो विश्वविद्यालय के लिए लक्ष्य तय किए थे, उनको हासिल करने में हम कितने समक्ष साबित हुए हैं। उन्होंने हर्ष जताते हुए कहा कि आज यह विश्वविद्यालय अपने पैरों पर खड़ा हो चुका है। विश्वविद्यालय का अपना कैंपस नहीं था, अब हम आगामी अकादमिक सत्र अपने कैंपस में शुरू करने जा रहे हैं। कैंपस लगभग तैयार हो चुका है। हम लगातार शोध के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। हमें नैक की ग्रेडिंग में 'ए प्लस' मिला है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। हम इंडियाना यूनिवर्सिटी के साथ ज्वाइंट डिग्री प्रोग्राम शुरू करने जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय का ग्राफ लगातार ऊपर उठ रहा है। विश्वविद्यालय ने लगभग 25 पेटेंट प्राप्त किए हैं। सात से आठ करोड़ के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है।

# न्यूज ब्रीफ

### रैहन चौक पर युवक से 6.28 चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना रैहन के तहत पड़ते कस्बा रैहन के मुख्य चौक रैहन पर पुलिस ने एक युवक से 6.28 ग्राम चिट्टा बरामद करते हुए मामला दर्ज किया है। इस बारे सोमवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया पुलिस ने गश्त दौरान उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। पकड़े गए युवक की पहचान शमशेर सिंह पुत्र जगीर सिंह निवासी रोड नजदीक कस्बा रैहन के रूप में हुई है।

### चंबा खास में घर से 234 ग्राम चरस बरामद



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत चंबा खास में सीआईए टीम में एक घर में दबिश देकर व्यक्ति से 234 ग्राम चरस पकड़ने का मामला प्रकाश में आया है। एसपी देहरा अशोक रत्न के निर्देशों पर सीआईए का टीम गठन किया गया था अब उक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने घर में दबिश देकर अभिनाश पुत्र मस्त राम निवासी चंबा खास से 234 ग्राम चरस बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### संदीप धीमान वायुसेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर



**अनंत ज्ञान, जवाली।** उपमंडल जवाली के गांव सुघाल के संदीप सिंह धीमान भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन गए हैं। संदीप सिंह धीमान का जन्म 26 जुलाई, 2009 को हुआ था प्राथमिक शिक्षा डीएवी स्कूल रैहन से की है तथा कॉमरेड राम चंद्र स्कूल रैहन से 10+2 नॉन मेडिकल उत्तीर्ण की है। संदीप सिंह धीमान ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने नाना स्व. कैप्टन साहिब सिंह, दादा शेर सिंह, माता सुधा देवी तथा व छोटी बहन आर्ची धीमान तथा अपने मामा संजय धीमान और अपने गुरुजनों को दिया है।

### बडंज का अर्पित स्वर्ण जयंती छात्रवृति के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के शिक्षा खंड रैत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडंज के छात्र अर्पित सिंह का चयन स्वर्ण जयंती छात्रवृति के लिए हुआ है। अर्पित सिंह को छठी से लेकर आठवीं कक्षा तक क्रमशः 4000, 5000 और 6000 प्रति माह छात्रवृत्ति मिलेगी। इस प्रकार उसे तीन साल में इस छात्रवृति के तहत 180000 रुपए मिलेंगे। इसको लेकर विधानसभा शाहपुर में खुशी की लहर है। आपको बता दें कि अर्पित सिंह शिक्षा खंड रैत का एकमात्र छात्र है जिसे इस छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। अर्पित के पिता गुरदीप सिंह लोक मित्र के संचालक हैं और माता अर्चना कुमारी गृहिणी हैं।

### सीएम से मिला रिटायर्ड एनपीएस कर्मियों का दल



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पूर्व विधायक अजय महाजन के नेतृत्व में एनपीएस रिटायर्ड कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल लोक निर्माण विश्राम गृह नूरपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। दल ने सरकारी सेवा में कार्यकाल दस वर्ष से कम सेवाकाल वाले कर्मचारियों को सम्मानजनक पेंशन देने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। उन्हें याद दिलाया कि आपने फतेहपुर में हमारे साथ प्रदेश की आर्थिक दशा ठीक पर आने तक सम्मानजनक पेंशन के लिए इंतजार करने को कहा था। आज दो साल पश्चात मुख्यमंत्री से जब प्रतिनिधिमंडल उन से मिला तो वे अपने वादे से मुकर गए और कहा कि सरकार के पास पैसे नहीं हैं, कैसे देंगे, कहां से देंगे? उन्हें मुख्यमंत्री के मुंह से ये शब्द सुनकर बहुत ही दुख हुआ। सुक्खू सरकार ने हमें सम्मानजनक पेंशन देने के नाम पर ठगा है। दल ने कहा कि विधायक व सांसद हम लोगों द्वारा वोट देकर चुने जाते हुए अगर एक दिन के लिए भी वह सदस्य रहें तो उसे लाखों रुपए की पेंशन और कर्मचारियों को देने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं हैं। डॉक्टर संजीव गुलेरिया ने कहा कि वे दोबारा मुख्यमंत्री से सम्मानजनक पेंशन देने के लिए मिलेंगे। पैसे नहीं है सरकार के पास, इसकी दुहाई देने से सरकार अपने कर्तव्य से मुंह नहीं मोड़ सकती।

### श्रेया ने पास की फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर की श्रेया शर्मा ने प्रथम प्रयास में ही फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा पास करके इलाके का नाम रोशन किया है। श्रेया नूरपुर के जसलाला वार्ड 7 की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी जमा दो तक की पढ़ाई पब्लिक स्कूल नूरपुर से पूरी की है तथा उसके उपरांत एमबीबीएस की पढ़ाई यूक्रेन व जियोर्जिया से उत्तीर्ण की है। श्रेया ने इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है। श्रेया के पिता संजय शर्मा ने बताया कि वह शुरू से ही होनहार व मेहनती रही है और उसने इस मुकाम को हासिल करके उनके सपने को पूर्ण किया है।

### सिद्धपुर के लोअर तंगरोटी में कल पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों के जरूरी रख रखाव के चलते 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लोअर तंगरोटी और आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### स्वयं सहायता समूहों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विकास खंड पंचरुखी में सहायक आयुक्त (विकास) एवं खंड विकास अधिकारी पंचरुखी डाक्टर अंजलि गर्ग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की लगभग पच्चास महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित दीवा इंस्टीट्यूट पालमपुर की मुखिया दिव्या गुप्ता व उनके साथ आए हुए उनके सहयोगी साहिल और चिराग ने महिलाओं को उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी, ताकि वे अपने उत्पाद बेच कर अपनी आजीविका सुदृढ़ कर सकें।

### कांगड़ा में 11 फरवरी को लगेगा ईट राइट मेला

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** खाद्य सुरक्षा विभाग 11 फरवरी को कांगड़ा नगर परिषद मैदान में एक दिवसीय ईट राइट मेले का आयोजन करेगा। इस दौरान लोगों को मोटे अनाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य और लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक खाना खाने के लिए प्रेरित और जागरूक किया जाएगा। अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग कांगड़ा डॉ. सविता ठाकुर ने बताया कि विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक दिवसीय मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री के कांगड़ा प्रवास के बाद जिला प्रशासन के साथ विभाग की ओर से बैठक की जाएगी। बैठक में अन्य विभागों को भी जोड़ा जाएगा। मेले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल मौजूद रहेंगे। ईट राइट मेले में प्रदर्शनियों के साथ-साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। साथ ही पौष्टिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा मेले में प्रदेश के 12 जिलों की अलग-अलग प्रदर्शनी लगेगी।

### कुटवासी के युवक ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत कुटवासी के एक युवक ने अपने ही घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने बताया कि कुटवासी के निवासी एक युवक गुरजीत (29) ने अपने ही घर में फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक सेना में कार्यरत था और आजकल घर आया हुआ था।

### घर में घुसे चोर को किया पुलिस के हवाले

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** गरली के गांव कूहना चोक पर गत आधी रात को एक मकान व दुकान के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहा चोर घर के भीतर सोए हुए मालिक के हत्थे चढ़ गया। यह वारदात राजीव सिंह के घर की है। उन्होंने चोर को पकड़कर पुलिस थाना रक्कड़ के हवाले किया। जानकारी देते हुए राजीव सिंह ने बताया कि रात ढाई बजे उपरोक्त व्यक्ति ने पहले मेरी दुकान का ताला तोड़कर उसे लूटने का प्रयास किया, लेकिन वहां उसे कुछ भी हाथ न लगने के कारण फिर घर का मेन दरवाजा तोड़ना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर घर के सभी लोग उठ गए और इस लुटेरे को पकड़ लिया। चोर ने बताया कि वे तीन लोग थे और ये तीनों ट्रक में सवार होकर यहां वारदात को अंजाम देने आए थे। थाना प्रभारी रक्कड़ कमल किशोर ने मामले की पुष्टि की है।

# नई जोड़ी




प्रिया शर्मा और सुधीर शर्मा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से ढेर सारी हार्दिक शुभकामनाएं।

# सालगिरह मुबारक



ढलियारा (बरवाडा) के विनोद धीमान व शामली धीमान को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# हैप्पी बर्थडे



ददेहड़ा के गौरव कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### एनसीसी कैडेट्स ने की तालाब की सफाई

**अनंत ज्ञान, गरली।** एनसीसी हिमाचल प्रदेश की छठी स्वतंत्र कंपनी ऊना के तत्वावधान में कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह के आदेश अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली के एनसीसी कैडेट्स द्वारा गरली बाजार स्थित तालाब की साफ-सफाई की गई। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार शर्मा और एनसीसी के प्रभारी दीपक धीमन की देखरेख में कैडेट्स द्वारा स्वच्छता पर रैली तथा बाजार में स्थित मशहूर तालाब की सफाई का कार्य किया गया।

### अध्यक्ष ने बताईं मजदूर संघ की आगामी योजनाएं



**अनंत ज्ञान फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने रविवार को रेस्ट हाउस फतेहपुर में प्रेसवार्ता कर भारतीय मजदूर संघ की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जानकारी देते हुए प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि दिसंबर माह में भारतीय मजदूर संघ ने जन संपर्क अभियान चलाया था, जिस दौरान करीब ढाई लाख परिवारों से संपर्क किया गया था। पहली जनवरी से 15 फरवरी तक धन संग्रह अभियान शुरू किया हुआ है, जिसमें करीब 50 लाख रुपए धन संग्रह करने का उद्देश्य रखा गया है। आगामी दिनों में भारतीय मजदूर संघ द्वारा अभ्यास वर्ग शुरू किया जा रहा है।

### हिंदू तन-मन संगठन ने निकाली शोभायात्रा



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिंदू तन-मन संगठन हिमाचल की ओर से सनातन जागरण उद्देश्य से सुलह विधानसभा में सोमवार को श्रीरामलला के अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अनुशासन प्रमुख कैप्टेन अशोक सनातनी, कोर विभाग प्रमुख शाम वेद सनातनी, संगठन महामंत्री कुलविंदर सनातनी, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष डिंपल सनातनी, जिला कांगड़ा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुमन सनातनी व बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देवभूमि हिमाचल में सनातन जागरण व समाज में समरसता, सद्भावना, आपसी प्रेम के प्रचार प्रसार हेतु समाज को सजग करना रहा। (अनंत ज्ञान)

### लग बलियाणा में 99 लोगों ने करवाए एक्स-रे



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** हेल्थ सेंटर लग बलियाणा में सोमवार को टीबी मुक्त अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया। बीएमओ डाडासीबा सतीष कुमार की देखरेख में आयोजित हुए इस कैंप में डिजिटल एक्स-रे मशीन के द्वारा 199 लाभार्थियों ने एक्स-रे करवाए। लोगों का दवाइयां भी वितरित की गईं।

### निबंध लेखन स्पर्धा में एंजल भारती अव्वल

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में रोड सेफ्टी पर विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करवाया गया। निबंध लेखन में एंजल भारती ने पहला, यशिका ने दूसरा व सुनिधि और वंश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भाषण स्पर्धा में सृष्टि ने पहला, रजत व सलोनी ने दूसरा और विदूषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खंड परियोजना अधिकारी एवं स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा एवं उपप्रधानाचार्य यशपाल सिंह ने विभिन्न स्पर्धाओं के सभी मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मिडिल वर्ग की पोस्टर लेखन स्पर्धा में मुस्कान ने पहला, गुरमीत और अर्नव ने दूसरा और साहिल चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमीं और दसवीं के वर्ग में आकाश ने पहला, अभिनव और विशाखा ने दूसरा और हरमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीनियर सेकेंडरी वर्ग में शौर्य ने पहला, अंचल और सुनिधि ठाकुर ने दूसरा और प्रियांशी और तनिष्क ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिडिल वर्ग की नारा लेखन स्पर्धा में वंशिका ने पहला, गगनदीप ने दूसरा और पूर्वी व मन्नत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमीं और दसवीं के वर्ग में अदिति ने पहला, आरूषि चौधरी ने दूसरा और अनन्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीनियर सेकेंडरी वर्ग में निशा ने पहला, माही ने दूसरा और ने कीर्ति व अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ओयल पंचायत में ग्राम सभा का किया आयोजन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ओयल पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को किया गया। पंचायत प्रधान दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन करने के साथ ही कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा पंचायत के भूमि मालिकों की जमीन की केवाईसी भी की गई। वहीं, पंचायत प्रधान द्वारा सर्दी के मौसम में जुकाम-खांसी आदि से बचाव के लिए लोगों को मास्क भी वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार ओयल पंचायत की 130 महिलाओं ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत आवेदन किया है। सोमवार को पंचायत की ग्राम सभा में इन महिलाओं के आवेदनों की पात्रता की जांच की गई। उसके बाद उनका अनुमोदन किया गया। इसके अलावा वित्त आयोग व विभिन्न मदों से जुड़े विकास कार्यों, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीपीडीपी अपलोड करने और 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट से 50 फीसदी राशि स्वच्छता पर खर्च करने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सभा के बाद पंचायत वासियों की सुविधा के मद्देनजर उनकी जमीन की केवाईसी भी पंचायत घर में ही की गई। इस कार्य के लिए पटवारी प्रदीप व गौतम सुमन विशेष तौर पर पंचायत घर में मौजूद रहे। पंचायत प्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि जमीन की केवाईसी का काम पंचायत घर में ही हो जाने से लोगों को पटवारखानों की दौड़ लगाने की जरूरत नहीं रहेगी। बैठक में पंचायत उपप्रधान रामलाल शर्मा व सचिव कांता देवी के साथ ही वार्ड मेंबरों ने भी भाग लिया।

### बच्चों को भोजन में मिलेगी मशरूम की सब्जी

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा अपने नए-नए कार्यों के लिए हमेशा से बाकी पाठशालाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है। इस बार राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा में एक और नया प्रयास किया गया जो अब फल देने लगा है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा में कार्यरत अध्यापक खूब सिंह के प्रयासों से विद्यालय में मध्यान भोजन को और पौष्टिक बनाने के लिए मशरूम लगाए गए। शायद यह जिला बिलासपुर में पहला अपनी तरह का प्रयास है जिससे बच्चों को और पौष्टिक भोजन मिलेगा। मुख्य अध्यापिका प्रेमलता से बात करने पर उन्होंने बताया कि लगभग 45 दिन पूर्व अध्यापक खूब सिंह बच्चों के मध्यान भोजन में पौष्टिकता लाने के लिए विद्यालय में दो मशरूम के बैग लाए थे। इनकी 45 दिन तक विभिन्न चरणों में देख रेख करने के पश्चात अब यह फल देने लगे हैं और आज पहली बार इन थैलो से मशरूम तोड़े गए जिन्हें मध्यान भोजन में शामिल किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान पूजा देवी ने इस विशेष कार्य के लिए विद्यालय अध्यापक खूब सिंह और समस्त स्टाफ को बहुत-बहुत बधाई दी और धन्यवाद किया कि उनके सफल प्रयासों से विद्यालय में बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा और उनके स्वास्थ्य और सेहत में वृद्धि होगी। इस मौके पर समस्त स्कूल प्रबंधन समिति, मध्यान भोजन कार्यकर्ता ममता देवी, स्कूल का स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।



### राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन की बैठक बिलासपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंदेल ने की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और पंचायत चुनाव की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। संगठन ने पंचायत स्तर तक अपनी पहुंच बढ़ाने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए जिला परिषद वार्ड स्तर पर समितियां गठित की गईं। इनमें बरमाणा, बामटा, और पट्टा वार्ड की जिम्मेदारी अलग-अलग समितियों को सौंपी गई। इन समितियों को उम्मीदवार चयन से लेकर चुनावी रणनीति बनाने तक के कार्य सौंपे गए। संगठन ने पंचायत चुनावों में अग्रणी भूमिका निभाने और पंचायतीराज एक्ट की जानकारी के लिए सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने की घोषणा की। आगामी बैठकें पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएंगी। प्रदेश सह-संयोजक ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कहा कि संगठन की बैठकें पंचायतों में होंगी, ताकि क्षेत्र की समस्याओं को सीधे समझा जा सके। एक महीने के भीतर जिला परिषद वार्ड स्तर की समितियों के सुझावों के आधार पर बैठक की जाएगी। बैठक में जिला संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, महासचिव जगदीश संख्यान, उपाध्यक्ष धर्मपाल शर्मा, महासचिव सतीश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### आपदाओं में बचाव पर लोगों को दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी कार्यालय घुमारवीं के मीटिंग हाल में शुरू किया गया , जिसमें विभिन्न पंचायतों के 60 युवा हिस्सा ले रहे है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में जानकारी दी व आग लगने के कारण व बचाव के बारे में अग्निशमन विभाग से अनिल कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने घुमारवीं उपमंडल के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी भूमि से संबंधित दस्तावेजों को आधार कार्ड से 25 जनवरी तक नजदीकी राजस्व कार्यालय या लोकमित्र केंद्र पर जा कर लिंक करवाएं।उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भूमि रिकॉर्ड को लिंक करवाने के लिए अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड से लिंक हो इसके साथ पैतृक या खरीदी गई भूमि के कागजात अपने साथ लेकर जाएं। उन्होंने बताया की है कि भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से लिंक की अंतिम तिथि 25 जनवरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि 25 जनवरी से पहले भूमि रिकॉर्ड को आधार कार्ड से लिंक करवा लें।

### शैक्षिक और शोध पहलों को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी का कदम

# धर्माणी ने उस्मानिया विवि को दिया सहयोग का भरोसा

**शुभम राही, बिलासपुर**

राजेश धर्माणी ने उस्मानिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आपसी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और सहयोग की संभावनाओं का पता लगाया। यह बैठक शैक्षिक और शोध पहलों को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। राजेश धर्माणी ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, संकाय सदस्यों और छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने शैक्षिक क्षेत्र में मौजूद वर्तमान चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का प्रयास किया। वहीं शोध सहयोग, छात्र विनिमय कार्यक्रम और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया।

उस्मानिया विश्वविद्यालय, जो अपने विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों और समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध है, सहयोग के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। राजेश ने दोनों संस्थानों के बीच शैक्षिक संबंधों को मजबूत करने और लाभकारी परियोजनाओं को बढ़ावा देने के प्रति अपनी उत्सुकता व्यक्त की।

दौरे के दौरान भविष्य के सहयोग के लिए कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई, जिनमें संयुक्त शोध पहल, कौशल विकास कार्यक्रम और सामुदायिक जुड़ाव परियोजनाएं शामिल हैं। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी क्षमताओं का उपयोग करके नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

राजेश धर्माणी ने विश्वविद्यालय परिसर का भी दौरा किया और विभिन्न विभागों और सुविधाओं का निरीक्षण किया। इससे उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षिक और शोध उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को करीब से समझने का अवसर मिला। (अनंत ज्ञान)



विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ राजेश धर्माणी व अन्य।

### घर में रखे विद्युत उपकरणों समेत अन्य सामान चोरी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बामटा में रविवार रात को एक घर में सेंध लगाकर चोरों ने घर में रखे विद्युत उपकरणों समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। मालिक कोठी स्थित अपने दूसरे घर में रह रहे थे।

शिकायतकर्ता दिग्विजय ठाकुर पुत्र मनोहर लाल ठाकुर निवासी गांव व डाकघर बामटा ने बताया कि वह पेशे से ठेकेदार हैं। उन्होंने 2002 में बामटा में मकान बनाया हुआ है और उनका पुराना मकान गांव रोपड़ी डाकघर कोठी तहसील घुमारवीं में है। वह अपने परिवार के साथ अकसर रोपड़ी में ही रहते हैं, लेकिन बीच बीच में बामटा आते रहते हैं। 16 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ बामटा वाले घर आए थे और अगले दिन वापस चले गए।

वहीं रविवार शाम को जब वापस घर पहुंचे और मुख्य दरवाजे का ताला खोल कर अंदर प्रवेश किया तो कमरों के सारे दरवाजे खुले थे। दीवार में लगी एलईडी टीवी गायब पाई गई।

दूसरे कमरे में रखा कंप्यूटर मोनीटर व दो प्रिंटर, रजाई, कंबल, कपड़े, पिल्लर हीटर व बाथरुम से पानी के नल की टुटियां खोलकर ले गए थे। इसके अलावा अन्य सामान भी गायब पाया गया।

## किसानों को गेहूं की फसल में भयंकर बीमारी लगने की चिंता सताने लगी



फाइल फोटो

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।**

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं इस समय खेतों में लहलहा रही है। अच्छी पैदावार की उम्मीद है, लेकिन जनवरी महीने के तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, उससे किसानों को गेहूं की फसल में एक भयंकर बीमारी लगने की चिंता सताने लगी है। अन्नदाता पीला रतुआ रोग से डरे हुए हैं। यह गेहूं की फसल के लिए घातक बीमारी है।

यदि समय पर इसका उपचार नहीं किया जाये, तो पूरी फसल को बर्बाद कर सकती है। कृषि विशेषज्ञों ने पीला रतुआ को लेकर किसानों को आगाह किया है। उनका कहना है कि किसान हर दिन गेहूं की फसल का मुआयना करें। यदि उन्हें कहीं भी गेहूं की फसल में पीलापन दिखे, तो तुरंत सावधानी बरतें और कृषि विशेषज्ञ से सलाह लेकर इसे नियंत्रण करें। बताते चलें कि जिला बिलासपुर में तापमान बढ़ गया था। लेकिन, दो दिन से मौसम खराब होने की वजह से दोबारा ठंड बढ़ गई है। हल्की बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिला बिलासपुर का तापमान 5 से 6 डिग्री तक गिरा है। जिला में गर्म और सर्द मौसम होने के कारण गेहूं की फसल में पीला रतुआ रोग की संभावना बढ़ गई है।

बिलासपुर जिला में करीब 31878 हैक्टेयर एरिया में खेती की जाती है। जिसके तहत 25000 हैक्टेयर एरिया में गेहूं की खेती की जाती है। पूरे बिलासपुर जिला में हजारों परिवार कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। किसानों की गेहूं की फसल को पीला रतुआ रोग लग जायेए तो उनको काफी नुकसान होगा।

## सतीश ठाकुर प्रदेश की अंडर-23 पुरुष टीम के मैनेजर नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर की बंदला धार के सतीश ठाकुर को प्रदेश की अंडर-23 पुरुष टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उनके मैनेजर चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। बीसीसीआई की ओर से आयोजित कर्नल सीके नायडू प्रतियोगिता के लिए सतीश को प्रदेश टीम का मैनेजर बनाया गया है।

हिमाचल की टीम 25 से 28 जनवरी तक अपना पहला मैच आरएसपीबी के साथ राजकोट में खेलेगी। वहीं 1 से 4 फरवरी तक टीम दूसरा मैच आंध्र प्रदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश में खेलेगी। सतीश ठाकुर बंदला पंचायत प्रधान के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अपने चयन पर सांसद अनुराग सिंह, आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल, क्रिकेट एसो. बिलासपुर के सचिव विशाल जगोता सहित अन्य साथियों का आभार जताया है। बता दें कि इससे पहले भी वह प्रदेश की अंडर-19 टीम में बतौर मैनेजर सेवाएं दे चुके हैं। उनके चयन पर जिला एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त सचिव अनिरुद्ध शर्मा, जितेंद्र ठाकुर, कमल महाजन, विमल महाजन, अधिवक्ता नरेंद्र ठाकुर और करप्रीत सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी।

## सरकार ने आत्महत्या मामले की जांच करवाना नहीं समझा उचित : रणधीर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

प्रदेश भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर मानवीय मुद्दो पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस सरकार ने अभी तक न तो आईजीएमसी में बिना इजेक्शन के कैंसर मरीज की मौत और न ही एचआरटीसी के धर्मपुर डिपों चालक द्वारा आत्महत्या मामले पर जांच करवाना उचित नहीं समझा है और न ही इन मामलों में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की हैं।

प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि श्री नयना देवी विस क्षेत्र के खारसी गांव के देवराज शर्मा कैंसर से पीड़ित थे तथा उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला में भर्ती थे।



जानकारी देते हुए विधायक रणधीर शर्मा व साथ हैं अन्य।

जिनकी बिना बायोमैप इंजैक्शन न लगने की बजह से मौत हो गई। न्याय नहीं मिलने पर उनकी बेटी जाहनवीं ने सोशल मीडिया पर बीडियो वायरल की आईजीएमसी प्रशासन पर लापरवाही बरतने व दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। शर्मा ने कहा कि आईजीएमसी में उपचाराधीन देवराज शर्मा के उपचार कर रहे चिकित्सक ने उनके लिए बायोमैप नाम का इंजेक्शन लिखा, जो बाजार में काफी महंगा इंजैक्शन है।

पहले तो आईजीएमी की तरफ से उन्हें इंजेक्शन के लिए एक माह तक आने की बात की जाती रही।बाद में उन्हें इसे बाजार से मंगवाने को कह गया, लेकिन उसके दो दिन बाद देवराज की कैंसर से मौत हो गई। उन्होने यह भी आरोप लगाया कि देवराज के परिजनों ने उपचार के लिए हिम केयर कार्ड को भी अपडेट करवा लिया था, लेकिन आईजीएम के कर्मचारियों ने उनके हिम केयर कार्ड को स्वीकार नहीं किया। वहीं, प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी के धर्मपुर डिपों चालक द्धारा आत्महत्या मामले पर डीएम स्तर के अधिकारी से जांच करवा कर व आरएम को वहां स्थानातरित कर केवल लीपापोती करने का काम किया है। जबकि इस मामले में ठोस कार्रवाई किए जाने की आवश्यक है। क्योंकि एचआरटीसी चालक ने आत्म हत्या से पहले आरएम पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी सतदेव शर्मा, नंद लाल ठाकुर, सलेंद्र भडोल मौजूद रहे।

## ऑटो यूनियन के मोहम्मद रफी प्रधान

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर आटो यूनियन के चुनाव पूर्व पार्षद अनिल किशोर की अध्यक्षता में संपन्न हुए, जिसमें मोहम्मद रफी को लगातार चौथी बार प्रधान पद के चुना गया। वहीं लगातार चौथी बार प्रधान बने मोहम्मद रफी से सभी ऑटो आपरेटरों, चातकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे ऑटो चालकों के हित में पूर्व की तरह ह लड़ाई शिद्दम से तड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अभी भी ऑटो यूनियन की समस्याएं लंबित है, जिन्हें प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा तथा समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आटो चातकों के लिए पार्किंग की समस्या ज्वलंत है, जिला के प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैंड, अस्पताल मेन मार्केट, बैंक आदि के पास पार्किंग स्थान चाहे कुछ देर के लिए ही बने चिन्हित किए जाएंगे, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। मोहम्मद रफी ने विश्वास दिलाया कि वे आटो चालकों एवं संचालकों की समस्याओं के निदान के लिए दिन रात प्रयास करेंगे। इस मौके पर करीब सौ से ज्यादा ऑटो चालक, संचालकों ने भाग लिया।

### भाजपा ने सर्किट हाउस में संविधान गौरव अभियान का किया शुभारंभ

## डॉ. अंबेडकर के योगदान पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सर्किट हाउस में संविधान गौरव अभियान का शुभारंभ किया गया। भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा देश भर में इस अभियान को शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने की और श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में रहे। इस बैठक में झंडूता के विधायक जीत राम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग व पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सबसे पहले दीप प्रज्वलित करके इस अभियान की शुभारंभ किया गया।

रणधीर शर्मा ने कहा कि इसके तहत राष्ट्रीय स्तर से लेकर मंडल स्टार तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा चाहे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या नरेंद्र मोदी की, भाजपा सरकारों ने सदैव संविधान की सुरक्षा को लकर ठोस कदम उठाए है। शर्मा ने राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर संविधान का अपमान करने के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही संविधान का अपमान किया और कांग्रेस के शासन में संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर को भी लगातार अपमानित किया जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान तथ्यों के साथ कांग्रेस के कारनामों को जनता के बीच लाया जाएगा । भारतीय संविधान हर नागरिक को समान अवसर प्रदान करता है। संविधान में कमजोर वर्ग, वंचित और आदिवासियों के लिए विशेष प्रावधान है, जिसका उद्देश्य उनका सामाजिक व आर्थिक विकास करना है। रणधीर शर्मा ने कहा कि भारत को मजबूत और जीवंत राष्ट्र बनाने के लिए बाबा साहेब के योगदान के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2025 को भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि गौरव यात्रा के इन 75 वर्षों में कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने संविधान के साथ छेड़छाड़ की, उसकी मूल भावनाओं को नष्ट करने की कोशिश की, और कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने इसे संरक्षित करने का कार्य किया। हमें यह भी पहचानना होगा कि किस सरकार ने बाबा साहब के दृष्टिकोण को उजागर और सुरक्षित करने का कार्य किया।

जैसे हम संविधान गौरव अभियान की शुरुआत करते हैं, हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए और उन लोगों के प्रति सतर्क रहना चाहिए जिनके खाने के दांत और, दिखाने के और हैं। ये लोग संविधान की किताब तो हाथ में रखते हैं, लेकिन कभी उसे पढ़ा नहीं। उनके पूर्वजों ने संविधान और देश के साथ क्या किया था, इसके बारे में ये कुछ भी नहीं जानते।

## व्यवस्था परिवर्तन महज एक छलावा सत्ता परिवर्तन तय : मनोहर शर्मा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



एएचकेपी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा राष्ट्रीय समर्थक मनोहर शर्मा ने मिडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए 10 गारंटियों को लेकर जनता से छलावा करके सत्ता हासिल करने में कामयाब रही थी, परंतु महज दो साल में ही प्रदेश को हजारों करोड़ के कर्ज में डूबा दिया और अब कर्ज मिलना हो सकता है असंभव।

शर्मा ने बताया कि यदि यही हाल रहा तो सुक्खू सरकार इसी वर्ष के अंत तक दुख भरी कहानी सुना कर जनता के आगे सरेंडर कर देगी और फिर घोटालों के खुलासे भी लगातार होंगे। जिसका ठिकरा कांग्रेस पार्टी भाजपा की सरकार पर फोड़ेगी। उन्होंने कहा कि जैसे कांग्रेस पार्टी अपनी हार का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ती है। आने वाले समय में प्रदेश सरकार कर्मचारियों को तनख्वाह देने में भी असमर्थ हो जाएगी, जिस नीति से वर्तमान सरकार कार्य कर रही है।

शर्मा ने बताया कि इस समय हर जबाब का सवाल प्रश्नवाचक चिन्ह बनकर उभरता दिखाई दे रहा है।

### कल होगा बीडीटीएस का वार्षिक अधिवेशन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा सीमेंट प्लांट से माल ढुलाई के लिए अधिकृत बिलासपुर जिला ट्रक ऑपरेटर परिवहन सभा (बीडीटीएस) का वार्षिक अधिवेशन बुधवार यानि 22 जनवरी को होगा। इसका आयोजन बरमाणा स्थित बीडीटीएस भवन के पुकार हॉल में होगा।

बीडीटीएस के महासचिव प्रदीप ठाकुर ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता सभा के प्रधान जीतराम गौतम करेंगे। इस अधिवेशन में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। साथ कई निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने सभा के सदस्य ट्रक ऑपरेटरों और चालकों ने आग्रह किया है कि अधिवेशन में भाग लेकर इसे सफल बनाए।

**दौरा** बरड़ी स्कूल के बच्चों को खेलकूद गतिविधियों के लिए अब नहीं आएगी समस्या

# स्कूल के खेल मैदान के लिए 15 लाख स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र की हरलोग पंचायत के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरड़ीं के बच्चों को खेलकूद गतिविधियों के लिए अब मैदान की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सोमवार को हरलोग पंचायत के दौरे पर पहुंचे सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने इस स्कूल के खेल मैदान के लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत किए।

पंचायत में रास्तों व संपर्क सड़कों जैसे कार्यों के लिए उन्होंने अतिरिक्त 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इसके अलावा उन्होंने इसी पंचायत के लिए पूर्व में मंजूर किए गए लगभग 35 लाख रुपये की लागत से करवाए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की।

सोमवार को हरलोग पंचायत के दौरे पर पहुंचे विधायक त्रिलोक जमवाल ने ग्रामीणों से मुलाकात करके उनकी समस्याएं जानीं।



सदर विधायक त्रिलोग जम्वाल के साथ गणमान्य लोग।

**युवा चिट्टे जैसे कई तरह के नशों में फंसकर जीवन को कर रहे बर्बाद**

स्थानीय लोगों ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरड़ीं में खेल मैदान नहीं होने की समस्या उनके समक्ष रखी। लोगों ने कहा कि क्षेत्र के कई बच्चे खेलों में भी प्रतिभावान हैं, लेकिन मैदान की कमी की वजह से वे सही ढंग से तैयारी नहीं कर पाते हैं। यदि खेल मैदान उपलब्ध हो तो वे और भी बेहतर ढंग से प्रशिक्षण ले सकते हैं। इस पर त्रिलोक ने खेल मैदान के लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिवेश में बड़ी संख्या में बच्चे व युवा चिट्टे जैसे कई तरह के नशों के चंगुल में फंसकर जीवन बर्बाद कर रहे हैं। त्रिलोक जम्वाल ने पंचायत में पहले से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य बेलीराम टैगोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर व प्रोमिला चंदेल समेत कई लोग उनके साथ थे।

### विकास कार्यों के लिए 35 लाख किए जा चुके हैं जारी

**सदर** विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रहा है। इसके मद्देनजर हरलोग पंचायत में विकास कार्यों के लिए पिछले दो वर्षों में लगभग 35 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कार्यों को समयबद्ध पूरा किया जाए, ताकि लोगों को उनका लाभ जल्द मिल सके। पंचायत वासियों की मांग पर उन्होंने रास्तों व संपर्क सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य के लिए अतिरिक्त 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इसके लिए ग्रामीणों ने उनका आभार जताया।

### पंचायत सचिवों की मांगों को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पंचायत सचिव संघ झंडूता की बैठक प्रधान राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत घर बरठीं में हुई। बैठक में सचिवों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि पंचायत सचिवों की लंबे समय से चली आ रही विभाग में विलय की मांग को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। इस मांग को लेकर सचिव संघ प्रदेश सरकार में ग्रामीण व पंचायतीराज मंत्री से 26 जनवरी को बिलासपुर में मिलेगा।

पंचायत सचिवों की अन्य मांगों जैसे महंगाई भत्ता की 5 प्रतिशत किस्त जो अभी तक जिला परिषद कर्मचारियों को नहीं मिली है और पदोन्नति चौनल सहित अन्य मांगों को भी सरकार शीघ्र पूरा करे। पंचायत सचिव संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की कि उनका विभाग में विलय किया जाए। बैठक में जिला परिषद कैडर सचिव संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जोशी, अमित ठाकुर आदि मौजूद थे।

## नाले में की जा रही मलबे की अवैध डंपिंग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत फटोह के सारटी गांव में नाले में मलबे की अवैध डंपिंग की जा रही है। मामले की शिकायत उपायुक्त, जिला वन अधिकारी, खनन अधिकारी और प्रदूषण बोर्ड को पूर्व पैरा लीगल वालंटियर लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने दी।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया है कि सारटी गांव में करीब छह दिनों से नियमों की धज्जियां उड़ा कर नाले में मलबा फेंका जा रहा है। अभी तक करीब 500 ट्रैक्टर वहां डंपिंग कर चुके हैं। मलबे की चपेट में कई छोटे पेड़ आ चुके हैं। साथ ही स्थित एक प्राकृतिक स्त्रोत के भी मलबे की जद में आने की संभावना है।

बताया कि जिला प्रशासन ने नए निर्माण के दौरान मलबा निष्पादन हेतु नए नियम बनाए हैं। उनके अनुसार किसी भी प्रकार का नया निर्माण करने से पहले व्यक्ति या ठेकेदार को मलबा निष्पादन का प्लान संबंधित विभाग को देना होगा। उस प्लान के अनुमोदन के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जा सकता है। राजस्व विभाग को भी नए निर्माण की वीडियोग्राफी करने का प्रावधान है।

प्रदूषण बोर्ड और खनन विभाग को भी ऐसे निर्माण पर निगरानी करने के निर्देश हैं, लेकिन सारटी में हो रही भारी मलबे की डंपिंग से ऐसा लग रहा कि यह नियम सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गए हैं।



नाले में मिट्टी से की गई अवैध डंपिंग।

**करीब 500 ट्रैक्टर मिट्टी की जा चुकी है डंप, मलबे की चपेट में कई पेड़**




उन्होंने बताया कि साल 2023 की तरह जल प्रलय भविष्य में हुआ तो यह सारा मलबा भारी नुकसान करेगा। उन्होंने मांग की कि मलबे को फैंकने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और मलबा उठाने के आदेश दिए जाए।

# डलहौजी के ज्यादातर होटल बिना पार्किंग

## पार्किंग सुविधा के बिना लाइसेंस देने पर पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

बीते एक दशक से डलहौजी एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में छोटे-बड़े होटलों, रिजॉर्ट, गेस्ट हाउसों एवं रेस्टोरेंट्स की मानों बाढ़ सी आ गई हो। हर गली, हर कूचे में छोटा-बड़ा होटल एवं गेस्ट हाउस देखने को मिल ही जाएगा। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के ज्यादातर होटल-रिजॉर्ट, गेस्ट हाउसों के पास अपनी खुद की पार्किंग व्यवस्था भी नहीं है। ज्यादातर गाड़ियां होटलों, गेस्ट हाउस एवं रिजॉर्ट्स के बाहर ही खड़ी देखने को मिलेंगी।





अब सवाल यह पैदा होता है कि अगर इनके पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है तो इन्हें पंजीकृत कर लाइसेंस कैसे पर्यटन विभाग द्वारा दे दिए जाते हैं। क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जो है, वह पार्किंग ही है, जिसने पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के होश उड़ा दिए हैं। सर्दियों के सीजन में जिस तरह से कम बारिश हो रही है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार गर्मियों में डलहौजी व चंबा में पर्यटन उद्योग पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ेगा। इसी के मद्देनजर उपमंडल अधिकारी डलहौजी ने पिछले साल स्थानीय होटल कारोबारी, टैक्सी ऑपरेटर एवं अन्य निजी संस्थाओं के साथ मिलकर एक बैठक का आयोजन किया, जसमें पार्किंग जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर चर्चा की गई।

बता दें कि हर साल गर्मियों के सीजन में बाहरी पर्यटकों को अपनी गाड़ियां पार्क करने के लिए कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है क्योंकि क्षेत्र के ज्यादातर छोटे-बड़े होटलों के पास खुद की पार्किंग है ही नहीं और जो पार्किंग है, वह बाहरी वाहनों को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए क्षेत्र में गाड़ियां जो हैं, वे आड़ी टेडी सड़क के दोनों ओर खड़ी नजर आती हैं। क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने तो पक्के तौर पर ही अपनी पार्किंग स्थल बना ली है, जहां पर कोई अन्य और गाड़ी खड़ी कर दे तो झगड़ा और मारपीट जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। (अनंत ज्ञान)

### लोग परेशान

**पार्किंग** की समस्या को लेकर जहां स्थानीय लोग परेशान हैं तो वहीं स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन भी अच्छा खासा चिंता में नजर आता है। इस समस्या को लेकर गत वर्ष कांग्रेस युवा नेता एवं कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने चंबा दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या को लेकर डलहौजी वासियों को आश्वास्त किया था कि शिमला की तरह डलहौजी में भी पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि स्थानीय जनता एवं बाहरी पर्यटकों को थोड़ी राहत मिल सके, लेकिन अभी तक इस बारे में किसी तरह का कोई काम होता नजर नहीं आया है।

## प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिमला में सोमवार को हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की मीटिंग संपन्न हुई। इसमें निदेश रविंद्र सिंह रवि ने प्रदेश के निर्माण मजदूरों को आ रही समस्याओं को जोरदार ढंग से रखा। उन्होंने कहा है कि निर्माण मजदूरों को लाभ लेने के लिए जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है, जिसके कारण उनको कानूनी लाभ मिलने बंद हो गए हैं और हजारों मजदूर अपने अधिकार से वंचित होते जा रहे हैं। इस बोर्ड मीटिंग में अध्यक्ष ने सभी मुद्दों पर चर्चा की है। बोर्ड के आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्या और लेबर सेस कम आने पर भी गहन विचार विमर्श किया गया है। जिला में दो गाड़ियों की बजाय केवल एक ही गाड़ी अधिकारियों को दी जाएगी और श्रम अधिकारियों से मजदूर सेस के बारे में भी प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी जाएगी। मीटिंग में प्रदेश के विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त गैर सरकारी सदस्य भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, जगदीश भारद्वाज और अतिरिक्त कल्याण बोर्ड के सचिव राजीव कुमार और कार्यकारी अधिकारी नरेश चौहान शामिल थे।

# डंगाल के नाले में मिला मृत तेंदुआ, विभागीय जांच शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत के गांव डंगाल के साथ लगते नाले में एक तेंदुए का शव मिला है। तेंदुए की मौत का क्या कारण रहा, अभी तक कुछ भी साफ नहीं हो पाया है। सुबह कुछ स्थानीय ग्रामीण जब नाले की ओर गए तो उन्होंने एक तेंदुए को जमीन पर लेटे हुए पाया। वे बुरी तरह घबरा गए, किंतु तेंदुआ अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ। ग्रामीणों ने हिम्मत करके आगे जाकर देखा तो तेंदुआ किसी तरह की कोई हरकत नहीं कर रहा था।



उन्होंने तुरंत इस बात की सूचना वन विभाग को दी। विभाग के कर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मृत तेंदुए को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम प्रक्रिया को अंजाम दिया। अब विभाग यह जानने की कोशिश करेगा कि तेंदुआ की मौत कैसे हुई। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो जंगल में तेंदुओं की संख्या कम है और वह रिहायशी इलाकों का नाम मात्र रुख करते हैं। तेंदुए का शव मिलना कहीं न कहीं संदेह उत्पन्न करता है। वहीं, वन विभाग का कहना है कि वह जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई को अंजाम देंगे। मौत के कारणा का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

# डर के साये में दुकानदारी कर रहे कांदू के दुकानदार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित कांदू बाजार में पहाड़ी दरकने से गत बरसात में प्राकृतिक संपदा एवं दुकानों का भारी नुकसान देखने को मिला था, जिससे कई घंटों यातायात भी अवरुद्ध रहा था। इस भूस्खलन में छोटे-बड़े चील के पेड़ भारी मलबे के साथ नीचे आ गए थे। अब मौजूदा समय में हालात तो सामान्य हैं, किंतु एनएच प्राधिकरण शायद यहां पर डंगे लगाना भूल गया है और लगता है कि दोबारा किसी बड़े नुकसान के इंतजार में है। इसीलिए शायद एनएच प्राधिकरण डंगे लगाना उचित नहीं समझ रहा।

यहां बड़े चील के पेड़ों की जड़ें साफ दिख रही हैं, जो आने वाली बरसात में मिट्टी सहित भूस्खलन का शिकार होते हुए किसी बड़े हाथ से को अंजाम दे सकती हैं। पंजौह पंचायत की प्रधान एवं स्थानीय दुकानदारों ने एनएच प्राधिकरण से मांग की है कि जल्द से जल्द इस खाली बड़ी जगह पर एक बड़े डगें का निर्माण करवाया जाए, क्योंकि कांदू बाजार में आने-जाने वाली गाड़ियां चाय-पानी के लिए यहां जरूर रुकती हैं। हमेशा यहां कोई न कोई गाड़ी या सवारियां खड़ी मिल ही जाती हैं। अगर यह भारी भरकम पेड़ नीचे गिरते हैं, तो बड़ा जानमाल का नुकसान भी देखने को मिल सकता है। इसलिए स्थानीय दुकानदार एवं मौजूदा ग्राम पंचायत प्रधान ने एनएच प्राधिकरण एवं प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस यहां एक बड़े डंगे का निर्माण कार्य करवाया जाए, ताकि स्थानीय दुकानदार भी चैन की सांस ले सकें। देखने वाली बात यह भी है कि वन विभाग भी इसको लेकर बीते काफी समय से चुप्पी साधे हुए है। हालांकि बीते समय में यहां वन संपदा का भी काफी नुकसान हुआ है और भविष्य में और ज्यादा हो सकता है।

## चौहजड़ कुलदेवी ट्रस्ट 8 फरवरी को लगाएगी आई चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, गरली।** चौहजड़ कुलदेवी ट्रस्ट 8 फरवरी को गांव बग्गी खुंडियां में आखों का फ्री मेडिकल कैंप लगाएगी। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रबंधक बृज मोहन सूद परागपुर ने बताया कि अमर चंद बुटेल आई अस्पताल परागपुर के सहयोग से रोटरी आई अस्पताल मारंडा द्वारा यह निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। इसमें जिलाभर के तमाम नेत्र रोगियों का आई अस्पताल मारंडा से आने वाली विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की ओर से निशुल्क चेकअप किया जाएगा।

# प्रयागराज के लिए यात्रियों को अब स्पेशल ट्रेनों में भी नहीं मिल रहीं सीटें

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली नियमित ट्रेनों में सीटें पहले ही बुक हो जाने पर अब स्पेशल आरक्षित ट्रेनों में भी यात्रियों को सीटें नहीं मिल रही हैं। अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग 50 से 60 तक पहुंच गई है। खासकर दूसरे राज्यों से आने वाली ट्रेनों में सीट की कमी देखने को मिल रही है। महाकुंभ को चलने वाली सभी स्पेशल आरक्षित ट्रेनें पैक हो गई हैं। ऐसे में महाकुंभ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश व बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए भी दिक्कतें पैदा हो गई हैं। पठानकोट रेलवे अधिकारी मुताबिक प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश जाने वाली ट्रेनें मार्च के पहले सप्ताह तक पूरी तरह से पैक हो चुकी हैं। स्पेशल ट्रेनें भी 26 फरवरी तक पैक हैं। महाकुंभ जाने



वाले लोगों को ट्रेनों में सीट न मिलने पर अब तत्काल ही उनके लिए एकमात्र सहारा बचा है। लेकिन, तत्काल में भी जिनका नंबर पहला होता है केवल उन्हें ही टिकट मिलती है। सिटी रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज के लिए टिकट लेने के लिए आए विनोद, नरेश, अमन आदि ने बताया कि उनको बड़ी मुश्किल से ही सीट मिली। उनके पीछे जितने भी लोग लाइन में लगे थे, वे सब निराश होकर वापस चले गए।

# बंदरों के आतंक से डलहौजी और आसपास के क्षेत्रों के लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी और इसके तहत आने वाले कई गांव बंदरों के आतंक से अच्छे खासे परेशान हैं। ये बंदर अक्सर उन राहगीरों को अपना निशाना बनाता हैं, जो लोग अपने हाथों में सामान से भरे लिफाफे अथवा बैग इत्यादि लिए रहते हैं। बंदर लोगों से बैग या लिफाफे छीनकर भाग जाते हैं। कई बार बंदरों के ऐसा करने से लोग घायल भी हुए हैं। इन आक्रामक बंदरों का कई बार तो बुजुर्ग एवं बच्चे निशाना बन चुके हैं।



बात अगर प्रसिद्ध पर्यटक नगरी डलहौजी की की जाए तो गत वर्ष तीन से चार ऐसे मामले प्रकाश में आए थे कि बंदरों के झुंडों के हमले से लोगों को टांडा मेडिकल कॉलेज भेजना पड़ा था। इस बारे में वन विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत भी की गई, किंतु अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

उधर, इस बारे में वन अधिकारी डलहौजी रजनीश महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा कई बार मंकी कैचर टीम को भी तैनात किया गया तथा कई बंदरों को पकड़कर दूर जंगलों में भी छोड़ा गया, किंतु ये दोबारा से आबादी वाले क्षेत्र का रुख कर लेते हैं। अभी मौजूदा समय में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड अधिक होने के कारण ये निचले क्षेत्र का रुख कर लेते हैं। प्रशासन अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा है कि इस समस्या का कोई ठोस हल निकाला जाए।

काबिले गौर है कि तमाम डलहौजी क्षेत्र में बंदरों की तादाद में काफी इजाफा हो गया है। इनके झुंड खेतों में लगी फसलों, फलों, फूलों एवं हर उस चीज का नुकसान करते हैं, जो घरों के बाहर रहती हैं। दिन ब दिन बढ़ रहे इनके आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। डलहौजी, डलहौजी छावनी, बनीखेत, पुखरी ढलोग बगढार रोहला, रूलयानी, कोठा एवं बाथरी एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का आतंक इस तरह व्याप्त है कि लोगों को घर से निकलने पर डंडे इत्यादि हाथों में लेने पड़ते हैं।

# धर्मसेवकों ने गो हत्या बंद करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



मंडी में प्रदर्शन करते हुए धर्म सेवक संस्था के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्म सेवक संस्था के युवाओं ने सोमवार को मंडी में गो माता पर हो रहे अत्याचार व गो तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर शहर भर में प्रदर्शन किया तथा इस बारे में एक ज्ञापन भी उपायुक्त को सौंपा।

धर्म सेवक के अध्यक्ष आयुष शर्मा ने बताया कि उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में उनके ध्यान में लाया है कि कुछ सालों से गो माता का मारा जाना आम सा हो गया है। गाय माता को जगह जगह पर यूं ही छोड़ दिया जाता है तथा गो तस्करी भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। पूरे संसार में गाय को माता कहा जाता है मगर यह बातें यह सिर्फ कहने भर के लिए रह गई हैं।

मांग की गई है कि गो हत्या को बंद करवाया जाए तथा गो माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए। जिन गोशालाओं की हालत दयनीय है उन्हें यह तो बंद किया जाए ।

# संधोल में बिजली ट्रांसफार्मर चोरों के हौसले बुलंद

**रितेश, सरकाघाट**

जिले के प्रवेश द्वार संधोल में चोरों के हौसले काफी बुलंद हो गए है। यहां सिलसिलेवार चोरी की बड़ी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अब चोरों ने एक बार फिर से बिजली के बड़े ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया है।

बता दें कि संधोल से हमीरपुर जिला की तरफ पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह के बेटे और पुर भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर के रजत स्टोन क्रशर बक्कर खड्डु में रखे 250 केवी के ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया है, लेकिन गनीमत रही कि क्रेशर के ही एक कर्मचारी को घटना का पता चल गया और चोरों को सामान छोड़ वहां से भागना पड़ा।

क्रशर मालिक ने वहां लगे ट्रांसफार्मर को उतार कर वहां अन्य

**पूर्व मंत्री के बेटे के क्रशर का ट्रांसफार्मर ही उड़ा रहे थे चोर**

बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया था और चोरों ने उतारे हुए पुराने ट्रांसफार्मर को चोरी करने के लिए पहले उसका ऑयल निकाला फिर महंगी तारों क्रायल को काट कर बाहर निकाला था तभी क्रशर का एक कर्मचारी जग गया और उसने शोर मचा दिया, जिससे चोर वहां से रफूचक्कर हो गए।

बता दें कि क्षेत्र में चोर गिरोह काफी सक्रिय हो गया है और आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं जिसमें हफ्ता भर पहले बाल्याली में मकान के ताले टूटे थे, जबकि ठीक इसी प्रकार विद्युत उपमंडल संधोल में ही बिजली के दो बड़े ट्रांसफॉर्मर चोरी हो चुके है, जिसका पुलिस अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। बता दें कि दो पहले और करीब छह महीने पहले संधोल विद्युत उपमंडल के बल्याली गांव के समीप मसोत खड्डु से 630 केवी के बिजली के दो ट्रांसफॉर्मर चोरी हुए थे। तीनों चोरियों का तरीका एक जैसा है, इसका खुलासा तब हुआ था जब एक महीने पहले विभाग के ही उच्च अधिकारी इसके निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उक्त ट्रांसफार्मर के समीप इसके अवशेष पड़े हुए मिले थे। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है और चोरी का कुछ सामान बरामद कर लिया गया है जिसे चोरों ने इधर उधर फेंक दिया था। इसके अलावा सीसीटीवी और अन्य तथ्य जानकारियां जुटाई जा रही है।(अनंत ज्ञान)

## जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सरकाघाट थाना में जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु होने पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय उमेश कुमार पुत्र इंद्र सिह गांव कलोट डाकघर रखोह तहसील सरकाघाट जिला मंडी ने गलती से जहर निगल लिया जिस कारण उसकी नेरचौक मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सरकाघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। उधर, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।



# ग्राम पंचायत जिल्हन के लोगों की टिक्कन उपतहसील से जुड़ने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट**

जिला की पधर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जिल्हन के लोगों ने उपतहसील टिक्कन के तहत आने के लिए एक बार फिर से अपनी आवाज को बुलंद कर दिया है।

जिल्हन गांव के निवासी व जिल्हन पंचायत के उपप्रधान सुख राम ठाकुर ने कहा कि जिल्हन पंचायत में जिल्हन, हड़गाण, मरखाण, दलाउसा, शौधगण, माली रा डुग, फुलाधार, भरलेन, डंगर, फूटाखल, ग्वालन, लखवाण, शिल्हा, स्वाड़, संदेड़ा आदि गांव आते हैं और ये सभी गांव उपतहसील टिक्कन कार्यालय के समीप ही पड़ते हैं। मगर उसके बावजूद भी जिल्हन पंचायत इन गांवों को उपतहसील टिक्कन की बजाय पधर तहसील के अधीन रखा गया है, जिस कारण पंचायत के समस्त लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर गत कई वर्ष पूर्व से ही गांव दलाउसा के निवासी व समाजसेवक स्व. मंगल सिंह ने आवाज को बुलंद किया था, मगर फिर भी सरकार ने उनकी आवाज को दबाए ही रखा। अब लोगों ने एक बार फिर से इस समस्या को उजागर करते हुए जिल्हन पंचायत के लोगों की बेहतर सुविधा के लिए इन सभी गांवों को पधर तहसील के अधीन न रखते हुए उपतहसील टिक्कन के अंतर्गत लाया जाए।

**सूडोकु 0044** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0043 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

21 जनवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत पौष, **तिथि** सप्तनी (12:42): **नक्षत्र** चित्रा (11:37), **पक्ष :** कृष्ण, योग : धृति(03:48) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:53), **राहुकाल** (03:11 -04:31)।

**विशेष दिन**

21 जनवरी : रामानंदाचार्य जी की जयंती आज

21 जनवरी। स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती आज।

**मेष:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे।

**वृषभ:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मागना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था। आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी।

**कर्क:** अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करना पड़ सकती है।

**सिंह :** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते है। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग हैं

**कन्या :** सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**तुला:** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे।

**वृश्चिक:** अपने हिसाब से जिन्दगी जिना पसंद रहेगा। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे। वे आप का विरोध करेंगे। भवन भूमि के विवादों का अंत होगा।

**धनु :** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें।

**मकर :** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें।

**कुंभ :** सेहत को नजरअंदाज न करें। आनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नही है। मेहमानों की खातिरदारी करनी पड़ेगी।

**मीन :** जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

# महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एनटीपीसी कोलडैम की नैगम सामाजिक दायित्व गतिविधियों के अंतर्गत हिमकॉन शिमला के सहयोग से शिमला जिले के गांव मण्ढोडघाट में परियोजना प्रभावित परिवारों की महिलाओं के लिए आयोजित चार माह के मशीन निटिंग कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हो गया।

प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समापन उपरांत कोलडैम परियोजना की वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर डॉ. अंजुला अग्रवाल, सहायक प्रबंधक सीएसआर पूरन सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व निटिंग मशीन प्रदान की गई। इस मशीन निटिंग कोर्स में परियोजना प्रभावित क्षेत्र की 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।





कार्स के समापन अवसर पर महिलाएं व मुख्यातिथि सामूहिक चित्र में।

**एनटीपीसी कोलडैम मंढोडघाट में मशीन निटिंग कार्स संपन्न**

अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और उनको प्राप्त प्रशिक्षण से स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने अपना व्यवसाय भी शुरू कर दिया है, जिससे उनके लिए स्वरोजगार का सृजन हुआ है।

## बल्ह में मारपीट व गाली गलौज का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में मारपीट और गाली गलौज का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार कांता देवी पत्नी घनश्याम गांव दारखड डाकघर गुरुकोठा तहसील बल्ह मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि मेरी देवरानी गीता देवी ने मुझे रोक कर गाली गलौज करके डंडे से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। उधर, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## गाली-गलौज व जातिसूचक शब्द कहने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जंजैहली थाना में गाली-गलौज करने व जातिसूचक शब्द कहने पर मामला दर्ज हुआ है। जानकारी अनुसार गोकल चंद पुत्र गेहरू राम गांव बुछेर डाकघर जाओ तहसील आनी जिला कुल्लू ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह रामपुर से कुल्लू वापस आ रहा था, तो जलोडी जोत बंद होने के कारण वह वाया छतरी आया।

इस दौरान बेठवा नामक स्थान पर एक आदमी गोकल की गाड़ी में बैठ गया और उसे गाली गलौज देने लगा तथा जातिसूचक शब्द भी कहे। उसने गोकल का पर्स भी छीन लिया, जिसमें कुछ कागज व पैसे थे। जंजैहली पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**पहल** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिकों ने किसानों को दिया डेमो

# संधोल में ड्रोन से होगा खेतों में यूरिया का छिड़काव

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

ड्रोन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया का स्प्रे करने के प्रोजेक्ट को कृषि विभाग ने धरातल पर उतारने की कवायद शुरू कर दी है, जिसके तहत कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के वैज्ञानिकों द्वारा तहसील संधोल के खेतों डोघी क्षेत्र में सोमवार को ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर किसानों को लाइव डेमो बताया गया।

कृषि विकास केंद्र सुंदरनगर के वैज्ञानिक डॉक्टर दिनेश यादव ने किसानों को इस तकनीक के फायदे गिनते हुए बताया कि रासायनिक खादों के अत्यधिक इस्तेमाल से फसलों पर काफी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। फसल उत्पादन की लागत बढ़ गई है और खाद की डिमांड भी अधिक रहती है।



ऐसे में सरकार किसानों को दानेदार यूरिया की बजाए नैनो यूरिया के इस्तेमाल के प्रति प्रेरित करने के लिए कदम उठा रही है। तरल रूप में मौजूद नैनो यूरिया से खेत में आवश्यकता से अधिक यूरिया के छिड़काव से पैदा होने वाली समस्याएं दूर हो सकती हैं। पायलट प्रोजेक्ट के तहत किसानों को जागृत करने के लिए कृषि विभाग को ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव करने के लिए किसानों को जागरूक करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें आज विभाग ने मुफ्त ड्रोन के माध्यम से करीब डेढ़ सौ बीघा खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव कर लोगों को डेमो दिया गया। नैनो यूरिया मिट्टी और फसल के लिए भी उपयोगी होती है। इससे मृदा की उपजाऊ क्षमता भी कम नहीं होती है।(अनंत ज्ञान)

**जो** एक अच्छा अनुयायी नहीं हो सकता वह एक अच्छा नेता नहीं हो सकता। –अरस्तु

## संपादकीय

# महिलाओं की सुरक्षा

कोलकाता के बहुचर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए रेप और मर्डर केस में अदालत ने आखिर अपना फैसला सुना दिया। रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत का यह फैसला इस तरह की मानसिक विकृति के लोगों को कई तरह के सबक दे गया है। निश्चित रूप से इस फैसले से सबक जरूर मिलेगा, लेकिन जिस परिवार ने अपनी बेटी खोई उसका क्या? न्याय की लंबी प्रक्रिया के बाद भी दोषी को उम्रकैद की ही सजा सुनाई गई, जबकि पीड़िता के परिजन फांसी की सजा की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि, कोलकाता रेप मर्डर मामले में दोषी को सजा देने के कई मायने हैं। यह न केवल न्याय प्रणाली की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह अपराधियों को भी एक स्पष्ट संदेश देता है कि ऐसे अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि आखिर दोषियों को सजा दिए जाने के बाद भी देश में दुष्कर्म के मामले कम क्यों नहीं हो रहे? एक तरफ हम महिलाओं को पुरुषों के समान समझते हैं और दूसरी तरफ उनकी सुरक्षा ताक पर है। ऐसे हालात में आखिर वह देश के विकास में अपना योगदान दे तो कैसे? जब रेप जैसी वारदातें सामने आती हैं तो निश्चित रूप से महिलाओं में असुरक्षा की भावना जागृत हो ही जाती है। यही वजह है कि पढ़ी-लिखी असंख्य महिलाएं आज भी घर से बाहर जाने से कतराती हैं।

नौकरी करने से डरती हैं। वह अपनी इज्जत को बचाए रखना चाहती हैं। बेशक सरकारें महिलाओं की सुरक्षा के जितने दावे कर लें, लेकिन इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की दशा आज भी दयनीय बनी हुई है। बहरहाल, इस सजा से अपराधियों को यह सबक जरूर मिलेगा कि वे अपने अपराधों के लिए जवाबदेह होंगे। यह न्याय प्रणाली की प्रभावशीलता को भी बढ़ावा देगा और इससे पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिलेगा। यह महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेप एक बहुत ही घिनौना और आपराधिक कार्य है, जो किसी भी समाज में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। यह कार्य न केवल पीड़ित की शारीरिक और मानसिक सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है। रेप के पीछे की मानसिकता अक्सर शक्ति की भावना, नियंत्रण और पीड़ित के प्रति अपमान और घृणा से प्रेरित होती है। यह मानसिकता पुरुषों की पितृसत्तात्मक और शक्ति-केंद्रित सोच से जुड़ी हुई है, जो महिलाओं को वस्तु के रूप में देखती है और उनकी स्वतंत्रता और अधिकारों को नकारती है। इस मानसिकता को बदलने के लिए समाज में एक बड़े परिवर्तन की आवश्यकता है। हमें महिलाओं के प्रति सम्मान और आदर की भावना को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें समान अधिकार और अवसर प्रदान करना चाहिए।

इसके अलावा, हमें पुरुषों को भी शिक्षित करना चाहिए कि वे महिलाओं के प्रति कैसे व्यवहार करें और उन्हें सम्मान देना सीखें। बेशक यह एक लंबी और कठिन प्रक्रिया होगी, लेकिन हमें इसे पूरा करना होगा ताकि हम एक सुरक्षित और न्यायपूर्ण समाज बना सकें। महिलाओं, खासकर कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे हमें गंभीरता से लेना चाहिए। कामकाजी महिलाओं खासकर रात को नौकरी करने वाली महिलाओं को सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था करना समय की मांग है। महिलाओं के लिए विशेष बसें या टैक्सी उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। यदि महिलाओं की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो उन्हें नौकरी करना मुश्किल हो जाएगा। कार्यस्थल पर भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए ताकि यौन उत्पीड़न के मामलों से निपटा जा सके। महिलाओं के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था करना, जैसे कि महिला छात्रावास या सुरक्षित अपार्टमेंट बनाना भी बेहतर रहेगा। महिलाओं के लिए सुरक्षा ऐप्स विकास करना, जैसे कि पैनिक बटन या स्थान ट्रैकिंग करने से भी रेप की घटनाओं को काफी हद तक काबू किया जा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए समाज में अवसर प्रदान करने चाहिए। महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के लिए कानूनी और सामाजिक सुधार करना अति आवश्यक है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म अभिनेता

**सुशांत** सिंह राजपूत भारतीय फिल्म अभिनेता, थियेटर और टीवी कलाकार थे। उन्होंने सबसे पहले 'किस देश में है मेरा दिल' नामक धारावाहिक में काम किया, लेकिन उनको पहचान एकता कपूर के धारावाहिक 'पवित्र रिश्ता' से मिली। इसके बाद उन्हें फिल्मों के प्रस्ताव मिलना शुरू हुए। उनकी पहली फिल्म 'काय पो छे!' थी, जिसमें उनके अभिनय की काफी तारीफ भी हुई। 'काय पो छे' के बाद सुशांत सिंह राजपूत 'शुद्ध देसी रोमांस' में वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा के साथ दिखे। फिल्म सफल रही और सुशांत का फिल्मी कॅरियर परवान चढ़ गया। 2016 में आई प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की आत्मकथा 'एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' उनकी सबसे चर्चित फिल्मों में से एक थी। सुशांत सिंह राजपूत ने कुल 12 प्रसिद्ध फिल्मों और दो प्रसिद्ध टीवी धारावाहिकों में अभिनय किया। अपने व्यावसायिक जीवन के चरम वर्षों में, केवल 34 वर्ष की उम्र में सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया। उन्हें मुंबई (बांद्रा) स्थित अपने घर में मृत पाया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार संभावित है कि उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके इस कदम का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, परंतु प्राथमिक सूचना इस बात का संकेत देती है कि वे अपने जीवन के अंतिम छह महीनों से अवसादग्रस्त थे। सुशांत सिंह राजपूत के कॅरियर की शुरुआत बैकअप डांसर के रूप में हुई और उन्होंने फिल्मफेयर अवार्डस में भी कई बार डांस किया। वहीं पर उनको सबसे पहले बालाजी टेलीफिल्मस की कास्टिंग टीम ने नोटिस किया, जिसके बाद उनके कॅरियर की शुरुआत 'किस देश में है मेरा दिल' नामक सीरियल से हुई, जिसमें उन्होंने प्रीत जुनेजा का किरदार निभाया था, लेकिन जीटीवी का शो 'पवित्र रिश्ता' उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। ■



सुशांत सिंह राजपूत
जन्म : 21 जनवरी, 1986
मृत्यु : 14 जून, 2020

## कविता

### सूरज मामा



राकेश डोगरा

*सूरज मामा सूरज मामा हो कितने चालाक,*
*हम बच्चों को धरा पे छोड़ा रहते खुद आकाश।*
*ठंडी सुबह की किरणें मन में ले आती उल्लास,*
*दोपहर का आलम करवाता है गर्मी का एहसास।*
*दिनभर खूब चमकते हो देते जग को प्रकाश,*
*चले जाते हो दूर कहीं तुम होती है जब रात।*
*बादलों में छिप जाते हो जब होती बरसात,*
*फिर भी रोज निकलते हो नहीं लेते अवकाश।*
*तुम मेरी नानी के बेटे है हम को विश्वास,*
*आसमान पर हम भी घूमें ऐसी दो सौगात।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ई-केवाईसी अवश्य करवाएं और सरकारी योजना का लाभ उठाएं

आज ई-केवाईसी का जमाना है, अगर आप बिजली के उपभोक्ता हो, जमीन पर मालिकाना हक रखते हो या फिर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड सूची में तो आपका नाम है ही है तो आजकल के दोनों में आपको एक महत्वपूर्ण कार्य करना है और वह कार्य है ई-केवाईसी करवाना। ई-केवाईसी का फुल फॉर्म है, इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर। यह एक प्रक्रिया है जिसके जरिए ग्राहक की पहचान और पते को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सत्यापित किया जाता है। ई-केवाईसी, पारंपरिक केवाईसी प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाती है। ई-केवाईसी से पहचान की चोरी, धोखाधड़ी, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी वित्तीय अपराधों को रोकने में मदद मिलती है। ई-केवाईसी से सुरक्षा मजबूत होती है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

ई-केवाईसी करवाने का अर्थ यह है कि आपको उन निर्धारित खातों के साथ अपने आधार कार्ड को लिंक करवाना है, अपने मोबाइल नंबर को लिंक करवाना है, जिससे उस निर्धारित खाते के साथ आपकी पक्की पहचान हो सके कि यह खाता आपका ही है तथा उससे कोई भी फर्जी काम न किया जा सके। अगर आपको पटवार वृत्त में जमीन की खतौनी ही लेनी है और आपका मोबाइल नंबर खतौनी के साथ दर्ज है अर्थात आपकी ई- केवाईसी हुई है तो सबसे पहले आपके मोबाइल को ओटीपी जाएगा और अगर आप अनुमति देंगे तू ही आपकी खतौनी जारी की जाएगी। ई-केवाईसी आप खुद भी या फिर किसी लोक मित्र केंद्र पर जाकर अपने मोबाइल फोन पर निर्धारित पोर्टल पर कर सकते हैं




ज्ञात KYC रजिस्ट्रेशन (KRA) एजेंसी के आधिकारिक पोर्टल पर लॉग-इन करें। अपनी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करके अकाउंट बनाएं।

अपने आधार कार्ड से लिंक अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर प्रदान करें। आपके मोबाइल नंबर पर भेजा गया OTP दर्ज करें। अपने ई-आधार की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी सबमिट करें। ई-केवाईसी करना सरकार की एक बहुत अच्छी पहल है इससे लाभार्थियों का सही चयन करने में सरकार को आसानी रहेगी तथा भाई-भतीजावाद के नाम पर जो व्यक्ति आईआरडीपी तथा पीडीएस जैसे के क्षेत्र में फर्जी राशन कार्ड यह फर्जी सब्सिडी का लाभ उठाकर सरकार को चूना लगा रहे थे उसे स्थिति से सरकार को निजात मिलेगी। परिणामस्वरूप सरकार का बहुत सा धन जो व्यर्थ जा रहा था, उसे फिजूल खर्ची पर अंकुश लगेगा और अब सरकार को चुनाव न लगकर सही पात्र व्यक्ति को ही सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ मिलेगा अत: है यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है क्यों है सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-केवाईसी जहां-जहां जरूरत है तथा उचित रूप से सरकार की योजना का भी लाभ उठाएं। सरकार हर संभव यह प्रयत्न कर रही है कि जैसे ही व्यक्ति के आधार कार्ड का नंबर डाला जाएगा, व्यक्ति की संपूर्ण जानकारी कि व्यक्ति क्या काम करता है, इनके बैंक खाते में कितने रुपए जमा है, इनके पास क्या-क्या भौतिक संसाधन है, अपना मालिकाना घर है या नहीं, व्यक्ति के नाम पर कितनी जमीन है, व्यक्ति आयकर दाता है या नहीं, व्यक्ति आज दिन तक कौन-कौन सी सरकारी योजना का लाभ उठा चुका है, इसकी अतिरिक्त व्यक्ति ने कौन-कौन सी उपाधियां अर्जित की है तथा व्यक्ति का शैक्षणिक स्तर क्या है यह सब जानकारियां व्यक्ति के आधार कार्ड मात्र से ही एकदम से मिल जाएंगी यह बहुत बड़ा फायदा है तथा व्यक्ति को बार-बार कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की समस्या से निजात मिलेगी तथा सरकार को भी सुलभता के साथ व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने में सरलता होगी। इससे एक और जहां धन और समय की बचत होगी वहीं सही लाभार्थी का चयन करने में भी आसानी होगी। कोई भी अभियान जन सहयोग के बिना सफल नहीं होता, सरकार जो भी योजनाएं बनाती हैं।

वह प्रत्येक नागरिक को लाभ प्रदान करने के लिए होती है और न जाने आज दिन तक कितनी सरकार ने योजना बनाई उन योजनाओं को अमली जामा पहनाने की कोशिश की, परंतु देखने की बात यह है कि जिन योजना को जनसमूह के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया वे योजनाएं धरातल पर एकदम से सही बैठी और सरकार को अपार सफलता भी इन योजनाओं को लागू करने में मिली, परंतु जिन योजनाओं को लोगों ने सहयोग नहीं किया, लोग जिस योजना के साथ प्रमुख रहे वह योजना आज दिन तक असफल ही साबित हुई है यही जनमत की सबसे बड़ी ताकत है, क्योंकि आज का युग लोकतंत्र का युग है इसमें आम जनमानस का विचार या भाव जब सरकार तक पहुंचता है तो सरकार भावना के तहत कार्य करती है, परंतु अब सरकार की नीतियों और कार्यक्रम स्पष्ट है वह चाहती है कि हर एक व्यक्ति का अंकेक्षण करके आधार कार्ड के साथ हरेक खाते को लिंक किया जाए, जिससे जिस व्यक्ति का वह खाता है उसका सही पता लग सके तथा जो व्यक्ति सरकारी अनुदान का अनुचित लाभ उठाकर सरकार की एक बहुत बड़ी रकम को चूना लगा रहे हैं उसे समस्या से निजात मिल सके।

आज का युग वैज्ञानिक युग है इस युग में कोई व्यक्ति चाह कर भी अपने आप को छुपा नहीं सकता, इसलिए सरकार का सहयोग करना ही व्यक्ति का परम कर्तव्य बनता है। सरकारी संपत्ति भी हमारी अपनी संपत्ति है इसका दुरुपयोग किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए व्यक्ति को स्वत: ही अपनी ई-केवाईसी करवानी चाहिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए कि वह प्रत्येक खाते के साथ निर्धारित दस्तावेजों के साथ ई केवाईसी करके सरकार का सहयोग दें जिससे सरकार के अनावश्यक खर्च के ऊपर रोकथाम लग सके तथा सरकार का आर्थिक सुदृढ़ीकरण हो जब सरकार आर्थिक रूप से मजबूत होगी, तब ही वह लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाने में सक्षम होगी। ई- केवाईसी के बहुत से लाभ है इसको करवाकर अनावश्यक दस्तावेजों के संग्रहण से निजात मिलेगी तथा आपके दस्तावेजों का दुरुपयोग भी कोई नहीं कर सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# वर्तमान में सबसे बड़ा उपकार...बढ़ाना होगा वन विस्तार

मानव जीवन का अस्तित्व इस धरती पर कब से है और कब तक रहेगा यह युगों-युगों से एक रहस्य है और शायद रहस्य ही रहेगा। यद्यपि वैज्ञानिक अनुसंधान और अध्ययनों ने काफी प्रयास किया है कि इस रहस्य को उजागर किया जाए, परंतु प्रकृति सर्वोच्च सत्ता है और उसके गूढ़ रहस्यों को शायद ही कभी भी समझ पाने की हैसियत मानव में विकसित हो पाए। आज जिस दौर से मानव पीढ़ी गुजर रही है वह निस्संदेह ही चिंता और सोचने का गंभीर विषय है, जिसमें बहुत से लोग और प्रकृति पुजारी, वैज्ञानिक और समाजसेवी अवश्य ही शामिल होंगे।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

आधुनिकता के बढ़ते प्रभाव ने निस्संदेह मानव बुद्धि और संवेदना को चेतनाहीन कर दिया है। मानव इतना अहसानफरामोश और स्वार्थी हो गया है कि उसे अपनी सुख सुविधाओं के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि इस वसुंधरा को कैसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाए। एक अध्ययन के अनुसार किसी भी क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक तिहाई भाग पर वन विस्तार होना चाहिए, परंतु वर्तमान परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए यह नाकाफी है, क्योंकि बड़े पैमाने पर भौतिक और औद्योगिक विकास के कारण वातावरण में विषैले पदार्थ और हानिकारक रसायनों तथा दूषित गैसों के कारण पर्यावरण पर अत्यधिक बोझ पड़ रहा है। आज आधुनिकता के नाम पर बड़े बड़े उद्योग, शहरीकरण, फैक्ट्रियों, औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की और वाहनों की बढ़ती संख्या के लिए सड़क सुविधाओं के विस्तारीकरण के लिए प्रकृति से किया जा रहा नासमझी से भरा हुआ खिलवाड़ निकट भविष्य में मानव पीढ़ी के लिए भयंकर साबित होकर रहेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।



प्रतिदिन बढ़ती हुई आपदाओं, असमय वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ की समस्या, बादल फटने की घटनाएं, भूमंडलीय तापमान में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं और मात्र पर्याप्त संख्या में पेड़ लगाकर ही हम ऐसी समस्याओं से निजात पा सकते हैं। दियों से इस धरती पर पेड़ों का अतुलनीय योगदान रहा है और पेड़ों की पूजा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रही है क्योंकि हमारे ऋषि मुनियों और मनीषियों ने धरा पर पेड़ों की आवश्यकता और महत्व को भलीभांति महसूस किया था। पेड़ न केवल धरती की सुंदरता और शोभा को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य करते हैं, बल्कि मानव जीवन और सभी जीवधारियों के अस्तित्व के लिए उपयोगी और सबसे महत्वपूर्ण तत्व प्राणवायु का भी वातावरण में निष्पादन का दायित्व भी निभाते हैं। आज आधुनिकता के दौर में मानव पीढ़ी भौतिकवादी प्रवृत्ति के कारण सुख सुविधाओं के लिए इतनी आतुर हो रही है कि उसे इस बात का तनिक भी आभास नहीं है कि सभी सुख सुविधाओं से महत्वपूर्ण मानव जीवन और अस्तित्व है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि मानव जाति को पेड़ों के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए और उनमें पौधारोपण के लिए अभिरुचि का विकास किया जाए, भले ही इसके लिए सरकार, प्रशासन और सरकारी विभागों और कर्मचारियों के दायित्व सुनिश्चित किए जाएं। मानव जीवन का अस्तित्व मात्र स्वस्थ शरीर, शुद्ध वातावरण और जीवनी शक्ति प्राणवायु से है जो किसी भी प्रकार की अन्य सुविधा से अधिक उपयोगी और महत्वपूर्ण है। यह हमारा दायित्व और सौभाग्य भी होगा कि हम अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और खुशहाल जीवन के लिए हरियाली और खुशहाली से भरा हुआ वातावरण देकर जाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**गाय** और सांड जो हिंदू समाज में किसी समय पूजनीय थे, आज हमारा समाज उन्हीं का बहिष्कार कर रहा है जो कि हमें ही महंगा पड़ रहा है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं के कारण हो रही हैं और यह कहना गलत नहीं है कि इसमें कहीं न कहीं मानव का ही दोष है। आवारा जानवरों को सड़क के जानवरों के रूप में परिभाषित किया गया है जो सड़क पर पैदा होते हैं और प्रजनन करते हैं और कभी भी स्वामित्व में नहीं होते हैं, खोए हुए जानवर जो घर का रास्ता नहीं ढूंढ सकते हैं किसी सरकारी या गैरसरकारी संगठन, पशु चिकित्सालय, गोशाला अथवा डेयरी फार्म के द्वारा अनुपयोगी पशु के रूप में जो निकाल दिए जाते हैं। आवारा जानवर जंगली जानवर नहीं हैं। वे जहां भी जाते हैं, वे घरेलू जानवरों के रूप में रहते हैं। आवारा जानवरों का मुख्य कारण परित्याग है जिसके बाद उनके बीच अनियंत्रित प्रजनन होता है। **केवल सिंह, रैत**

# युवा खिलाड़ियों के लिए महाकुंभ से कम नहीं है ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिताएं

जिला सिरमौर के गिरिपार में वर्तमान समय में अनेक क्षेत्रों में क्रिकेट की हजारों खेल प्रतिभाएं अपने हुनर और काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं। जिस प्रकार गिरिपार के दुर्गम क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता, परंतु जिस प्रकार गिरिपार के अनेक दुर्गम क्षेत्रों से क्रिकेट के प्रति युवाओं का खासा रुझान देखने एवं सुनने को मिलता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

गिरिपार क्षेत्र में अनेक क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है, जिसमें पहले की अपेक्षा वर्तमान में पुरस्कार राशियों में भी खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती हैं, जिसमें अधिकांश क्षेत्रों में एक एक लाख रुपए प्रथम और पचपन हजार द्वितीय पुरस्कार राशी प्रदान की जा रही है। गिरिपार क्षेत्र में खेल मैदान के छोटे होने के कारण एवं खेल सुविधाएं न होने के कारण अधिकांश क्षेत्रों में जाली वाले बाल से खेले जाते हैं, जिसमें आठ ओवरों, छह ओवरों और दस ओवरों के मैच करवाएं जाते हैं, परंतु जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश में दशकों से क्रिकेट के सैकड़ों होनहार और उम्दा खिलाड़ी देखने को मिलते हैं।

काश अगर हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सरकार एवं संबंधित विभाग खेल सुविधाओं में इजाफा करतीं हैं, तो निसंदेह हिमाचल प्रदेश से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी देखने को मिलेंगे, हिमाचल प्रदेश के अनेक जिलों में जिस प्रकार हर गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने और सहयोग प्रदान करने के लिए गांव क्षेत्र के सभी बच्चे, युवा यहां तक कि बुजुर्ग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं



और युवाओं का मनोबल बढ़ाते हैं वह शायद ही अन्य राज्यों में देखने को मिलता हो, जिला सिरमौर के गिरिपार में जैसे हाल ही में क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें जैसे शिलाई क्षेत्र के ऐतिहासिक क्रिकेट खेल मैदान (मिल्ला) में शुरू हुई है जिसमें एक लाख कि प्रथम पुरस्कार और पचपन हजार द्वितीय पुरस्कार दिया जाएगा। जिस खेल मैदान में बहुत ही रोमांचक मुकाबले दर्शकों को देखने को मिल रहे हैं।

नाया गांव, शिल्ला गांव, पांव कफोटा, भुजोन, शरली, पोका में भी हाल ही में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कमरऊ, ढांढस, सतौन में शानदार आयोजन हुए तो वहीं बकरास, शिलाई,कफोटा,चांदनी, सतौन इत्यादि अनेक क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतियोगिताएं होनी प्रस्तावित है। इस प्रकार अनेक क्षेत्रों में क्रिकेट के प्रति युवाओं की दीवानगी खास देखने को मिलती हैं। दूसरी ओर हम सभी युवा भी समस्त क्रिकेट प्रेमियों और होनहार खिलाड़ियों से जनहित में अपील एवं निवेदन करते हैं कि युवा नशे से दूर होकर खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करें, ताकि आपसे भविष्य में अन्य व्यक्ति भी प्रेरणा लेते रहे ऐसी कामना एवं उम्मीद करते हैं, क्योंकि खेल ही एकमात्र ऐसा महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है, जिसके माध्यम से हम शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत और कही न कही सफल हो सकते हैं। जानकारी अनुसार अनेक क्षेत्रों से समय-समय पर विभिन्न खेल क्षेत्रों में खासकर कबड्डी के क्षेत्र में जिला सिरमौर के गिरिपार की बेटियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है।

अन्य जिलों एवं क्षेत्रों की बेटियों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई है और यह कारवां वर्तमान में भी जारी है, इस प्रकार अनेक क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं का खासा रुझान देखने को मिलता है तो वहीं क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल के प्रति क्षेत्र में खासी दिलचस्पी सुनने को मिलती हैं, जिस प्रकार वर्तमान में जिला के अनेक क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है, जिससे ऐसा लगता है कि मानो गिरिपार क्षेत्र में क्रिकेट महाकुंभ आयोजित हो रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतिकरण सूझबूझ तरीके से कर रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। पारदर्शिता का प्रकाशन, शब्दों में सुशासन, संवाददाताओं का अपने कर्म के प्रति अनुशासन ही अनंत ज्ञान की पहचान है। अनंत ज्ञान पाठकों को स्टीक और त्वरित जानकारियां पहुंचा रहा है। हम आपकी अखबार और टीवी चैनल के माध्यम से प्रदेशभर की खबरें पढ़ते आ रहे हैं। आपके द्वारा दी गई सारी जानकारी हमारे लिए बहुत उपयोगी रहती है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है। सभी पाठकों को पर्दे के पीछे कार्यरत सहभागियों को मेरा साधुवाद।



**मुकेश गुप्ता, सोलन**
**मोबाइल 98160 22376**

**मैं** ऊना जिले की जबेहड़ पंचायत का स्थायी निवासी हूं। किसान होने के साथ गांव का जिम्मेदार नागरिक भी हूं। इस क्षेत्र में परिवहन सुविधा कम है। महोदय, यहां लावारिस के साथ जंगली जानवरों की समस्या प्रमुख है। गांव के साथ लगते सूरी, मंझार, चक सराय पहाड़ी क्षेत्र हैं। हम बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं, जो काफी रोचक लगा। अखबार की प्रति लेने के लिए अंब जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं होता। आग्रह है कि चक, सूरी, जबेहड़ से ठेड़ा आदि रूट पर अखबार पहुंच जाए तो बेहतर रहेगा। शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।



**पंकज कुमार ( जबेहड़ ऊना )**
**मो. 8580747247**

**दैनिक** अनंत ज्ञान का लेआउट देखते ही बनता है। 14 जनवरी को मुख पृष्ठ के सिरे पर छपा सेना प्रमुख का फोटो गौरवान्वित करने वाला लगा। साथ ही महाकुंभ की फोटो सहित छपी सामग्री अच्छी लगी। हमीरपुर, बिलासपुर के अलावा चंबा/मंडी वाले पृष्ठों पर छपी खबरें जानकारीपरक हैं। ओपिनियन में लेख 'परीक्षा पर चर्चा शिक्षकों से सिर्फ शैक्षणिक कार्य ही करवाए जाएं' पसंद आया। 16 जनवरी को संपादकीय 'बढ़ता नशा चिंताजनक' पढ़ा जो खूब अच्छा लगा। सुझाव यह है कि हमीरपुर वाले पृष्ठ के स्थान पर आधे पृष्ठ पर देश-विदेश छापें उसके नीचे महिला संबंधी या बारी-बारी अन्य मैगजीन आदि छापें। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ के स्थान पर चंबा की खबरें छापें। आधा पृष्ठ और चंबा/मंडी वाले पृष्ठ पर बिलासपुर छापें तथा बिलासपुर वाले पृष्ठ पर हमीरपुर छापें। देश-विदेश वाले पृष्ठ पर सिटी ब्यूटीफुल (चंडीगढ़) छापें आज का राशिफल पहेली सूडोकू आदि मंडी के लिए एक और पृष्ठ लगाकर उसमें छापें वहीं, मंडी की खबरें भी छापें। नए पृष्ठ में विविध सामग्री प्रकाशित की जा सकती है। रही बात अनंत ज्ञान टीवी की तो यहां भी नई-नई खबरें देखने को मिलती रहती हैं, जो बहुत सराहनीय कदम है इसके लिए अनंत ज्ञान संस्थान बधाई का पात्र है। हर गांव कुछ कहता सीरीज अच्छी चल रही है। आपने अनंत आरोग्य का पूरा पेज देना शुरू किया है। इसे इसी तरह से चालू रखा जाए। अनंत ज्ञान प्रबंधन अखबार का प्रोफाइल ऊपर उठाने के लिए और भी प्रयोग करता रहे। शुभकामनाएं!



**भीम बसेडू राजपूत,मंडी**
**मोबाइल 9816129019**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702 व 80914-50407***

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हाईकोर्ट के आदेश पर उपायुक्त मंडी ने करवाई डीएवी स्कूल की निशानदेही

आदर्श, नेरचौक

डीएवी पब्लिक स्कूल डडौर की भूमि की सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा निशानदेही करवाई गई। उपायुक्त मंडी द्वारा एसडीएम बल्ह के नेतृत्व में गठित कमेटी की मौजूदगी में तहसीलदार बल्ह विपिन शर्मा व राजस्व विभाग की टीम दिन भर निशानदेही के कार्य में ड्यूटी पर जुटी रही, साथ ही स्थानीय ग्रामीण भी निशानदेही के दौरान मौके पर डटे रहे।

डीएवी स्कूल नेरचौक प्रबंधन द्वारा स्कूल के साथ लगती कंसा खड्ड में दी जा रही सुरक्षा दीवार को लेकर उपजे विवाद को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश पर उपायुक्त मंडी ने राजस्व लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग व खनन विभाग सहित इससे संबंधित तमाम विभागों को शामिल कर एक कमेटी गठित की है। कमेटी स्कूल की भूमि की निशानदेही कर स्कूल व साथ लगती कंसा खड्ड तथा कंसा मैदान की सीमा तय कर रिपोर्ट तैयार करेगी।



## निर्माण कार्य पर ग्रामीणों में रोष

निशानदेही के दौरान ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर रहा। हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी सहित मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि कंसा खड्ड में निर्माण कार्य किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। भले ही निशानदेही में भूमि डीएवी स्कूल की ही निकले। हमने जनहित याचिका तो हाईकोर्ट में दायर की ही है, लेकिन यदि डीएवी प्रबंधन ने खड्ड में निर्माण कार्य किया, तो इसके खिलाफ ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

डीएवी स्कूल को 2009 में सरकार ने जो भूमि लीज पर दी है, उसमें नियमों की अवहेलना हुई है। खड्ड में लीज दे दी गई, जो तर्क संगत नहीं है।
-बीआर कौंडल, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रमुख जन समाधान केंद्र मंडी।

डीएवी स्कूल को प्रदेश सरकार ने 2009 में 5 बीघा भूमि लीज पर दी है, जिसमें सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई हैं। 2010 में लीज पर मिली भूमि पर स्कूल भवन का निर्माण किया गया। गत वर्ष कंसा खड्ड में जलस्तर बढ़ने के कारण भूमि कटाव होने से स्कूल भवन को खतरा बना हुआ है, जिससे सुरक्षा के लिए आरसीसी नियमित स्ट्रक्चर ढांचा संरचना तैयार किया जा रहा है। माननीय न्यायालय जो फैसला करेगा वह हमें मंजूर है।
-केएस गुलेरिया, रीजनल डायरेक्टर डीएवी।

कंसा खड्ड के साथ लगते दोनों मुहाल की निशानदेही होनी चाहिए। दोनों पक्षों की सुनी जाए। हम स्कूल के खिलाफ नहीं है। निष्पक्ष निशानदेही होनी चाहिए, जिससे कंसा खड्ड को उचित स्थान मिले तथा कंसा मैदान व डीएवी स्कूल भी सुरक्षित रहे।
-पाल वर्मा, चेयरमैन जिला परिषद।

डीमार्केशन (निशानदेही) के लिए गठित कमेटी डीएवी स्कूल व कंसा खड्ड की निशानदेही कर रही है। डीमार्केशन (निशानदेही) करवा कर रिपोर्ट उपायुक्त मंडी को भेजी जाएगी।
-स्मृतिका नेगी, एसडीएम बल्ह।

डीएवी प्रबंधन कंसा खड्ड में डंगा लग रहा है, जो तर्कसंगत नहीं है। इसकी शिकायत जनहित में हमने माननीय हाईकोर्ट में की है। कोर्ट के दिशा-निर्देश पर प्रशासन निशानदेही करवा रहा है। निशानदेही पूरी होने पर पंचायत को मौके का ततीमा मिलना चाहिए।
-रीता चौधरी, प्रधान, ग्राम पंचायत रत्ती।

# 27 फरवरी से 5 मार्च तक होगा अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव

अनिल शर्मा, मंडी

विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी के आयोजन को तैयारियां शुरू हो गई हैं। विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में सोमवार को संस्कृति सदन कांगनीधार में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में मेले के आयोजन से जुड़ी विभिन्न उपसमितियों के गैर सरकारी और सरकारी सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव रखे और देवी-देवताओं और देवलुओं के ठहरने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, खेल प्रतियोगिताएं, सड़कों के रख-रखाव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्मारिका प्रकाशन, प्रदर्शनियां लगाने बारे चर्चा की।

विधायक ने सभी व्यवहारिक सुझावों को अमलीजामा पहनाने के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मंडी महाशिवरात्रि मेले की पहली जलेब 27 फरवरी वीरवार को निकाली जाएगी। मध्य जलेब 2 मार्च को तथा तीसरी व अंतिम जलेब 5 मार्च को निकलेगी। सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन सेरी मंच पर 27 फरवरी से 4 मार्च तक होगा। विधायक चंद्रशेखर ने इस अवसर पर कहा कि 2025 को मंडी शिवरात्रि पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ

## विधायक चंद्रशेखर बोले - मंडी शिवरात्रि अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में होगी आयोजित

अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में आयोजित की जाएगी। मेले में कुल्लू दशहरा की तर्ज पर विदेशी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं में मंत्रिपरिषद के सदस्यों का आना सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में गत वर्ष का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। पिछले साल विभिन्न आय स्रोतों से मेला समिति को 5.34 करोड़ की आमदनी हुई थी तथा विभिन्न आयोजनों पर 4.70 करोड़ रुपए व्यय हुए थे। पिछले वर्ष 76 लाख रुपए जीएसटी भी अदा किए गए थे।

आम सभा में कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, मेयर नगर निगम वीरेंद्र भट्ट, मिल्क फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष चेतराम ठाकुर, हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल, सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा एडीसी रोहित राठौर, एडीएम डॉ मदन कुमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ठाकुर व अन्य।

## मेले में आयोजित होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

बैठक में मेले के दौरान होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट को भी अन्य खेलों के साथ सम्मिलित कर लिया गया है। इस बार क्रिकेट प्रतियोगिता पड्डल मैदान में मेला शुरू होने से पहले आयोजित करवा दी जाएगी। मेले में हाफ मैराथन, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, छिंज, निशानेबाजी और साइकिल प्रतियोगिताएं होंगी

## अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल करेंगे मेले में शिरकत

शिवरात्रि महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल भी शिरकत करने जा रहे हैं। उनको बुलाने की औपचारिकताएं मेला कमेटी द्वारा पूरी कर ली गई हैं। उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक दल पटियाला को भी आमंत्रित कर लिया गया है।

## लगेंगी प्रदर्शनियां

मेले के दौरान प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए पड्डल में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

## मेले में शहर होगा जगमग

मेले के दौरान शहर के सभी देवालयों, ऐतिहासिक भवनों और महत्वपूर्ण स्थलों को विशेष साज सज्जा की जाएगी। ये जगहें रोशनी से जगमग होंगी। इस दौरान शहर को सजावट होगी और तोरण द्वार भी लगाए जाएंगे।

## साफ-सफाई की होगी पूरी व्यवस्था

मेले में साफ-सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद की जाएगी। दुकानदारों को भी इस बारे जागरूक किया जाएगा। जगह-जगह अस्थायी शौचालयों स्थापित होंगे। मेले में पड्डल मैदान, छोटा पड्डल, रेहड़ी-फड़ी स्थल की नीलामी लेने वाली फर्मों को मेले में साफ-सफाई रखने, पानी की निकासी करने और मेला समाप्त होने पर मैदान को पहले की भांति तैयार करने की शर्त के साथ ही नीलामी की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस की कार्यकारिणी होगी गठित

अनंत ज्ञान, मंडी। अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आनंद कानरा ने बताया कि जनवरी महीने के अंत तक प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंह धींगान को जानकारी दे दी गई है। डॉ. आनंद कानरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से नाम मांगें गए हैं, परंतु सालों से पार्टी के साथ जुड़े हुए लोगों को इस बार मौका दिया जाएगा। परिवारवाद या भाई भतीजावाद की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होगी, जैसे ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन होगा, तो उसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की जाएगी और मजदूरों की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

### गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

अनंत ज्ञान, मंडी। एसडीएम धुनाग रमेश कुमार ने बताया कि 21 जनवरी को उपमंडल धुनाग के कुथाह में निर्धारित गाड़ियों की पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं।

### सरकाघाट स्कूल में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। आगामी 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सरकाघाट स्कूल के खेल मैदान में हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए आज एसडीएम कार्यालय के सभागार में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अपनी जिम्मेदारियों को समझा। एसडीएम स्वाति डोगरा ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी मुख्य अतिथि के रूप में वे स्वयं प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी और पुलिस, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स की परेड की सलामी लेंगी। परेड के बाद स्कूली और कॉलेज के छात्रों, महिला मंडलों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण और नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी और समय पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी जगदीश शर्मा, अतिरिक्त थाना प्रभारी जयराम कुमार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संतोष पाठक, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता अनिल कुमार शर्मा, और एसएमएस (कृषि) गोपालपुर रोहित कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### घांघल पंचायत बनी कूड़े-कचरे की डंपिंग साइट

अनंत ज्ञान, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत घांघल को आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के कूड़े-कचरे की डंपिंग साइट बनाने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योंकि साथ लगती खड्ड घांघल, गहरी खाइयों तथा झाड़ियों आदि में किसी शहर का कूड़ा एरिया की तर्ज पर दुनिया भर की बास मारती गंदगी भरी पड़ी है। ऐसे बुरे प्रदूषित वातावरण में शहर आदि को जाते मार्ग के साथ ही कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे देखे जा सकते हैं इससे राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि घांघल पंचायत की ओर गांव महादेव के पास बीएसएल कॉलोनी को जाते मार्ग पर बोर्ड लगा रखा है, जिस पर चेताते हुए साफ शब्दों में लिखा है कि यहां कूड़ा फेंकना सख्त मना है। कूड़ा फेंकने वाले पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके बावजूद भी गंदगी डालना बेरोकटोक जारी है अगर यही हाल रहा तो कूड़े के पर्वत खड़े हो जाएंगे और किसी भयंकर किस्म की महामारी के ग्रास बनने की नौबत आ सकती है।



# पुलिस ने ट्रक से बीयर की 600 पेटी की बरामद

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

पुलिस थाना सुंदरनगर के दल ने भवाणा फोरलेन पर नाके के दौरान एक ट्रक से 600 पेटी बीयर बरामद की है। पुलिस ने मौके से चालक को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसके साथ बैठा एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर मौका से फरार होने में कामयाब हो गया।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत सलापड़ पुलिस चौकी के प्रभारी बलदेव राज के नेतृत्व में पुलिस दल ने एक ट्रक को पुलिस ने जांच के लिए रोका। ट्रक की तलाशी लिए जाने पर उसमें 600 पेटी बीयर बरामद हुई। बीयर पर फॉर सेल इन पंजाब लिखा हुआ था। जब पुलिस ने चालक से बीयर



का परमिट मांगा को वह इसे पेश न कर पाया। ट्रक में सवार एक अन्य व्यक्ति फरार हो गया।

पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक प्रकाश चंद पुत्र भगत राम निवासी गांव करल डाकघर औहर तहसील झंडुता जिला बिलासपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# बल्ह में 1.92 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान, मंडी। बल्ह थाना में 1.92 ग्राम चिट्टा बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बल्ह पुलिस जवान गश्त पर थे कि डीएवी स्कूल डडौर के पास पैदल जा रहे विजय कुमार पुत्र रूप सिंह गांव कसारला डाकघर सरी तहसील बल्ह के कब्जे से 1.92 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चला रही है, इसके आम लोगों के सहयोग की आवश्यकता है।



# सीटू ने श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का किया घेराव

रितेश चौहान, सरकाघाट

सीटू से संबंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन ने आज राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर व सचिव राजीव का शिमला के परिमहल स्वास्थ्य परिसर में प्रदर्शन व घेराव किया, जिसका नेतृत्व सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र, महासचिव प्रेम गौतम, उपाध्यक्ष जगत राम, निर्माण फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष जोगिंद्र कुमार, महासचिव भूपेंद्र ने किया। घेराव में अमित कुमार, राजेश ठाकुर, रंजन शर्मा, चमन ठाकुर, बालक राम, दलीप सिंह, गुरदास वर्मा, राजेश तोमर, विरेंद्र लाल, नोख राम, पूर्ण चंद सहित सैकड़ों मजदूर शामिल रहे।

यूनियन ने बोर्ड पदाधिकारियों



घेराव करने के दौरान सीटू कार्यकर्ता।

का घेराव 47वीं बोर्ड बैठक जो कुसुमटी के परिमहल स्थित स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षण संस्थान में होना तय थी, तो बैठक स्थल के प्रवेश द्वार पर यूनियन के पदाधिकारी व सैकड़ों मजदूरों ने उनका घेराव कर दिया और उन्हें मांगपत्र सौंपा तथा मांगों को एक महीने के अंदर पूरा करने के आश्वासन के बाद उन्हें अंदर मीटिंग में जाने दिया गया।

वहीं मनरेगा एवं निर्माण यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष जोगिंद्र कुमार तथा राज्य महासचिव एवं बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के समय में गठित बोर्ड के दो साल हो गए हैं और आज उसकी सातवीं बैठक हो रही है, लेकिन इन दो सालों में मजदूरों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया गया। (अनंत ज्ञान)

## एक माह का आश्वासन

बोर्ड के अध्यक्ष ने यूनियन के मांगपत्र में उठाई गई मांगों को एक महीने में पूरा करने का आश्वासन दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि एक महीने में मजदूरों की लंबित वित्तीय सहायता जारी न हुई तो बोर्ड कार्यालय पर निरंतर धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

# आश्वी ने जीता लिटिल मिस मंडी का खिताब

अभिषेक, जोगिंदनगर

मिस मंडी 2025 और लिटिल मिस मंडी 2025 प्रतियोगिता का आयोजन स्माइल हिमाचल संस्था समसकारा और स्टिंग एंड स्टेप द्वारा जोगिंदनगर के सोनी एनक्लेव में करवाया गया। इसमें जोगिंदनगर की रहने वाली पहाड़ी डांसिंग क्वीन के नाम से प्रसिद्ध हो चुकी आश्वी 4 साल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए लिटिल मिस मंडी 2025 का खिताब अपने नाम कर विजेता बन गई है।

सभी प्रतिभागियों में आशवी सबसे छोटी उम्र की प्रतिभागी थी, इससे पहले भी आश्वी टीवी रियलिटी शो के साथ-साथ बहुत सारे प्राइस और अवार्ड अपने नाम कर चुकी है।

मात्र साढ़े तीन साल की उम्र में ही आशवी ने डांस और मॉडलिंग की शुरुआत कर कुछ ही समय में



खिताब के साथ आश्वी।

अपनी प्रतिभा का लोहा पूरे देश में मनवा चुकी है। आपको बता दे आश्वी मिस इंडिया जूनियर 2023 की विजेता मेहवीश की छोटी बहन है, आयोजन में मेहवीश को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और गेस्ट ऑफ ऑनर का अवार्ड देकर सम्मानित किया। आशवी और मेहवीश ने कहा कि वो अपने माता-पिता की वजह से ही इस मुकाम तक पहुंची है।

इनके पिता छोटी सी साइकिल रिपेयर की दुकान करते हैं और माता ग्रहणी है। इन्हें अपनी बेटियों पर गर्व है जिन्होंने इनका और क्षेत्र का नाम सारे देश में रोशन किया है। (अनंत ज्ञान)

# लडभड़ोल में अवैध शराब बरामद



अनंत ज्ञान, मंडी। जोगिंदनगर थाना में गश्त के दौरान गोरा में रूप सिंह पुत्र अमर सिंह गांव जमधला डा. लडभड़ोल की दुकान से शराब मार्का की 6 बोतलें ऊना नं-1 की बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस जवान गश्त पर थे तो रूप सिंह की दुकान की तलाशी ली गई, जिसमें अवैध शराब बरामद की है।

# जिनकी अपनी गारंटी नहीं, वो जनता को क्या गारंटी देंगे : राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

हिमाचल की जो सरकार अपनी ही गारंटी पर खरी नहीं उतर रही, वह प्रदेश की जनता को दी गई गारंटी कैसे पूरी करेगी? भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का वादा करने वाली सुक्खू सरकार ने वास्तव में व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। जम्वाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अस्पताल बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं।



मरीज इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि सरकार केवल झूठे वादे और आंकड़े पेश करने में लगी है। सुविधाओं के अभाव में मरीजों की जान जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल को इस पर कोई चिंता नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के बजाय, सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है।

राकेश ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सुक्खू सरकार ने प्रदेश को असुरक्षा के माहौल में धकेल दिया है। हर मोर्चे पर मुख्यमंत्री झूठे आंकड़े पेश कर रहे हैं।

# गंगयाहल नाले में फेंका जा रहा मलबा

अनंत ज्ञान, महादेव

उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत खड्ड एवं नालों में गंदगी डालकर उनकी उपेक्षा कर एक बड़ा भाग यानि उनकी भूमि अवैध तरीके से कब्जा ली गई है, जिससे शेष बचा अस्तित्व बड़े खतरे में है। ग्राम पंचायत चांबी, घांघल, अप्पर बैहली, महादेव, चौक, लोअर बैहली आदि विशाल पंचायत क्षेत्रों से जुड़े गंगयाहल नाला जिसको पुराने लोग धार्मिक घटना आज भी सुनाते हैं, उसका एक बड़ा भाग अवैध कब्जे की चपेट में है।

गंदगी से बुरी तरह अटा पड़ा यह नाला बदसूरत -संकरा होता जा रहा है और प्रदूषण फैलता जा रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने उपायुक्त मंडी तथा प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही गंगयाहल नाले को मलबा डंप करने एवं अवैध कब्जों से मुक्त किया जाए।



गंगयाहल नाले में फेंका गया मलबा।

# महिला के साथ गाली-गलौज करने पर केस दर्ज

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। पुलिस थाना धनोटू के तहत गांव रौ में वृद्ध महिला का रास्ता रोक गाली गलौज करने पर प्राथमिकी दर्ज की है।

जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में योगराज पुत्र धनी राम निवासी गांव रौ डाकघर दियारगी ने कहा कि उनके घर को जो रास्ता पिता और दादा के समय का है पर रविवार को एक व्यक्ति ने पत्थर रख दिए। जब उसकी माता ने पत्थर फेंकने को लेकर पूछा तो उसने गाली-गलौज की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सभी सीरीजों में एक ही प्रकार के प्रश्न पूछने की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राजकीय भाषाई अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, महासचिव अर्जुन सिंह, कोषाध्यक्ष ललित कुमार, संघ के संस्थापक नरेंद्र कुमार शर्मा, महिला मोर्चा की राज्य अध्यक्ष मीरा शर्मा, सचिव डॉ. तारा और संयोजक धनवीर सिंह के साथ-साथ सभी जिलों के प्रधानों और संघ के समस्त शिक्षकों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष और सचिव से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उस खबर की कटिंग की पुष्टि करने की मांग उठाई है, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्न पत्र पुनः इस बार मार्च में पुरानी ही तहजीब की ए, बी और सी सीरीज में पूछने की बात की जा रही है।

संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ने बताया कि इस विषय को बोर्ड और शिक्षा विभाग से पिछले साल भी समाचार पत्रों के माध्यम से उठाया था। उन्होंने कहा कि उसके परिणामस्वरूप बोर्ड और शिक्षा विभाग ने इस सत्र से अलग-अलग सीरीज में अलग-अलग प्रश्न न डालने की बात और सभी सीरीजों में एक ही प्रकार के प्रश्न पूछने की सहमति प्रदान की थी। ठाकुर ने बताया कि बोर्ड एक बार फिर से इस मुद्दे पर छात्र हित में गंभीरता से विचार कर के निर्णय ले। हेमराज ने बताया कि अलग अलग सीरीज में अलग अलग प्रश्न पूछे जाने से छात्रों के साथ अन्याय हो रहा है।

व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि.प्र.।
मिसल न.-01
तारीख मरजुआ- 06-01-2025
तारीख पेशी- 17-02-2025
Kanta Devi D/o Sh. Gopala Ram R/o Village Bharyara, Post Office Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P.
Applicant.
General Public
Respondent.
अखबारी ईश्तहार
An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act.
Kanta Devi D/o Sh. Gopala Ram R/o Village Bharyara, Post Office Chauntra, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथ पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म 01-07- 1956 को हुआ था जोकि उसके अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है लेकिन उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत रिकॉर्ड के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये।
अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनांक 17-02-2025 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकती है। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 16.01.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
सहायक समाहर्ता, तहसील जोगिन्द्र नगर, जिला मण्डी हि.प्र.।

## सादगी

## हेलिकॉप्टर को खराब मौसम के चलते उतारना पड़ा डोहग मैदान में

# ...जब सीएम ने डोहग मैदान में खेला क्रिकेट

अभिषेक, जोगिंदनगर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का एक नया और अनोखा अंदाज सोमवार को जोगिंदनगर के डोहग मैदान में देखने को मिला। कांगड़ा दौरे के बाद मनाली में चल रहे विंटर कार्निवल के लिए रवाना हो रहे मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर को खराब मौसम के चलते अचानक जोगिंदनगर के डोहग मैदान में लैंड करना पड़ा।

इस दौरान सीएम ने मैदान पर खेल रहे बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर सभी का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री का बच्चों के साथ क्रिकेट खेलना एक ऐसा नजारा था जिसने बच्चों और स्थानीय ग्रामीणों



बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए मुख्यमंत्री।

के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। बच्चों के साथ खेलते हुए मुख्यमंत्री ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने न केवल बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि वहां मौजूद ग्रामीण महिलाओं से भी बातचीत की। महिलाओं ने अपने क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया। मौसम साफ होने का इंतजार करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर के साथ भी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं और आगामी परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए अपने विजन को साझा किया। लगभग एक घंटे के इस अनौपचारिक, लेकिन यादगार समय ने स्थानीय लोगों के दिलों में मुख्यमंत्री सुक्खू के लिए एक नई जगह बना दी।

स्थानीय निवासी रमेश ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री को हमारे बीच देखकर और बच्चों के साथ खेलते हुए देखकर अच्छा लगा। इससे यह साबित होता है कि हमारे मुख्यमंत्री जमीन से जुड़े हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग का डंगा जर्जर, हादसे को दे रहा न्योता

भीम बसेड़ू, महादेव

अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र किन्नौर और स्पीति को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण एकमात्र मार्ग यानि हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग (एनएच-5) के पुराने डंगे का एक बड़ा भाग जर्जर नजर आता है जो भारी बरसात की स्थिति में नरम पड़कर किसी बड़े सड़क हादसे को अंजाम दे सकता है।

नाथपा बांध से करीब दो सौ मीटर ऊपर खतरे की घंटी बजाता बताया जाने वाला यह मार्ग यानि कमजोर पड़े डंगे के इस प्वाइंट पर पैराफिट नहीं है, जबकि सुरक्षा की दृष्टि से यह सब जरूरी ही नहीं बल्कि समय की मांग है। बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग



को सलाह देते हुए कहा कि वह किसी बड़े हादसे का इंतजार न करके डंगा लगाना चाहिए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके। लोगों ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग विंग तथा सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही जर्जर हुए डंगे को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं, चंद्रमणी (45) पुत्र दूनी चंद गांव व मुहाल टेपर डाकघर औट, तहसील औट व जिला मंडी घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री अक्षरा ठाकुर का नाम ग्राम पंचायत नाऊ तहसील औट में दिव्या गलत दर्ज है। जिसे मैं दुरुस्त करवाकर उसका नाम अक्षरा ठाकुर (Akshra Thakur) दर्ज करवाना चाहता हूं। मेरी पुत्री अक्षरा ठाकुर का स्कूल रिकार्ड, परिवार नकल, आधार कार्ड, बैंक खाता में सही नाम दर्ज है। केवल जन्म रजिस्टर में ही दिव्या दर्ज है। अतः मेरी पुत्री दिव्या के नाम को हटाकर अक्षरा ठाकुर (Akshra Thakur) दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए ली शपथ



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** टीबी मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत उपमंडल अधिकारी बंगाणा, सोनू गोयल द्वारा त्रैमासिक ब्लॉक स्तरीय टीबी फॉर्म बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। सोनू गोयल ने 7 दिसंबर से शुरू हुए 100 दिवसीय टीबी अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश शर्मा ने बताया कि टीबी मरीजों को 'निक्षय मित्र' पोषण किट प्रदान की जाएगी, जिसमें आवश्यक पोषक सामग्री जैसे 3 किलो अनाज, 1.5 किलो दाल, 250 मिली सरसों का तेल, 1/2 किलो मूंगफली दाना, च्यवनप्राश 1 पैकेट, 200 ग्राम सोया नगेट, और 400 ग्राम दूध पाउडर आदि शामिल है। इसके बाद, उपमंडल अधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई, 'मैं अपने राज्य में टीबी का उन्मूलन करने और टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि टीबी से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों और वे स्वस्थ जीवन जी सकें।' सोनू गोयल ने अंत में कहा, 'मैं भारत को टीबी मुक्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान दूंगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के टीबी एचआईवी समन्वयक गुलशन शर्मा, खंड टीबी सुपरवाइजर अमित कुमार और टीबी लैब सुपरवाइजर यामिनी उपस्थित रहे।

### भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर झूमा पंडाल



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के होटल हवेली जोगीपंगा में भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर बाल कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव पर पूरा पंडाल झूम उठा। बहुत सुंदर झांकी के साथ बाल कृष्ण भगवान को पंडाल तक लाया गया और सुंदर भजनों के साथ कथा व्यास आचार्य शिव शास्त्री ने भगवान श्री की महिलाओं का गुणगान किया। कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य शास्त्री ने कहा कि माता अदिति ने भगवान विष्णु की तपस्या के बाद हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप को अपने गर्भ से सौ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जन्म दिया। यह प्रसंग भक्तों के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में भागवत कथा सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में भागवत कथा के साथ-साथ समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर भी जोर दिया गया। आचार्य शिव कुमार शास्त्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने जीवन में धर्म के मार्ग पर चलें। भागवत कथा के समापन के दिन हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं, कथा विराम के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर जिलाधीश ऊना जतिन लाल, एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, खंड विकास अधिकारी बंगाणा सुशील कुमार, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, विवेक मिंका, देसराज मोदगिल, देसराज गौतम, शोभित गौतम, सुभाष, अनिल ठाकुर, रजनीश शर्मा, सुरेंद्र के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण की।

### सहायक आयुक्त संगठन कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग हिमाचल प्रदेश के सहायक आयुक्त संगठन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में कार्यरत सहायक आयुक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर सर्वसम्मति से सुरेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वहीं, मोहित शुक्ला को महासचिव, अनुराग गर्ग को कोषाध्यक्ष, निपुण कश्यप को संयुक्त सचिव, दया राम भारद्वाज को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। डा. वीरेंद्र दत्त शर्मा को मुख्य सलाहकार बनाया गया। इसके अलावा बाबू राम नेगी, नवजोत शर्मा, देवानंद शर्मा, कुलदीप जम्बाल, गुरवचन सिंह ठाकुर, अनिल कुमार को सदस्य निर्वाचित किया गया।

# गगरेट पुलिस ने होशियारपुर से ड्रग रैकेट चला रहा मुख्य सप्लायर किया गिरफ्तार

## मुख्य सप्लायर को न्यायालय में पेश कर रिमांड हासिल करने का प्रयास कर रही पुलिस : डीएसपी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

चिट्टा तस्करी के एक मामले में गगरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब के होशियारपुर शहर में बैठकर ड्रग रैकेट चला रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। चिट्टा तस्करी के मामले में गगरेट पुलिस द्वारा की गई यह चौथी गिरफ्तारी है। चिट्टा तस्करी के मुख्य सप्लायर को बिलासपुर के घुमारवीं से गिरफ्तार किए गए आरोपी ने पहली नवंबर से लेकर पांच नवंबर तक करीब डेढ़ लाख रुपए की ऑनलाइन ट्रांसेक्शन की थी। गगरेट पुलिस अब मुख्य सप्लायर को न्यायालय में पेश कर इसका पुलिस रिमांड हासिल करने का प्रयास कर रही है।

पंजाब के प्रदेश के साथ लगते सीमावर्ती शहरों में बैठे ड्रग सप्लायर किस तरह से प्रदेश में ड्रग रैकेट चला रहे हैं, इसका खुलासा एक बार फिर से हुआ है। गगरेट पुलिस ने पांच नवंबर को मंडी व बिलासपुर जिले के दो युवकों को तीस ग्राम चिट्टे की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ था कि चिट्टे की खेप



मंगवाने वाला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल का नशा तस्कर और है। उसने ही होशियारपुर में बैठे ड्रग सप्लायर के अकाउंट में चिट्टे की सप्लाई हासिल करने के लिए पैसे डाले थे और चिट्टे की खेप लेकर आ रहे युवक तो महज ड्रग पैडलर थे।

पुलिस ने इस बावत पुख्ता सबूत जुटाने के बाद घुमारवीं के बल्ह गांव के एक युवक को गिरफ्तार किया और उसके बाद पुलिस की राडार पर होशियारपुर के न्यू सुखियानगर वार्ड नंबर दो का हकीकत सिंह उर्फ हनी (24 वर्ष) पुत्र रूप लाल आया। पुलिस के अनुसार हनी ही होशियारपुर में बैठकर ड्रग रैकेट चला रहा था और प्रदेश में चिट्टे की सप्लाई कर रहा था। सोमवार सुबह पुलिस ने हनी के ठिकाने पर होशियारपुर में जाकर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले आई।

पुलिस अब हनी को पुलिस रिमांड पर लेकर उससे गहन पूछताछ करेगी ताकि चिट्टे के प्रदेश में फैले नैटवर्क की और जड़ें उखाड़ी जा सकें। इससे यह बात भी पुख्ता हुई है कि चिट्टे के मुख्य सप्लायर पंजाब के सीमावर्ती शहरों से ही ड्रग रैकेट चला रहे हैं। इसके लिए पुलिस को भी पंजाब पुलिस के साथ मिलकर नशे का नेटवर्क समाप्त करने के लिए पुख्ता पहल करनी होगी। उधर, डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि गगरेट पुलिस ने प्रदेश में चिट्टा सप्लाई कर रहे होशियारपुर के एक ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इसका पुलिस रिमांड हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बाबा बालक नाथ मंदिर मार्ग से जुड़ेगा भैरा (मालकड़ा)

**विवेक शर्मा, अंब**

विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी के तहत भैरा (मालकड़ा) से पंजोड़ा वाया बाबा बालक नाथ मंदिर सड़क मार्ग को स्वीकृति मिल गई है। करीब आठ किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए नाबार्ड से 12.96 करोड़ रुपए बजट खर्च किया जाएगा। सड़क निर्माण के अलावा स्तोथर खड्ड पर एक पुल का निर्माण भी किया जाएगा। इससे क्षेत्र के भैरा, दियाड़ा, सतोथर, मालकड़ा व पंजोड़ा के ग्रामीण इलाकों की पांच हजार के करीब आबादी को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी।

बड़ी बात है कि इस सड़क मार्ग के साथ पंजोड़ा जैसे कई नए ग्रामीण इलाके भी जोड़े गए हैं। इस सड़क मार्ग के निर्माण के लिए पिछले कई वर्षों से मांग उठती रही है, लेकिन इस ओर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। विधायक बनने के बाद यह मामला विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के संज्ञान में आया और उन्होंने इसको प्राथमिकता के आधार पर लिया। विधायक बबलू ने वर्षों से चली आ रही इस मांग पूरा करने के लिए इसकी पैरवी मुख्यमंत्री सुक्खू व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के साथ की। अब नाबार्ड से इस सड़क के लिए 12.96 करोड़ रुपए का बजट मंजूर हो गया है। इस मार्ग के निर्माण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। बजट मंजूर होते ही लोग निर्माण विभाग भी अब इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को पूरा में जुट गया है। भैरा पंचायत के उपप्रधान सुरिंद्र ढिल्लों, दियाड़ा पंचायत के उपप्रधान संदीप सिंह परदेसी, प्रधान स्तोथर महिंद्र सिंह, उपप्रधान चौकी मन्यार जीवन बाली, मुखत्यार सिंह ने कहा कि चिंतपूर्णी के तहत भैरा से पंजोड़ा सड़क मार्ग के निर्माण होने से जहां के यहां के ग्रामीण इलाकों की पांच हजार के करीब आबादी को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी। बरसात के दिनों में क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई वर्षों से इस समस्या से प्रभावित लोग सड़क मार्ग के निर्माण की मांग उठा रहे थे, लेकिन स्थानीय लोगों की परेशानी का किसी ने भी हल नहीं किया।

इस समस्या को जब स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने यह मामला न केवल प्रदेश सरकार से उठाया बल्कि इसके लिए बजट भी मंजूर करवाया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने इसके लिए विधायक सुदर्शन सिंह का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

# आजादी के बाद अपर अंदौरा के जट्टां दा मोहल्ला को अब मिलेगी सड़क सुविधा

## विधायक कालिया के प्रयासों से नाबार्ड ने मंजूर किया 6.46 करोड़ रुपए का बजट

**सन्नी पुरी, गगरेट**

आजादी के बाद से पक्की सड़क सुविधा को तरस रहे विधानसभा क्षेत्र गगरेट के अप्पर अंदौरा के कई मोहल्लों के वाशिंदों की सुध सरकार ने ली है। विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से राम मंदिर से वाया जट्टां दा मोहल्ला-अठवां सड़क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। इस सड़क मार्ग के लिए नाबार्ड ने 6.46 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

यही नहीं बल्कि पक्का परोह से अंदौरा की ओर आने वाले मार्ग पर पड़ने वाली एक बरसाती खड्ड पर लोक निर्माण विभाग इसी बजट में पुल का निर्माण भी करेगा। अप्पर अंदौरा गांव के मोहल्ला जट्टां के साथ लगती काफी आबादी पक्की सड़क सुविधा से वंचित थी। बरसात के दिनों में तो जट्टां दा

**बरसात के मौसम में तो जट्टां दा मोहल्ला के लोगों का जीवन होता था नारकीय**

मोहल्ला के लोगों का जीवन नारकीय हो जाता था। पक्का सड़क मार्ग न होने के कारण लोगों को गिरते फिसलते हुए घर तक पहुंचना पड़ता था।

हालांकि लोगों ने यहां पक्की सड़क सुविधा के लिए कई बार मांग उठाई, लेकिन उनकी जायज मांग भी नहीं सुनी जा रही थी। विधायक राकेश कालिया जब वर्ष 2012 में विधायक बने थे, तब भी उन्होंने जट्टां दा मोहल्ला के लोगों को पक्की सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रयास किया था और अब विधायक बनते ही उन्होंने इस काम को प्राथमिकता के आधार पर लिया और इस सड़क मार्ग को बजट उपलब्ध करवाने की पैरवी शिमला से लेकर दिल्ली तक की। इस पर अब नावार्ड ने इस सड़क मार्ग के लिए 6.46 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है।

लगभग पांच किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग के निर्माण से सैकड़ों लोग लाभान्वित होंगे। इस सड़क मार्ग के लिए बजट मंजूर होने के बाद अब लोक निर्माण विभाग इसके लिए टेंडर प्रक्रिया आमंत्रित करने में जुट गया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता हरगोविंद सिंह कौशल ने बताया कि अप्पर अंदौरा-जट्टां दा मोहल्ला-अठवां रोड के निर्माण के लिए नावार्ड से 6.46 करोड़ रुपए का बजट मंजूर हुआ है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी करके इसका निर्माण शुरू करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. अंबेडकर पार्क का काम रुकवाने पर ग्रामीणों का विरोध



एडीसी को ज्ञपन सौंपने जाते खड्ड पंचायत के ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

खड्ड पंचायत में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर पार्क के कार्य को हरोली बीडीओ प्रशासन की तरफ से रोके जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, जिस कारण उनमें आक्रोश है। इस संबंध में एडीसी महेंद्र पाल को ज्ञापन दिया गया और जल्द पार्क का मुद्दा हल करने की गुहार लगाई जिसको मनरेगा व 15वें वित्त आयोग में 5 लाख रुपए मंजूर है।

यह पार्क मौके की सरकार की रुकावट है। यह सरकार हरोली में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का एक भी भवन नहीं बना सकी और एक भी मूर्ति भी नहीं लगा सकी, बल्कि रोकने का प्रयास कर रही है। हमारी सरकार से मांग है अगर सरकार की मंशा सही है तो पंचायत खड्ड में अंबेडकर भवन बनाया जाए ताकि करनी-कथनी का पता चल सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि खड्ड पंचायत में अवैध कब्जे को एसडीएम हरोली सह दे रहे हैं ताकि सरकारी जमीनों का खाली करवाया जा सके जिससे पंचायत खड्ड का विकास सुचारु रूप से न चले। अगर मांगें नहीं मानीं तो जल्द आंदोलन किया जाएगा और अवैध कब्जों को हटाया जाए। इस दौरान खड्ड पंचायत प्रधान वीरेंद्र हीर, उपप्रधान रविंद्र खसरू, पंच कमला देवी, गुरपाल सिंह, सुभाष चंद, राकेश कुमार, सोनी लाल और गांववासी मौजूद रहे।

# फुटबाल टूर्नामेंट का विजेता बना वाईएफसी भंजाल

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** शिवालिक स्टेडियम अपर भंजाल में चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट का आज समापन हो गया। इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में वाईएफसी भंजाल विजेता व लेह सिटी टीम उपविजेता रही।

विजेता टीम वाईएफसी भंजाल को 61000 रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम लेह सिटी को 51000 रुपए व ट्रॉफी दी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत के उप प्रधान राजेश, ठाकुर, बिट्टू लाला, शेष मोहन, कमलजीत, समस्त फुटबॉल कमेटी के सदस्य, गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर गणमान्यों ने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन में कभी भी नशे का प्रयोग न करें क्योंकि नशा करने वाले व्यक्ति की ज्यादा उम्र नहीं होती है। उन्होंने कहा कि नशा करने का व्यक्ति खुद भी परेशान रहता है और अपने परिवार को परेशान करता है।

# कबड्डी में टक्का और मंदली में होगी खिताबी भिड़ंत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ में 25 को थानाकलां में होगा कबड्डी का महामुकाबला।

सांसद खेल महाकुंभ के तहत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। टूर्नामेंट के दौरान डोहगी, टक्का, मंदली, और थानाकलां टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले।

सांसद खेल महाकुंभ के कुटलैहड़ प्रभारी राजेंद्र रिंकू ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में तीन-शून्य के प्रारूप में खेले गए इस प्रतियोगिता के शुरुआती मुकाबले में डोहगी और टक्का टीम के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस मुकाबले में टक्का की टीम ने अपनी ताकत और रणनीति के दम पर डोहगी टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की। दूसरी ओर मंदली और थानाकलां के बीच खेले गए दूसरे मुकाबले में मंदली की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए थानाकलां को शिकस्त दी। रिंकू ने बताया कि तीसरी पोजीशन के लिए डोहगी और थानाकलां टीम के बीच हुए मुकाबले में थानाकलां की टीम ने जोरदार वापसी की। इस मैच में थानाकलां ने डोहगी को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

थानाकलां टीम के खिलाड़ियों ने शानदार डिफेंस और अटैक के साथ खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा, जिससे डोहगी की टीम पर दबाव बना और वे मुकाबला हार गए। राजेंद्र रिंकू ने कहा कि फाइनल मुकाबले के लिए अब टक्का और मंदली टीम आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों ने अब तक अपने बेहतरीन प्रदर्शन से यह साबित कर दिया है कि वे चैंपियन बनने की पूरी हकदार हैं। फाइनल मैच 25 जनवरी को थानाकलां में खेला जाएगा, जहां दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होने की उम्मीद है। रिंकू ने कहा कि टक्का टीम ने अब तक हर मुकाबले में अपने आक्रमक खेल से सभी को प्रभावित किया है। उनकी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन तालमेल है।

दूसरी ओर, मंदली टीम ने अपने अनुशासित खेल और टीम वर्क से सभी को चौंका दिया है। मंदली टीम की डिफेंस लाइन ने पिछले सभी मुकाबलों में विपक्षी टीमों को खासा परेशान किया है। रिंकू ने कहा कि 25 जनवरी को होने वाले इस फाइनल मुकाबले को लेकर क्षेत्र के खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। दोनों टीमों ने फाइनल के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। इस मुकाबले में कौन सी टीम चैंपियन बनेगी, यह देखना बेहद रोमांचक होगा।

फाइनल मैच के साथ-साथ इस प्रतियोगिता ने स्थानीय स्तर पर कबड्डी को नई पहचान दिलाई है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में इस तरह के आयोजनों के माध्यम से नई प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलेगा। रिंकू ने कहा कि कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ की इस कबड्डी प्रतियोगिता ने खेल प्रेमियों के लिए मनोरंजन और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का माहौल तैयार किया है। 25 जनवरी को थानाकलां में होने वाले फाइनल मैच में कौन सी टीम चैंपियन बनेगी। इसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता की विजेता बनी अमाहिरा वशिष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों के संप्रेषण कौशल, रचनात्मकता और भाषा पर पकड़ मजबूत करने के लिए कक्षा पहली और दूसरी के लिए 'सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता, कक्षा तीसरी और चौथी के लिए 'इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। सेल्फ इंट्रोडक्शन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास के साथ किसी नए व्यक्ति के समक्ष स्वयं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करना है। स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से अमाहिरा वशिष्ट प्रथम, कक्षा दूसरी से नैरीति शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के प्रस्तुति कौशल में सुधार के साथ ही श्रोताओं के साथ एक भावनात्मक संबंध स्थापित करने और जटिल विचारों को सरल तरीके से प्रस्तुत करने की क्षमता को विकसित करना है।

एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी ) से प्रिशा चौहान प्रथम, कक्षा चौथी से एलिसिया प्रथम स्थान पर रहे। 'स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता' गणतंत्र दिवस, स्वच्छ भारत अभियान और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर करवाई गई। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता प्रतिभागियों को संक्षिप्त और प्रभावशाली शब्दों में अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान करती हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दे सकते हैं।



वीपीएस में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

ऑरेंज ग्रुप से आराध्या भारद्वाज प्रथम, मैंगो ग्रुप से जैस्मिन धीमान, तमन्ना साहू प्रथम स्थान पर रहे। ग्रुप मेलन से भावना कुमारी प्रथम, श्रेयस धीमान, गुरप्रीत कौर द्वितीय तथा हर्षदीप कौर तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्रों के अंदर छिपी हुई कला का विकास तेजी से होता है और साथ ही उनके अंदर की झिझक भी दूर हो जाती है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं शैक्षिक विकास के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में भी मदद करती हैं ।

# कलरूही उठाऊ जल सिंचाई योजना 4 साल से बंद, किसान परेशान

**अनंत ज्ञान अंब।** वर्ष 1970 में स्थापित कलरूही उठाऊ जल सिंचाई योजना, जो क्षेत्र के हजारों किसानों के खेतों को सिंचाई का मुख्य साधन प्रदान करती थी, पिछले चार साल से बंद पड़ी है। इस योजना के बंद होने के कारण क्षेत्र के किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। यह योजना सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन थी, लेकिन रखरखाव की कमी और प्रशासनिक उदासीनता के चलते यह ठप हो गई है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन उनकी शिकायतें अनसुनी रह गईं। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न होने के कारण फसल उत्पादन में भारी गिरावट आई है। किसानों को महंगे साधनों जैसे टैंकर और निजी पंपसेट का सहारा लेना पड़ रहा है। छोटे और मध्यम किसान इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। जब इस विषय पर संबंधित विभाग से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि योजना को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, यह आश्वासन किसानों को राहत देने के लिए पर्याप्त नहीं है। स्थानीय किसान संगठन और नगर पंचायत प्रतिनिधि मांग कर रहे हैं कि इस योजना को तुरंत शुरू किया जाए और इसके रखरखाव के लिए उचित बजट आवंटित किया जाए।

# अंबोटा स्कूल के खेल मैदान के लिए मिले पंद्रह लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा पर विधायक राकेश कालिया की ऐसी नजर-ए-इनायत हुई है कि कुछ ही दिनों के भीतर स्कूल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनवर्षा हुई है। स्कूल के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से केंद्रीय खेल मंत्रालय की मार्फत पंद्रह लाख रुपऐ का बजट स्वीकृत हुआ है, तो स्कूल में असेंबली शैड के लिए तीन लाख साठ हजार रुपए भी स्वीकृत हो गए हैं। यही नहीं बल्कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्कूल की चारदीवारी के साथ बनी यू-शेप ड्रेन पर सलैब डालने का कार्य भी लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है।

करीब एक माह पहले अंबोटा स्कूल के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने आए विधायक राकेश कालिया के समक्ष स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम दास ने ये प्रमुख मांगे रखी थीं, जिन्हें जल्द

**तीन लाख साठ हजार से बनेगा असेंबली शैड**

बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन विधायक राकेश कालिया ने दिया था।

विधायक राकेश कालिया ने इन मांगों को पूरा करने के लिए बजट उपलब्ध करवाने के लिए सक्षम अधिकारियों के समक्ष इनकी पैरवी की और तत्काल ही इन पर कार्रवाई भी हो गई। पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्विनी ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, ठाकुर अजय सिंह, रणजोध सिंह ठाकुर व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर ने कहा कि इससे पहले भी स्कूल प्रबंधन द्वारा यह मांगें उठाई गई थीं लेकिन उन्हें आश्वासन तो मिला लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। विधायक राकेश कालिया ने साबित कर दिया है कि वह जो कहते हैं उसे करके भी दिखाते हैं। वहीं स्कूल प्रधानाचार्य प्रेम दास व स्कूल प्रबंधन समिति ने विधायक राकेश कालिया का आभार प्रकट किया है।

**आयोजन** नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि बढ़ाएं युवा : अजय ठाकुर

# क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता बना लठियाणी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अलसाहन में चल रही दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में 20 टीमों ने भाग लिया और खेल प्रेमियों के लिए यह प्रतियोगिता उत्साह और रोमांच से भरी रही।

क्रिकेट प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्रिकेट टीम लठियाणी चैंपियन बनी, जबकि बदारन टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यतिथि के रूप में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने शिरकत की तथा विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया। अजय ठाकुर ने युवाओं को खेल के महत्व और उसके फायदे बताए। उन्होंने कहा खेल सिर्फ शारीरिक गतिविधि ही नहीं है, यह एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व



विजेता टीम के साथ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर।

विकास, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करता है। हमें ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि हमारी युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ सके। अजय ठाकुर ने विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया।

उन्होंने कहा कि खेलों के जरिए न केवल युवा अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता को बढ़ा सकते हैं, बल्कि वे अपने करियर को नई ऊंचाई पर भी ले जा सकते हैं। उन्होंने सरकार और समाज से अपील की कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा दें और प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। विजेता टीम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

अजय ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार की और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ठाकुर ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच प्रदान किया है।

इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया, बल्कि क्षेत्र के लोगों को खेल के महत्व को समझने का भी अवसर दिया। वहीं, अजय ठाकुर ने 11000 की धनराशि आयोजकों को प्रोत्साहन के रूप में भी प्रदान की और हर समय हर प्रकार की हरसंभव मदद करने का भरोसा भी दिया।

# चैंपियन खिलाड़ी मानसी का स्कूल पहुंचने पर होगा जोरदार स्वागत : जीवन मोदगिल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल ने बताया कि हमारे स्कूल की छात्रा मानसी राणा ने जहां शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन किया है, वहीं स्काउट एवं गाइड की जिला डीओसी मेडम सोनू कुमारी की अध्यक्षता में राज्यपाल पुरस्कार सहित अंतरराष्ट्रीय कल्चरल जंबूरी एक्टिविटीज के साथ साथ थ्रो बाल में पांच बार हिमाचल की टीम का नेतृत्व कर स्कूल माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मानसी राणा ने हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के वाटर स्पोर्ट्स सेंटर पौंग डैम में हिमाचल प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, राज्य महासचिव रितेश आहलुवालिया, सीनियर ट्रेनिंग अधिकारी राकेश वालिया, ट्रेनिंग अधिकारी व टीम मैनेजर श्याम लाल, ट्रेनिंग अधिकारी



संजीव कुमार की अध्यक्षता में बढ़िया प्रदर्शन कर नेशनल स्तर पर हुई ड्रैगन वोट एंव ट्रेडीशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो कि केरल के अल्पी में संपन्न हुई है, में बढ़िया प्रदर्शन कर स्कूल माता-पिता क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया।

जीवन मोदगिल ने बताया कि मानसी राणा स्कूल की एक होनहार छात्रा है। हमारे स्कूल, स्टाफ व क्षेत्र की जनता को इस बेटी पर नाज है। नेशनल ड्रैगन वोट एंव ट्रेडीशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता से वापस स्कूल पहुंचने पर मानसी राणा का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# खराब मौसम के कारण देर से पहुंचे सीएम, करना पड़ा लंबा इंतजार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज हो गया, लेकिन इस बार पहली बार यहां कार्निवाल के शुभारंभ के लिए यहां पहुंचे नेताओं, अधिकारियों सहित अन्य लोगों को इसके लिए काफी इंतजार करना पड़ा।

सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने हर बार की तरह इस बार भी कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाकर और उससे पूर्व माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना कर पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण धर्मशाला से सुबह मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर मनाली के लिए उड़ान नहीं भर पाया, जिस कारण सभी मुख्यमंत्री के इंतजार में बैठे रहे और कार्निवाल परेड शुरू नहीं हो पाई। इस कारण सुबह से भूखी प्यासी बैठी स्थानीय महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। कार्निवाल परेड में भाग लेने के लिए कई महिलाएं सुबह 5 बजे ही मनाली पहुंच गई थी और उन्होंने अपनी झांकियां भी तैयार कर ली थी, लेकिन सीएम सुक्खू के न पहुंच पाने के कारण दूरदराज के इलाकों से आई महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। ऐसे में मायूस व निराश महिलाओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पहली बार इस तरह की दिक्कत उन्हें झेलनी पड़ी है।

झांकियां खत्म होने के बाद उन्हें अपना सामान भी समेटना होता है। इसके लिए प्रशासन ने भी कोई व्यवस्था तक नहीं की है। वहीं, सीएम दौरे के चलते मनाली में ढूंगरी व मनु मंदिर की तरफ का ट्रैफिक भी बंद था। इस कारण इस तरफ आने वाले पर्यटकों को कई किलोमीटर अपना सामान उठाकर पैदल ही सफर करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)



मनाली में महिला मंडलों की झांकियों को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करते हुए मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़।


मनाली विंटर कार्निवाल में पहुंचने पर चैयरमेन टूरिज्म डिवेलपमेंट बोर्ड, कैबिनेट रैंक आरएस बाली का स्वागत करती विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक विद्या नेगी।


विधायक भुवनेश्वर गौड़ माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना करते हुए।

## हिडिंबा माता की पूजा से विंटर कार्निवाल का आगाज, विधायक ने कार्निवाल परेड को दिखाई हरी झंडी

**एम बोकटापा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में सोमवार को पांच दिवसीय राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ हुआ।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से विंटर कार्निवाल का शुभारंभ किया जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण धर्मशाला से उनका हेलिकाप्टर उड़ान नहीं भर पाया इसलिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ को ही कार्निवाल का शुभारंभ करना पड़ा। विधायक ने सुबह जहां पहले माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना की। वहीं, उसके बाद दोपहर करीब एक बजे झांकियों को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का शुभारंभ किया। सर्किट हाउस से मालरोड तक भव्य झांकियां निकाली गईं। झांकियों में लगभग 276 महिला मंडलों सहित 25 अन्य सांस्कृतिक दलों और कुछ सरकारी विभागों ने भाग लिया। मालरोड में हिमाचल की ठेठ पहाड़ी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती भव्य झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मालरोड के दोनों ओर पर्यटक और स्थानीय लोग झांकियों की तस्वीरें मोबाइल में कैद करते नजर आए। कार्निवाल 20 से 24 जनवरी तक मनाया जाएगा। 21 और 23 जनवरी को महानाटी होगी।

इसके अलावा विंटर क्वीन, वॉयस ऑफ कार्निवाल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। लोकनृत्य, फैशन शो, फिल्म डांस समेत सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र नेगी, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की को-ऑर्डिनेटर विद्या नेगी, एसडीएम मनाली एवं विंटर कार्निवाल आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रमण शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू ने शरदोत्सव पर कुल्लू- मनाली को दी 206.08 करोड़ रुपए की सौगात



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू के मनाली में राष्ट्र स्तरीय शरदोत्सव के अवसर पर जिले के लोगों को 206.08 करोड़ रुपए की विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने मनाली में 59.21 करोड़ की 8 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं 147.59 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं के शिलान्यास किए।

इनमें वर्ष 2023 में ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ से मनाली व आस-पास के क्षेत्रों में हुए नुकसान के उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पुर्नरुद्धार एवं पुनर्निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-तृतीय चरण के तहत 7.34 करोड़ लागत के मनाली-बुरूआ सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य, 7.70 करोड़ लागत के चक्की-हलाण सड़क के उन्नयन कार्य, 9.24 करोड़ की लागत से पतलीकूहल से हलाण-दो सड़क तथा 6.69 करोड़ रुपए की लागत से फोजल से नेरी सड़क मार्ग के उन्नयन कार्य के लोकार्पण, 3.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सोलंगनाला में वाहन योग्य डबल लेन पुल का लोकार्पण किया।, 7.69 करोड़ की लागत से पतलीकूहल में निर्मित अंतरराज्यीय बस अड्डा, 14.30 करोड़ की लागत से बस पार्किंग यार्ड मनाली व सुरक्षा कार्य के प्रथम चरण और बंजार तहसील में 2.53 करोड़ से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थाटीबीड़ का आदि लोकार्पण किए। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इन विकासात्मक परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के पहले दिन स्थानीय महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में झांकी निकालकर पर्यावरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता सहित अन्य विभिन्न विषयों पर जागरूकता का संदेश देती हुई।

### सुंदरियों ने बिखेरे हुस्न के जलवे

**अनंत ज्ञान, मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का मुख्य आकर्षण विंटर क्वीन प्रतियोगिता के ऑडिशन सोमवार को मनाली में संपन्न हुए। अंतिम दिन मनाली के वन्य प्राणी सूचना केंद्र में ऑडिशन हुए। सुंदरियों ने कैटवॉक के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मनाली में ऑडिशन देने छह युवतियां पहुंची, जिसमें एक पश्चिम बंगाल की थी। इससे पहले शिमला, चंडीगढ़, कुल्लू और मंडी में ऑडिशन हुए हैं। मनाली समेत इन सभी जगहों पर ऑनलाइन और ऑफलाइन ऑडिशन में लगभग 120 युवतियों ने भाग लिया। इनमें 20 का चयन किया जाएगा, जिनका 22 जनवरी को मनुरंगशाला में पहला राउंड होगा। यह राउंड इंडिया वेस्टरन राउंड होगा, जबकि 23 को सभी युवतियां ट्रेडिंशनल राउंड मे भाग लेंगी। 24 को फाइनल राउंड के बाद विंटर क्वीन का ऐलान होगा। अब तक हुए ऑडिशन में आदिती नेगी , अमीषा ठाकुर, निशा ठाकुर, अनीता, हिमानी खन्ना, इशिता राणा, कमल प्रीत कौर, महिमा कटोच, पल्लवी चौहान, कृतिका, साधना संदली, मीनाक्षी शर्मा, शिवाली ठाकुर, श्रद्धा डोगरा, सृष्टि, श्वेता, स्नेहा, सुहानी कटोच, तनिष्का, वंशिता मेहता का पहले राउंड के लिए चयन हुआ है।

### इन महिला मंडलों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पांच दिवसीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ पर महिलाओं द्वारा निकाली गई विभिन्न झांकियों में डोभा, चचोगा, गजां, शौर, राउगी, कोटधार, वशिष्ठ, दशाल, कराड़सू, दुआडा, रौगी ने विलुप्त हो रहे अनाज पर झांकी निकाली और लोगों को पुराने अनाज के प्रति जागरूक किया। हिंब्री, घरकड, खराहल, कुलंग महिला मंडल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। महिलाओं ने कन्या भ्रूण हत्या, हलाण व गोशाल, जटेहड़ बिहाल, बनोगी डोभा, रूंगा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रिंगन, चौकी डोभी, पलचान फोजल, पिछ्ली हार, संगचर, मलोगी, सियाल, शीरढ, कमसारी, अलेउ, छाकि, रोमनी राउगई ने झांकियों की माध्यम से स्वच्छता व पर्यावरण का संदेश दिया। प्रीणी ने माघा रा साजा पर झांकी निकाली। कटराई, व्यासर, कुकड़ी ने स्वच्छता, शलीधार, ब्रान, पनगा ने स्वच्छता का संदेश दिया। 276 महिला मंडलों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। यह परेड प्रतियोगिता का भी हिस्सा रही। परेड में प्रथम आने वाले महिला मंडल को 20 हजार ईनाम दिया जाएगा।





राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर कार्निवाल परेड में भाग लेती हुई महिलाएं व बाहरी राज्यों से आए सांस्कृतिक दल।


कार्निवाल परेड में भाग लेने के लिए तैयार खड़ी लाहौल-स्पीति की महिलाएं।






राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ व अन्य गणमान्य लोग मालरोड पर कार्निवाल परेड का लुत्फ उठाते हुए।



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर कार्निवाल परेड के दौरान प्रदेश सरकार की योजनाओं बारे जागरूक करती हुई महिलाएं।

**दिक्कत** प्रदेश का सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला विधानसभा क्षेत्र का पशुपालन विभाग चल रहा राम भरोसे

# आनी में वेटरनरी ऑफिसर सहित 32 पद खाली

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

प्रदेश के कुल दुग्ध उत्पादन का सबसे ज्यादा दूध पैदा करने वाले आनी विधानसभा क्षेत्र का पशुपालन विभाग राम भरोसे है। आनी और निरमंड उपमंडलों में पशुपालन विभाग में एक वेटेरनरी ऑफिसर सहित 32 महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं, जबकि 11 वेटरनरी डिस्पेंसरी और पंचायत वेटरनरी डिस्पेंसरियों में ताले लटके हैं।

यहां डेपुटेशन के सहारे काम चलाया जा रहा है। फलस्वरूप क्षेत्र के पशुपालकों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पशु औषधालयों में भारी स्टाफ का टोटा होने के चलते पशुपालक अपने पशुओं को समय पर सही उपचार नहीं दे पा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


फाइल फोटो।

### आनी विधानसभा क्षेत्र में हैं 66 पशुपालन संस्थान

**नकदी** फसल सेब के अलावा यहां की आर्थिकी का मुख्य स्रोत पशुपालन है। क्षेत्र के लोग खासकर महिलाओं का जीवन यापन दूध, घी की पैदावार पर निर्भर है, जबकि भेड़-बकरी पालन भी यहां बहुत किया जाता है, जिसके मद्देजनर ही आनी क्षेत्र में एक उपमंडलीय पशु चिकित्सालय सहित कुल 66 पशुपालन संस्थान हैं, जिनमें 6 वेटेरनरी हॉस्पिटल, एक केंद्रीय पशु चिकित्सालय, 40 वेटेरनरी डिस्पेंसरी, 17 पंचायत वेटरनरी डिस्पेंसरियां और एक भेड़ एवं ऊन विस्तार केंद्र हैं, लेकिन इनमें 32 पद वर्षों से खाली पड़े हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### कितने संस्थान हैं खाली, कितनों में लटके ताले

**आनी** 10 वेटेरनरी डिस्पेंसरियों में वेटरनरी फार्मासिस्ट नहीं हैं, 16 वेटरनरी डिस्पेंसरियों में एनीमल हजबेंडरी असिस्टेंट के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं इनमें से 6 वेटरनरी डिस्पेंसरियों में न फार्मासिस्ट हैं और न ही एनीमल हजबेंडरी असिस्टेंट। फलस्वरूप तिहनी, बशावल, मोईन, शेदरी, सराहन, जाओं-2 आदि 6 वेटरनरी डिस्पेंसरियों में ताले लटके हैं। वहीं, पुजारली, पजेंडा, कुठेढ, डीम और खनेरी आदि 5 पंचायत वेटरनरी डिस्पेंसरियों में पंचायत वेटेरनरी असिस्टेंट के पद रिक्त होने के चलते यहां भी ताले लटके हुए हैं। फलस्वरूप 66 संस्थानों का जिम्मा संभाले एक सीनियर वेटरनरी ऑफिसर को डेपुटेशन पर कर्मचारियों को भेजकर काम चलाना पड़ रहा है, जिस कारण पशुओं के बीमार होने पर जरूरत के समय पशुपालकों को दूर-दूर जाकर कर्मचारियों को लाना पड़ता है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आनी विधानसभा के किसानों, बागवानों और पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रदेश की सरकारें कितनी संजीदा हैं। क्षेत्र के पशुपालकों की मेहनत के बूते ही आज आनी विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला विधानसभा क्षेत्र बन पाया है। विधानसभा क्षेत्र के पशुपालकों ने प्रदेश सरकार से इन रिक्त पदों को जल्द भरने की गुहार लगाई है।

**यह** प्रदेश में सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाले मेरे आनी विधानसभा क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार से लगातार मांग की जा रही है, फिर से मुद्दा उठाया जाएगा।

**लोकेंद्र कुमार, विधायक, आनी।**

**क्षेत्र** के पशुपालकों को कोई समस्या न हो इसलिए जिन डिस्पेंसरियों में स्टाफ नहीं है या कम है वहां पर डेपुटेशन पर कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

**अनुराधा वर्मा, सीनियर वेटेरनरी अफसर, आनी उपमंडल।**

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं के पदों पर होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बाल विकास परियोजना बंजार के अंतर्गत संचालित किए जा रहे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिकाओं के पद भरे जाएंगे।

ग्राम पंचायत देहुरी धार के आंगनबाड़ी केंद्र सिहण में सहायिका का पद, ग्राम पंचायत बलागाड़ के आंगनबाड़ी केंद्र बलौन में सहायिका का पद, ग्राम पंचायत पलाच के आंगनबाडी केंद्र जगाला में सहायिका का पद रिक्त चल रहा है। बाल विकास-परियोजना अधिकारी बंजार चम्पा शर्मा ने कहा कि सभी इच्छुक व पात्र आवेदक 15 फरवरी 2025 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी बंजार, जिला कुल्लू के कार्यलय में सभी आवशयक दस्तावेजों के साथ जमा किए जा सकते हैं।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में आगामी योजनाओं के बारे में किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

विश्व हिंदू परिषद जिला बंजार की जिला बैठक सैंज प्रखंड के लारजी में संपन्न हुई। बैठक के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने खिचड़ी भी खाई। इस बैठक में विशेष रूप से इंद्रप्रस्थ क्षेत्र के माननीय क्षेत्र मंत्री श्रद्धा लेख राज राणा रहे और प्रांत के समरसता प्रमुख हरदीप सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

इस बैठक में राणा ने आगामी योजनाओं के बारे में सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का निर्माण किया। राणा ने आगामी 8, 9 मार्च में होने बाली प्रांत बैठक की सूचना दी तथा अप्रैल माह में धर्म रक्षा अर्पण निधि कार्यक्रम को किस तरह से गंभीरता पूर्वक करने की आवश्यकता है और किस तरह से तैयारी करनी है ज्यादा से ज्यादा लोगों को कैसे जोड़ना चाहिए, ऐसी तमाम कार्य योजनाओं संगठन की गतिविधियों के बारे में सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया । समरसता के विषय में भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत किए और खिचड़ी का महत्व क्या है यह सभी कार्यकर्ताओं को सिखाया।

भविष्य में दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, बजरंगदल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग तथा परिषद वर्ग के लिए अभी से व्यवस्थित योजना बने इसके लिए कार्यकर्ताओं को अवगत किया। इस बैठक में जिला व प्रखंड के लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिसमें मंडी विभाग के माननीय विभाग अध्यक्ष घनश्याम, कुल्लू विभाग के सह मंत्री राजेंद्र, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र, जिले के कार्यकारी अध्यक्ष खुबे राम, जिला मंत्री डोला राम शर्मा, जिला बजरंगदल संयोजक टीटू, जिला दुर्गावाहिनी सह संयोजिका कुमारी पूजा, जिला सह संयोजिका कविता, मातृ शक्ति जिला संयोजिका लता ठाकुर, जिला सह सत्संग प्रमुख नेत्र, जिला प्रचार प्रमुख अजय व सभी प्रखंडों के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दो जगह अवैध खनन करते पकड़े पांच वाहन

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी की ओर से खनन माफिया पर एक बड़ी कार्रवाई की गई है। बता दें कि पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों से अवैध खनन कर रहे पांच वाहनों को कब्जे में लिया है। खनन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पहले महादेव खड्ड से एक जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन और एक टिप्पर को मौके से पकड़ा है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने बद्दी से ही एक जेसीबी मशीन और एक टिप्पर को अवैध खनन करते हुए अपने कब्जे में लिया है और पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस की ओर से सभी थाना प्रभारी को आदेश जारी किए गए हैं कि क्षेत्र में कहीं पर भी अगर अवैध खनन हो रहा हो, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए, जिसके तहत नालागढ़ पुलिस ने अवैध खनन करते हुए महादेव खड्ड से तीन वाहनों को कब्जे में लिया है और दूसरे मामले में बद्दी से एक जेसीबी मशीन और एक टिप्पर को अवैध खनन करते पकड़ा गया है उनका कहना है कि पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और एनजीटी के नियमों अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक प्रबंधन की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के बारे में जानकारी और कौशल सिखाना था। यह कार्यशाला एनवाईके और रेड क्रॉस सोसाइटी के समन्वय से आयोजित की गई थी। कार्यशाला का नेतृत्व एसडीपीओ दाड़लाघाट संदीप शर्मा और एसएचओ मोती सिंह ने किया। कार्यशाला में 25 प्रशिक्षुओं को चुना गया, जिन्हें सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से दुर्घटनाओं से बचाव, ट्रैफिक नियंत्रण, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और यातायात कानूनों को सही तरीके से लागू करने के तरीकों पर ध्यान दिया गया। प्रशिक्षु प्रैक्टिकल तरीके से सड़क सुरक्षा के नियमों को समझने के लिए पुलिस के साथ चार दिन काम करेंगे। वे ट्रैफिक सिग्नल, सड़क पर नियमों का पालन और सुरक्षा उपायों के बारे में अधिक जानकारी हासिल करेंगे।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमाक्षी, सोनाक्षी प्रथम



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी अनिता कौंडल के दिशा-निर्देशो में निबंध लेखन प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग से हिमाक्षी रघुवंशी तथा कनिष्ठ वर्ग से सोनाक्षी रघुवंशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंजलि सहगल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन में कनिष्ठ वर्ग से पूर्णिया प्रथम स्थान तथा वरिष्ठ वर्ग से मुस्कान प्रथम तथा दामिनी द्वितीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग से दीक्षित गौतम तथा कनिष्ठ वर्ग से साहिल और विशाल प्रथम स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग से दिव्या प्रथम तथा वंशिका द्वितीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने विजेताओं को बधाई के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने का भी संदेश दिया।

### तंबाकू समाप्ति कार्यशाला में छात्रों को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर पब्लिक हेल्थ एंड इनोवेशन (जीआईपीएचआई) के सहयोग से छात्रों को तंबाकू समाप्ति परामर्श में आवश्यक कौशल से लैस करने के उद्देश्य से दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। धूम्रपान मुक्त भविष्य के लिए डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को स्टार्टअप (स्टॉप टोबैको विद असिस्टेंस एंड रिकवर टुडे) से परिचित करवाया गया, जो तंबाकू की लत से निपटने के लिए एक अभिनव डिजिटल समाधान है। यह कार्यक्रम यूवी कैन के सहयोग से आयोजित किया गया और एडवर्ड और सिंथिया इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ द्वारा प्रमाणित किया गया था। कार्यशाला में तंबाकू समाप्ति परामर्श के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को तंबाकू छोड़ने में लोगों का समर्थन करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान के साथ सशक्त बनाया गया।

### कोट बेजा में जल्द होगा कार्यक्रम : सैजल



**अनंत ज्ञान, कसौली।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व कसौली के पूर्व विधायक डॉक्टर राजीव सैजल ने कसौली विधानसभा की कोटबेजा पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शिरकत की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक का कोट बेजा पहुंचने पर स्वागत किया। बैठक में कोट बेजा, गुनाई बूथों की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। बैठक में जल्द ही लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप का कोट बेजा पंचायत में कार्यक्रम रखने का निर्णय लिया गया। राजीव सेजल ने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास थम गया है। वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में जनमंच के माध्यम से जनता की समस्याओं का मौके पर हल किया जाता था, लेकिन अब कोई ऐसा मंच नहीं है, लोग कहां जाएं किसको बोले, ये बहुत बड़ी समस्या हो गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक भी अपना जनता, क्षेत्र के प्रति कर्तव्य को पूरा करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के अंदर सरकार के प्रति असंतोष का वातावरण है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रदेश की मदद कर रही है उसी से सरकार चल रही हैं।

### मंच ने जगमोहन के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने मंच के पूर्व महासचिव व बघाट बैंक सोलन के निदेशक गगन चौहान के पिता जगमोहन चौहान (83) के निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। जगमोहन चौहान पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और रविवार देर शाम उनका निधन हो गया। जगमोहन चौहान का अंतिम संस्कार उनके पैतृक सिरमौर जिले के गांव मांगण के श्मशान घाट पर किया गया।

# सोलन अस्पताल में देरी से मिल रही एक्स-रे रिपोर्ट, उपचार के लिए करना पड़ रहा इंतजार

**आर मोहन चौहान, सोलन**



जिले के सब से बड़े क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगियों को 5 से छह घंटे बाद एक्स-रे की रिपोर्ट मिलने से तुरंत उपचार नहीं मिल पा रहा है। रोगियों को दी जा रही एक्स-रे फिल्म धुंधली होने से डॉक्टरों को इसे समझने में दिक्कत आ रही है।

इससे जहां मरीज परेशान हैं, वहीं डॉक्टरों को भी उपचार करने में दिक्कत आ रही है। मरीजों को अधिकतर परेशानी आपात स्थिति में आती है। इस दौरान मरीज को उपचार देने के लिए केवल एक्स-रे फिल्म से ही काम चलाना पड़ रहा है। हालांकि, इस समस्या के बारे में मरीज अस्पताल प्रबंधन को बता चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बता दें कि क्षेत्रीय अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पर सोलन ही नहीं, बल्कि जिला शिमला और सिरमौर से भी मरीज अपना उपचार करवाने के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन समेत अन्य चिकित्सक हैं, जो बीमारी का पता लगाने के लिए एक्स-रे करवाने की सलाह देते हैं। ऐसे में क्षेत्रीय अस्पताल में रोजाना 70 से 80 एक्स-रे होते हैं। एक्स-रे के लिए सिस्टम को पीपीई मोड पर क्रस्ना कंपनी को दिया गया है।

कंपनी के कर्मी मरीजों के एक्स-रे तुरंत कर फिल्म तो दे देते हैं, लेकिन जब उनसे रिपोर्ट मांगी जाती है, तो उसके लिए छह घंटे तक रुकने के लिए कहते हैं। कई बार मरीजों को रिपोर्ट लेने के लिए अगले दिन भी अस्पताल आना पड़ता है। हालांकि कई मरीज फिल्म के सहारे ही उपचार करवा रहे हैं। कंपनी कर्मचारियों की माने, तो एक्स-रे रिपोर्ट क्रस्ना लैब के हेड ऑफिस से आती है। इसके चलते समय लग जाता है। (अनंत ज्ञान)

#### धुंधली फिल्म से चिकित्सक भी सही प्रकार से नहीं पकड़ पा रहे बीमारी

**दूसरी** ओर कई बार धुंधली फिल्म आने के कारण चिकित्सक भी सही प्रकार से बीमारी को नहीं पकड़ पा रहे हैं। ऐसे में काफी परेशानी मरीजों को झेलनी पड़ रही है। वहीं, कई बार मरीजों को दोबारा एक्स-रे करवाने पर भी मजबूर होना पड़ रहा है। अगर मरीज को एक्स-रे की रिपोर्ट की आवश्यकता होती है, तो उसे करीब छह घंटे का इंतजार करना पड़ता है।

> क्रस्ना लैब प्रबंधक से इस बारे बात की जाएगी। मरीजों को तुरंत रिपोर्ट देने के लिए कहा जाएगा। यदि ऐसा कंपनी नहीं करती है, तो इस बारे उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा।
> **डॉ. संदीप जैन, कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक, सोलन अस्पताल।**

### जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक आज होगी। यह जानकारी जिला परिषद सोलन के सचिव जोगिंद्र प्रकाश राणा ने दी। यह बैठक प्रातः 11 बजे जिला परिषद भवन सपरुन के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी।

### महिला किरायेदार के बंद कमरे से जेवरात चोरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खुंडीधार में किराये के कमरे पर रहने वाली एक कामकाजी महिला के बंद कमरे का ताला खोलकर चोरों ने सोने व चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। सोलन के सदर थाना पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार खुंडीधार स्थित नेगी कॉलोनी में किराये के कमरे में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह वह अपने काम पर चली गई थी, उस समय उसका बेटा घर पर ही था, लेकिन कुछ देर बाद बेटे ने भी कमरे में ताला लगाकर चाबी कमरे के बाहर ही रख दी और स्वयं खेलने चला गया। जब कुछ देर बाद उसका बेटा वापस आया तो उसने देखा कि करम का दरवाजा और सामान बिखरा पड़ा था और सामान की जांच करने पर पता चला कि सोने व चांदी के जेवरात जिनमें 2 मंगलसूत्र, चेन, बाली, टॉप्स, तिल्ली, अंगूठी तथा चांदी के 2 कड़े, पायल इत्यादि सामान चोरी हुए हैं।

## पंजाब रोडवेज की बस में बैठे युवक से 11 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पंजाब रोडवेज की बस में बैठे एक युवक से 11 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि जिला सोलन पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम जब सोलन शहर में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि पंजाब रोडवेज एक बस जो चंडीगढ़ से शिमला की तरफ आ रही है, उसमें एक नरेंद्र सिंह नाम का युवक चिट्टा/हेरोइन की खेप लेकर आ रहा है। इस सूचना पर उपरोक्त टीम द्वारा इस बस को शमलेच के पास रोका गया। चैकिंग के दौरान इस बस में बैठे युवक नरेंद्र सिंह पुत्र पाल सिह निवासी गांव व डाखा नंदगढ़ तह. मलोट जिला मुक्तसर साहिब पंजाब उम्र 28 वर्ष को विशेष अन्वेषण इकाई द्वारा करीब 11 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है तथा इसके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## कालाअंब में मिला चार माह के शिशु का भ्रूण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के कालाअंब में 3-4 महीने के शिशु का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि किसी महिला की प्रीमैच्योर डिलीवरी के बाद इस भ्रूण को कूड़े के बीच फेंक दिया गया। मामला पुलिस थाना कालाअंब के तहत सामने आया है क्योंकि कालाअंब हिमाचल और हरियाणा की सीमा पर स्थित है, लिहाजा यह भ्रूण यहीं किसी ने फेंका है या फिर पड़ोसी राज्य से यहां आकर फेंका गया है, इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। पुलिस को अंशुल चौधरी नाम के एक व्यक्ति ने इस मामले की सूचना दी।

अंशुल ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर करीब ढाई बजे जब वह खैरी में अपने दोस्त के पास जा रहा था, तो इसी दौरान पशुपति कंपनी से आगे त्रिलोकपुर की ओर पुलिया के पास काफी लोग एकत्रित थे। देखने पर नाले में कूड़े के बीच एक शिशु का भ्रूण पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इस मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच भ्रूण को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। अब नाले में ये भ्रूण किसने और कब फेंका, इसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है। कालाअंब पुलिस थाना के एसएचओ कुलवंत सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह भ्रूण 3-4 महीने का लग रहा है। पुलिस गहनता से मामले की तफ्तीश कर रही है।

## आदर्श रेजिलिएंट गांव कार्यक्रम के तहत बसाया जाएगा सुनानी गांव

**अनंत ज्ञान, सोलन/ नालागढ़**



सोलन के दून विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बवासनी के गांव सुनानी में पुनर्वास के लिए आदर्श रेजिलिएंट गांव कार्यक्रम के तहत वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की सचिव एवं वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी ने दून के विधायक राम कुमार चौधरी की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न किया।

दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष-2023 में आई भीषण आपदा के समय प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से प्रभावितों को समय पर राहत पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की न केवल घोषणा की, बल्कि यह सुनिश्चित बनाया कि प्रभावितों को राहत एवं घोषित धनराशि समय पर मिले। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रभावितों की समस्या के दृष्टिगत दी जाने वाली मुआवजा राशि को 1 लाख 30 हजार रुपए से बढ़ाकर 7 लाख रुपए किया। इसका उद्देश्य प्रभावितों को वास्तविक सहायता प्रदान करना था। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावितों के लिए अन्य सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पंचायत बवासनी के गांव सुनानी के प्रभावितों के लिए भी 7 लाख प्रति परिवार देने की घोषणा की थी और यह राशि प्रभावितों तक पहुंच रही है। पंचायत बवासनी के आसपास का क्षेत्र वन क्षेत्राधिकार के तहत है। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावितों के मकान निर्माण के लिए जल्द ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। डॉ. एन कलैसेल्वी ने कहा कि आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए डीएसआईआर एवं सीएसआईआर सतत् कार्यरत हैं।

### भाजपा मंडल सोलन ने संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम का किया आयोजन

## डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन शहरी मंडल भाजपा की ओर से जिला भाजपा के कार्यालय में 'संविधान गौरव अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया।

डॉ. अंबेडकर के ज्ञान, दूरदृष्टि एवं समर्पण से निर्मित भारत का संविधान आज भारत को विश्व के सबसे बड़े और सशक्त लोकतंत्र के रूप में पहचान दिलाने में कामयाब रहा है। इस कार्यक्रम में सोलन जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया। इस अभियान के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को संविधान के महत्व और मूल्यों से अवगत करवाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को और व्यापक रूप देने का संकल्प लिया। इस मौके पर सोलन शहरी मंडल भाजपा के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि अपने शासनकाल में पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने संविधान की अवहेलना कर लोकतंत्र की सरेआम धज्जियां उड़ाई। जिला अध्यक्ष व मुख्य वक्ता रतन पाल ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब को आदर सम्मान नहीं दिया। केवल उनके नाम पर वोट बटोरने का कार्य किया, जबकि भाजपा ने उनके नाम से पंच तीर्थ बनाए।

## हर्षवर्धन चौहान आज व कल सिरमौर के प्रवास पर



**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 21 व 22 जनवरी, को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उद्योग मंत्री 21 जनवरी को दोपहर 1 बजे व 22 जनवरी को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे।

## नशे की 680 गोलियां बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण ईकाई ने धर्मपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान बलैनो गाड़ी में सवार सोलन के ओल्ड धोबीघाट मोहल्ला और कसौली के बड़ोग निवासी युवकों के हवाले से नशे की 680 गोलियां बरामद की हैं।

पुलिस ने दोनों को ड्रग एवं कास्मेटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई के लिए ड्रग निरीक्षक के हवाले कर दिया है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि एसआईयू की टीम गत दिवस जब धर्मपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तब उक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कसौली से सोलन की ओर आ रही बलैनो गाड़ी में सवार दो युवक नशे का सामान ला रहे हैं। इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी कर बलैनो नंबर सीएच-01 सीबी-0223 को रोककर चैक किया। उसमें बैठे दो युवकों से पूछताछ की, तो उन्होंने अपने नाम व पता सोलन के ओल्ड धोबीघाट सरदार मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय परीक्षित तिवारी व बड़ोग के बाग्गड़ गांव निवासी 30 वर्षीय रजत ठाकुर बताए। तलाशी में उनके पास से नशे की 680 गोलियां बरामद हुई।

दोनों युवक प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के बारे में कोई भी वैध कागजात पुलिस के सामने पेश नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## संविधान को लेकर जनता को भ्रमित कर रही कांग्रेस : सुखराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा देशभर में संविधान गौरव अभियान चला रही है, जिसके तहत भाजपा मंडल पांवटा साहिब ने संविधान गौरव अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने विशेष तौर पर शिरकत की।


इस दौरान संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान के प्रति उपस्थित कार्यकर्ताओं समेत लोगों को जानकारी दी गई। भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान की किताब हाथ में उठाकर जगह-जगह जनसभाओं में कोरा झूठ बोला और जनता को संविधान बदलने व संविधान खतरे में होने को लेकर भ्रमित किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लगातार संविधान को लेकर जनता को उकसाने का काम किया है। आज तक संविधान में 106 संशोधन हुए हैं, जो कांग्रेस पार्टी ने अपने लाभ के लिए किए हैं।

## 23 फरवरी से नाहन में सिरमौर मिनी क्रिकेट वर्ल्ड कप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 23 फरवरी से चौगान मैदान नाहन में जिला सिरमौर क्रिकेट का मिनी वर्ल्ड कप आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर नाहन में डायनामिक युवा मंडल नाहन व सिरमौर यूथ एंड स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी मीडिया से रूबरू हुए। मीडिया से बात करते हुए डायनामिक युवा मंडल के अध्यक्ष गोपी ठाकुर ने बताया कि खेल खेलो नशा छोड़ो खेलेगा युवा तो नशे से दूर रहेगा युवा, थीम के साथ इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन 23 फरवरी से 2 मार्च तक चौगान मैदान में किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के अलावा उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ आदि राज्यों से 80 टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए टीमों को स्लॉट बुक करवाना होगा और 1 फरवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू की जाएगी।

## केंद्र सरकार वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत नहीं दे रही सुविधाएं : पूर्ण

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**



किन्नौर जिले के चीन सीमांत क्षेत्र कुनो चारंग ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान पूर्ण सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत चीन सीमांत ग्रामीण इलाकों को सुविधाएं नहीं दी जा रही है, जिस कारण लोग गांव छोड़ बाहरी इलाकों को पलायन कर रहे हैं।

पूर्ण सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत जिले के चीन सीमांत ग्रामीण ईलाकों को पक्के मकान, सड़क, बिजली, पानी व भरपूर जमीन देने का नियम व कानून है, लेकिन केंद्र सरकार इस विषय को लेकर गंभीर नहीं है, जिस कारण चीन सीमांत ग्रामीण इलाकों के लोग ग्रामीण इलाकों को छोड़ शहरों की ओर पलायन कर रहे है क्योंकि चीन सीमांत ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्य ठप व सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे चीन सीमांत इलाकों की सिक्योरिटी भी खतरे में पड़ रही है। नेगी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए कई वर्ष हुए हैं, लेकिन अबतक जिले के करीबन 53 के आसपास गांव जो वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आते हैं, वहां पर कोई काम व ग्रामीणों को सुविधाएं नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

**असुविधा** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर में एक ही चिकित्सक, प्राथमिक सुविधाओं के लिए मरीज हो रहे परेशान

# प्रतिनियुक्ति डॉक्टरों के सहारे चल रहा धर्मपुर अस्पताल

**अश्वनी शर्मा, कसौली**



कसौली विधानसभा क्षेत्र के तहत चिकित्सा खंड धर्मपुर में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा रही हैं। अस्पताल में हालात यह हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी को अब प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से पूरा किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जब चिकित्सक की ड्यूटी धर्मपुर में लगती है, तो उस दिन ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। नाइट ड्यूटी में भी पीएचसी से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है।

आपातकालीन ड्यूटी के बाद चिकित्सक का नाइट ऑफ रहता है। इस कारण पीएचसी बंद हो जाती है। हैरत की बात यह है कि जब चिकित्सक प्रतिनियुक्ति पर ड्यूटी देता है, तो केंद्रों में अन्य स्टाफ भी नहीं होता है। ऐसे में प्राथमिक सुविधाओं के लिए मरीज परेशान हो रहे हैं। यही नहीं प्राथमिक केंद्रों से ही चिकित्सकों की ट्रेनिंग और अन्य ड्यूटियां भी लग रही हैं। धर्मपुर अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है, लेकिन यहां पर एक ही चिकित्सक के सहारे काम चलाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर करीब 15 दर्जन पंचायतों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। अस्पताल में पहले दो एमओ चिकित्सक कार्यरत थे। एक चिकित्सक का खंड चिकित्सा अधिकारी पदोन्नति होने के बाद तबादला हो गया। इसके बाद से एक ही चिकित्सक सेवाएं दे रहा हैं। हालांकि अस्पताल में सरकार की ओर से चार चिकित्सकों के पद स्वीकृत किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

> अस्पताल में इन दिनों एक ही चिकित्सक है। इस कारण आपात स्थिति में प्रतिनियुक्ति पर पीएचसी से चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। चिकित्सकों की कमी के बारे में पत्र लिखकर उच्चाधिकारियों को बताया गया है। उम्मीद है कि जल्द चिकित्सकों की तैनाती हो जाएगी।
> **डॉ. अल्पना, खंड चिकित्सा अधिकारी, धर्मपुर।**

#### घंटों कतारों में खड़े रहते हैं मरीज

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मपुर अतिसंवेदनशील श्रेणी में आता है। इन दिनों सैकड़ों मरीजों के अलावा दुर्घटना में पीड़ित भी यहां आते हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। यही नहीं एक ही चिकित्सक होने से ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इस कारण घंटों कतारों में खड़े होने के बाद मरीजों की बारी आती है। इसी बीच कोई आपात केस या दुर्घटना का मामला आ जाए, तो चिकित्सक को वह भी देखना पड़ता है।

## नाहन में होगी मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा



**अनंत ज्ञान, नाहन।** फरवरी माह में जिला मुख्यालय नाहन में पहली बार राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। जिला सिरमौर बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र हिंदुस्तानी ने बताया कि जिला सिरमौर बैडमिंटन एसोसिएशन को पहली बार राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता करवाने का मौका मिला है।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता में 35 वर्ष से 75 वर्ष तक की आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें सिंगल और डबल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ मेयर का चुनाव स्थगित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव स्थगित हो गए हैं। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव 24 जनवरी को करवाए जाने की नोटिफिकेशन रद्द कर दी। हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि चुनाव 29 जनवरी के बाद करवाए जाएं। वहीं हाथ खड़े कर चुनाव करवाने पर चंडीगढ़ के प्रशासक को गौर करने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले भाजपा की तरफ से मेयर के लिए पार्षद हरप्रीत बबला को उम्मीदवार बनाया गया है। सीनियर डिप्टी मेयर के पद पर बिमला दुबे और डिप्टी मेयर के पद पर लखबीर सिंह बिल्लू उम्मीदवार हैं। भाजपा के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर उम्मीदवार ने नामांकन भर दिया है। दूसरी ओर कांग्रेस ने सीनियर डिप्टी मेयर के लिए जसबीर बंटी और डिप्टी मेयर के लिए तरुणा मेहता का नाम तय किया है। कांग्रेस उम्मीदवारों ने नामांकन भर भी दिया है। आम आदमी पार्टी मेयर पद के लिए कुछ दिनों में नाम घोषित कर देगी।

### राष्ट्रीय खेलों के बाद भी ढांचे का हो बेहतर प्रयोग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के व्यापक विस्तार के बाद अब उसके दीर्घकालिक उपयोग को लेकर भी काम शुरू हो गया है। जहां-जहां खेल सुविधाएं बढ़ाते हुए आधारभूत ढांचे तैयार हो रहे हैं, वहां खेल अकादमी खोलने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ताकि राष्ट्रीय खेलों के बाद भी खेल गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित होती रहें। खेल विभाग के स्तर पर तैयार किए जा रहे लेगेसी पॉलिसी के ड्राफ्ट में खेल अकादमी के प्रस्ताव को शामिल किया जा रहा है। मंजूरी के लिए इसे जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। उत्तराखंड में खेलों के लिए इन दिनों व्यापक स्तर पर आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। देश-विदेश से अत्याधुनिक उपकरण मंगवाए गए हैं। कई खेल उपकरण अंतरराष्ट्रीय मानक वाले हैं। इस बीच, यह भी विचार किया गया है कि राष्ट्रीय खेलों के बाद अवस्थापना सुविधाओं का संचालन किस तरह से किया जाएगा। रांची समेत देश के कई जगहों के उदाहरण सामने हैं, जहां पर राष्ट्रीय खेल समाप्त होने के बाद आधारभूत ढांचे का सही इस्तेमाल नहीं किया जा सका। नतीजतन, देख-रेख के अभाव में महंगे उपकरण खराब हो गए और आधारभूत ढांचा उपयोगी साबित नहीं हो पाया।

### रॉक गार्डन के जंगल लगे सूखने

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में रॉक गार्डन के पीछे जहां एक समय घने और हरियाली से भरे जंगल हुआ करते थे, वहां अब सूखे और मृत पेड़ नजर आते हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र में रहने वाले कई पक्षी और जानवर भी लुप्त होने लगे हैं। चंडीगढ़ के रॉक गार्डन के पीछे व कांसल की तरफ जाने वाले रास्ते के दोनों तरफ का जंगल अब पेड़ों के कब्रिस्तान में बदलता जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति मुख्य रूप से पंजाब के इलाकों से आ रहे सीवरेज और केमिकल युक्त गंदे पानी की वजह से पैदा हुई है। इस विनाश का मुख्य कारण पंजाब से बिना ट्रीट किए आ रहा सीवरेज का गंदा पानी है। वर्ष 2009 के बाद कांसल में बड़े स्तर पर निर्माण हुआ है। कई सोसाइटियां बस गई हैं।

### बकाया ट्रैफिक चालान वालों के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे रद्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर में 7.5 लाख से अधिक लंबित ट्रैफिक चालान के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए, यूटी प्रशासन ने पांच या उससे अधिक बकाया चालान वाले



वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर उन्हें 15 दिनों के भीतर बकाया राशि चुकाने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर, वाहन मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे और उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) निलंबित कर दिए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में बकाया चालानों में उल्लेखनीय वृद्धि को उजागर करते हुए, पंजीकरण और लाइसेंसिंग प्राधिकरण प्रभारी प्रद्युम्न सिंह ने कहा, 'बार-बार अनुस्मारक और नोटिस के बावजूद, चालानों का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पांच या उससे ज्यादा चालान बकाया होने पर उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिसमें उन्हें 15 दिनों के भीतर जुर्माना भरना होगा। इसके अलावा, चूककर्ताओं के वाहनों को 'लेन-देन न किए जाने' के रूप में चिह्नित किया जाएगा, जिससे वाहन से संबंधित किसी भी लेन-देन को रोक दिया जाएगा।

### 'आप' विधायक की याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में 'आप' के नेता और उत्तम नगर के विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कि दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करें। अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। विधायक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने अदालत से उन्हें इस आधार पर रिहा करने का अनुरोध किया कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और उनकी पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। बाल्यान ने कहा कि मुझे कम से कम अंतरिम जमानत दी जाए। मैं कोई अपराधी नहीं हूं। पाहवा ने दलील दी कि बाल्यान के खिलाफ 'कोई सबूत नहीं है'।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के अशांत कांगपोकपी जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि हथियारों की यह बरामदगी न्यू कीथेलमानबी थाना क्षेत्र के लुनखोंगजांग रिज से की गई। जब्त हथियारों में एक 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल, 9 एमएम की पांच पिस्तौल, मैगजीन,दो एसबीबीएल बंदूकें, हथगोले', गोला-बारूद, दो स्टन गोले और आंसू गैस का एक गोला शामिल है।



### संभल हिंसा: न्यायिक आयोग आज करेगा सुनवाई

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संभल दंगों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग 21 जनवरी को यहां दौरा करेगा और मामले की सुनवाई करेगा। संभल में 24 नवंबर को हुए दंगों के मामले में जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था, जिसने एक दिसंबर को जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दंगा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया था।

### चेन्नई के श्रद्धालु ने दान में दिए छह करोड़ रुपए

**तिरुपति।** चेन्नई के एक श्रद्धालु ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को छह करोड़ रुपए दान में दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालु वर्धमान जैन ने श्री वेंकटेश्वर भक्ति चैनल (एसवीबीसी) को पांच करोड़ और श्री वेंकटेश्वर गोसंरक्षण ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दान में दिए।

## संसदीय समिति ने स्वच्छ भारत मिशन, आईसीसीसी और अन्य परियोजनाओं का लिया जायजा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के नेतृत्व में लोकसभा और राज्यसभा के अन्य सदस्यों वाली एक संसदीय स्थायी समिति ने सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन, अमृत और स्मार्ट सिटी सहित विभिन्न प्रमुख मिशन परियोजनाओं का दौरा किया।

लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों और समिति के सदस्यों और मंत्रालय के अधिकारियों के साथ प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में स्वच्छता बनाए रखने से बहुत खुश था। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण और विध्वंस संयंत्र का दौरा किया, जहां प्रतिनिधिमंडल को चंडीगढ़ नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कुल 22 सीएंडडी अपशिष्ट संग्रह केंद्र हैं, जहां सीएंडडी अपशिष्ट एकत्र किया जाता है और प्रसंस्करण संयंत्र में ले जाया जाता है ताकि विभिन्न उत्पादों जैसे कि 10 मिमी, 20 मिमी, 40 मिमी और पुनर्नवीनीकरण धुली रेत और गाद सहित विभिन्न उत्पादों को बनाने के लिए 100 प्रतिशत पुनर्चक्रण किया जा सके।

पुनर्नवीनीकृत समुच्चय और मोटे रेत का उपयोग विभिन्न सीमेंट कं,ीट उत्पादों जैसे कि कर्ब स्टोन, पेवर ब्लॉक, पीसीसी चैनल, पीसीसी टाइल, ईंट आदि की ढलाई के लिए किया जाता है।

उन्होंने 3 बीआरडी में बागवानी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र का भी दौरा किया, जहां उन्हें एमसीसी टीम द्वारा अवगत कराया गया कि पेड़ों की छंटाई से एकत्र बागवानी अपशिष्ट को धूप में सुखाया जाता है, कटा जाता है, यांत्रिक रूप से सुखाया जाता है और जैव ईंधन ब्रिकेट बनाने के लिए संपीड़ित किया जाता है, जिसे 5.54 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है।

उन्हें बताया गया कि यह एक आत्मनिर्भर संयंत्र है जो डंपिंग ग्राउंड पर कचरे को कम करता है और राजस्व उत्पन्न करता है। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने स्मार्ट सिटी परियोजना, सेक्टर 17 में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का दौरा किया। आईसीसीसीपरियोजना के तहत शामिल प्रमुख विशेषताओं से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया जिसमें सीसीटीवी निगरानी, बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली, अनुकूली यातायात नियंत्रण प्रणाली, वीडियो एनालिटिक्स, संचार केंद्र, एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र, जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) आदि शामिल हैं।

## सुनैना जैन के कविता संग्रह 'द पैचवर्क क्विल्ट' का विमोचन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सुनैना जैन, जो चंडीगढ़ के एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन में अंग्रेजी की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, द्वारा रचित नई कविता संग्रह 'द पैचवर्क क्विल्ट' का विमोचन यूटी गेस्ट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया।

इस अवसर पर पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल वीपी मलिक और पूर्व एडब्ल्यूडब्ल्यूए प्रेसिडेंट डॉ. रंजना मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही, पूर्व आईएएस अधिकारी, लेखक और प्रेरक वक्ता विवेक अत्रे और पंजाब विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर व चंडीगढ़ साहित्य अकादमी की चेयरपर्सन प्रो. मंजू जैडका, एमसीएम कॉलेज की ऑफिशिएटिंग सुमन महाजन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गणमान्य अतिथियों ने इस संग्रह और लेखिका की काव्य प्रतिभा पर अपने गहन विचार साझा किए।

'द पैचवर्क क्विल्ट' काव्य संग्रह में लगभग 60 कविताएं शामिल हैं, जो जीवन की जटिलताओं की गहराई से अध्ययन करती हैं और प्रेम, आत्मचिंतन, और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे विषयों को आपस में बुनती हैं।

यह काव्य संग्रह तीन खंडों (सेल्फ, लव और वर्ल्ड) में विभाजित है, और यह मानव भावनाओं और दृष्टिकोणों के सार को समेटे हुए है।

## गिलको इंटरनेशनल स्कूल में मस्ती और मनोरंजन से भरा कार्निवाल यूफोरिया

**अनंत ज्ञान, खरड़**



गिलको इंटरनेशनल स्कूल में कार्निवाल यूफोरिया का आयोजन किया गया, जहां बच्चों और परिवारों ने जमकर मस्ती की।

इस रंगारंग उत्सव में छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में हर उम्र के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास था। झूले और रोमांचक राइड्स ने बच्चों को खूब लुभाया, जबकि लाइव परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। खाने के स्टॉल्स पर तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवानों का मजा लिया गया। मिट्टी के बर्तन बनाने की वर्कशॉप और विज्ञान के मजेदार प्रयोगों ने बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाई।

गिलको इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. कृतिका कौशल ने कहा कि यह कार्निवाल सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि शिक्षा और पारिवारिक मूल्यों को जोड़ने का जरिया भी है। यह देखकर खुशी हुई कि सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बनाया।

## तेज धूप ने ठंड के असर को किया कम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर में दिनभर तेज धूप ने ठंड के असर को कम कर दिया। अधिकतम तापमान सामान्य से 7 डिग्री अधिक 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री ज्यादा 8.9 डिग्री रहा। हालांकि, मौसम जल्द ही करवट लेने वाला है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ स,ि य होगा, जिससे बादल छाने की संभावना है। इसके बाद अगले दो दिन तक हल्की बारिश और घने बादल छाए रह सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड एक बार फिर बढ़ सकती है। इसके साथ न्यूनतम तापमान में भी कमी आने का अनुमान है।

## हिमाचल जन कल्याण समिति ने मनाया वार्षिक नववर्ष एवं लोहड़ी मिलन समारोह

**अनंत ज्ञान, ग्रेटर नोएडा**



हिमाचल जनकल्याण समिति द्वारा रामईश इंस्टीट्यूशंन ऑडिटोरियम में नव वर्ष एवं लोहड़ी मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि उद्यमी रजनीश रघुयाल तथा समिति के संरक्षक एवं रामईश इंस्टीट्यूशंन के चेयरमैन डॉ आरसी शर्मा ने की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान जन गण मन से की गई उसके बाद समिति की महिलाओं एवं बच्चों ने हिमाचली नृत्य पेश किया। दिल्ली एनसीआर की विभिन्न हिमाचली सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा, हिमाचल कल्याण सभा से प्रेम चंद चौहान, ज्वालामुखी विकास सभा के महासचिव राकेश चंदर, हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा से अमी चंद जस्वाल प्रदीप डोगरा एवं ग्रेटर नोएडा की मशहूर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनाली गुप्ता ने अतिथि के रूप में भाग लिया तथा उनके द्वारा फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया।

## देश-विदेश

## शपथ से पहले ट्रंप बोले- दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध होने से रोकेंगे

### मैंने गाजा में सीजफायर कराया, अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकालेंगे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण से पहले वॉशिंगटन में विक्ट्री स्पीच (विजयी भाषण) दी। उन्होंने कहा कि वे दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध होने से रोकेंगे। उन्होंने दावा किया कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के बेहद नजदीक है। ट्रंप ने इसराइल-हमास के बीच हुए सीजफायर का भी श्रेय लिया।

उन्होंने कहा कि यह ट्रंप इफेक्ट है। उनके चुनाव जीतने के महज 3 महीने के भीतर गाजा में सीजफायर हो गया है। ट्रंप ने यूक्रेन में जारी जंग और मिडिल ईस्ट के देशों में फैली अराजकता को रोकने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि शपथ के बाद अमेरिकी पतन के चार साल का अंत हो जाएगा। उन्होंने अगले कार्यकाल में ऐतिहासिक रफ्तार से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके काम की शुरुआत मेक्सिको बॉर्डर सील करने से होगी।

उन्होंने कहा कि मंगलवार से मैं पूरी गति और शक्ति के साथ काम करूंगा और देश के सामने मौजूद हर एक संकट को हल करूंगा। ट्रंप ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही। ट्रंप ने कहा बहुत जल्द हम अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे।

### बाइडेन ने आखिरी दिन दो लोगों को दिया क्षमादान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निर्वतमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने कार्यकाल के आखिरी कुछ घंटों में बड़ा फैसला लेते हुए सभी को चौंका दिया है। बाइडेन ने डॉ. एंथनी, सेवानिवृत्त जनरल मार्क मिली और हाउस कमेटी के सदस्यों को माफ कर दिया है, जिन्होंने 6 जनवरी को कैपिटल पर हुए हमले की जांच की थी। उन्होंने अपने कार्यालय की असाधारण शक्तियों का उपयोग अपने अंतिम घंटों में आने वाले ट्रंप प्रशासन की तरफ से संभावित 'बदला' लेने से बचने के लिए किया।



## संघर्ष विराम समझौता: इसराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा

**एजेंसी, रामल्ला (वेस्ट बैंक)**



**इसराइल** ने हमास के साथ हुए संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार तड़के 90 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। इससे कुछ घंटों पहले ही हमास ने तीन इसराइली बंधकों को रिहा किया था, जो इसराइल पहुंच गए हैं। बंदियों को सफेद रंग की बड़ी बसों में जैसे ही जेल से बाहर ले जाया गया लोगों ने खुशी में आतिशबाजी की। फिलिस्तीनियों की भीड़ बसों के इर्द-गिर्द उमड़ पड़ी और वहां मौजूद लोगों ने नारे लगाए।

फिलिस्तीनी प्राधिकरण के कैदी मामलों के आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार रिहा किए गए सभी लोग महिलाएं या नाबालिग हैं। इसराइल ने इन सभी लोगों को देश की सुरक्षा को खतरे में डालने से जुड़े अपराधों में हिरासत में लिया था। इन लोगों पर पथराव करने से लेकर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप थे। वेस्ट बैंक पर इसराइल का कब्जा है और सेना ने लोगों को सार्वजनिक तौर पर कोई भी उत्सव नहीं करने को कहा है।

## कोलंबिया में शांति वार्ता नाकाम होने के बाद भड़की हिंसा, 80 से ज्यादा लोगों की मौत

**एजेंसी, कोलंबिया**

**कोलंबिया** में बागी गुट के साथ शांति वार्ता नाकाम होने के बाद हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और दो दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए कोलंबिया सरकार ने इस क्षेत्र में पांच हजार सुरक्षाबलों को तैनात किया है। कैटाटुम्बो क्षेत्र कोकीन बनाने और तस्करी के लिए बदनाम है। इस इलाके में प्रभाव रखने वाले दो सशस्त्र संगठन नेशनल लिबरेशन आर्मी और कोलंबिया मार्क्ससिस्ट रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस गुट के बीच यह हिंसा हो रही है।

## 2047 तक विकसित भारत बनाने में दें योगदान: राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पूर्व कैडेट हैं और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने में एनसीसी कैडेट्स को योगदान देना चाहिए। राजनाथ सिंह ने दिल्ली छावनी में जारी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर शिविर के दौरे पर कैडेट और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह एनसीसी कैडेट्स में भारत की छवि देखते हैं। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 लड़कियां कैडेट भी भाग ले रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा दल है।



उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हो सकते हैं, लेकिन आत्मा एक है, अनेक शाखाएं हैं, लेकिन जड़ एक है, अनेक किरणें हैं, लेकिन प्रकाश पुंज एक है। उन्होंने बताया कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं 'एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिक विज्ञान के शिक्षक थे।' कैडेट्स की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन का संचार करती है।

### यासीन मलिक मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश

## जम्मू कोर्ट और तिहाड़ में वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा शुरू की जाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जम्मू**-कश्मीर के अलगाववादी यासीन मलिक के खिलाफ चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा कि वह यासीन के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रही जम्मू की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उचित सुविधा करें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने रुबिया अपहरण केस और वायु सेना अधिकारी हत्या मामले में चल रही सुनवाई के दौरान आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को तिहाड़ जेल में भी उचित वीडियो कॉन्फ्रेंसगि की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ ने दोनों उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रारों को 18 फरवरी को अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। साथ ही सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 21 फरवरी को तय की है।



### अमेरिकी एसईसी की जांच के दायरे में नहीं: हिंडनबर्ग


**टोरंटो।** अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि वह अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) की जांच के दायरे में नहीं है। साथ ही उसने कंपनियों को लक्षित करने वाली रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपने संस्थापक के एक 'हेज फंड' से कथित संबंधों के दावों को भी खारिज कर दिया है। कनाडा के एक मंच ने ओंटारियो की एक अदालत में दायर दस्तावेजों का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नेट एंडरसन पर 'हेज फंड' के साथ कथित संबंधों के कारण संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। इसके बाद ही कंपनी ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए यह बयान दिया। हिंडनबर्ग एसईसी की जांच के दायरे में नहीं है। इसके विपरीत कोई भी दावा गलत है।

## सेंसेक्स 454 और निफ्टी 141 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 454 अंक की तेजी के साथ 77,073 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 141 अंक की तेजी रही, ये 23,344 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में तेजी और 21 में गिरावट रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ।

एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.99 फीसदी की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.17 फीसदी की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.14 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.079 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और एसबीआई ने बाजार को ऊपर चढ़ाया, जबकि, जोमैटो, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी ने सेंसेक्स को नीचे खींचा।




### गोल्ड के दाम में तेजी, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना के दाम में सोमवार को तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 144 रुपए महंगा होकर 79,383 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 79,239 रुपए पर थी। वहीं, चांदी के दाम में आज गिरावट है। एक किलो चांदी की कीमत 139 रुपए कम होकर 90,681 रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को एक किलो चांदी 90,820 रुपए में बिक रही थी।



## बदलापुर यौन शोषण मामला: आरोपी के एनकाउंटर में पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार

**एजेंसी, मुंबई**



**बदलापुर** स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के लिए मजिस्ट्रेटी जांच में पांच पुलिसकर्मियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। मजिस्ट्रेट ने सोमवार को सीलबंद लिफाफे में अपनी जांच रिपोर्ट बंबई उच्च न्यायालय को सौंप दी।

बंबई उच्च न्यायालय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। अन्ना शिंदे ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनके बेटे को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार डाला। इस घटना में शामिल अधिकारियों में ठाणे अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे, सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) नीलेश मोरे, हेड कांस्टेबल अभिजीत मोरे और हरीश तावड़े तथा एक पुलिस चालक शामिल थे। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने रिपोर्ट का अवलोकन किया और कहा कि सरकार जांच के आधार पर मामला दर्ज करने के लिए बाध्य है। अदालत ने जानना चाहा कि कौन सी जांच एजेंसी मामले की जांच करेगी। अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

# टाटा स्टील शतरंज में प्रज्ञानानंदा जीते; गुकेश, एरिगेसी ने खेले ड्रॉ

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया जबकि अर्जुन एरिगेसी ने 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ खेला। इससे पहले विश्व चैंपियन डी गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।



19 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। फेबियानो कारूआना ने नीदरलेंड के जोर्डन वान फोरीस्ट को मात दी। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली ने चीन की 14 वर्ष की मियाओइ लू से अंक बांटे। दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की

# पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने किया उलटफेर

## न्यूजीलैंड को महिला अंडर-19 ट्वेंटी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में दो रन से हराया

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को दो रन से हरा दिया। नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में छह विकेट पर 65 रन बनाए।

इसके बाद न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 57 रन था और 13 ओवर के मैच में उसे आखिरी ओवर में नौ रन बनाने थे। ऐसे में तेज गेंदबाज लिलियन उडेह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दो रन कम पर रोक दिया। उडेह (19) और कप्तान लकी पीटी (18) नाइजीरिया के लिए दोहरे अंक में



पहुंचने वाली खिलाड़ी थी। वहीं न्यूजीलैंड के लिए अनिका टोड ने सर्वाधिक 19 रन बनाए। नाइजीरिया में फुटबॉल और एथलेटिक्स लोकप्रिय खेल हैं, लेकिन क्रिकेट उपमहाद्वीप के दक्षिणी देशों दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में ही खेला जाता है। नाइजीरिया की लड़कियों ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई

**09 रन आखिरी ओवर में नहीं बना सका न्यूजीलैंड**

किया और पश्चिम अफ्रीका से क्रिकेट विश्व कप खेलने वाला यह पहला देश बना। इसके साथ ही ग्रुप-सी के मैच में आईसीसी पूर्णकालिक सदस्य देश की टीम को भी हरा दिया। नाइजीरिया और समोआ के बीच शनिवार का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

एक अन्य मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दो विकेट से हराया। अमेरिका ने जोहोर में हुए मैच में आयरलैंड को नौ विकेट से मात दी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विकेटकीपर बल्लेबाज पंत लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान बने



**कोलकाता।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सोमवार को आईपीएल के आगामी सत्र के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स का कप्तान बनाया गया और उन्होंने टीम को पहला खिताब दिलाने के लिए अपना दो सौ फीसदी देने का भरोसा दिलाया। पंत को आईपीएल की मेगा नीलामी में लखनऊ टीम ने 27 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा था। पंत ने नया कप्तान बनाए जाने के बाद मीडिया से कहा ,''मैं अपना 200 प्रतिशत दूंगा । यह मेरा आपसे वादा है। मैं इस भरोसे पर खरे उतरने की कोशिश करूंगा। मैं नई शुरूआत और नई ऊर्जा को लेकर काफी रोमांचित हूं।''

### सिंगापुर ने अनूप श्रीधर को अतिरिक्त एकल कोच नियुक्त किया

**सिंगापुर।** भारत के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अनूप श्रीधर को सोमवार को सिंगापुर बैडमिंटन संघ (एसबीए) ने एक एकल कोच नियुक्त किया, जिन्होंने देश के लिए एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। हालांकि दक्षिण कोरिया के किम जि ह्यून एसबीए की पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। एसबीए के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डेविड टैन ने कहा, ''अभी उनके शुरुआत करने की तारीख तय नहीं है क्योंकि यह उनके काम के लिए वीजा मंजूरी पर निर्भर रहेगी। हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि अनूप जल्द से जल्द टीम से जुड़ जाएं।''

### ग्लैमरस अंदाज के लिए चर्चा में इवानोविच

**नई दिल्ली।** सर्बिया की एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं। एना इवानोविच साल 2018 में फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम जीतने में सफल रहीं थीं। उन्होंने 480 एकल मैचों में से 225 मुकाबलों में बाजी मारी।



# सिनेर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में होल्गर रूने को हराया

**एजेंसी, मेलबोर्न**

इटली के यानिक सिनेर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनेर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ।

आखिर में गत चैंपियन सिनेर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनेर गर्मी से निपटने के लिए चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिए गए।

सिनेर का सामना अब ऑस्ट्रेलिया के 8वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन



यानिक सिनेर

शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा। महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6 -4, 6-1 से हराकर तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीज से होगा, जिसने 2022 विंबलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया।

कीज 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में एडीलेड में खिताब जीता था।

स्वितोलिना ने मैच के बाद टीवी कैमरा लेंस के लिए मैसेज में लिखा ,'' द स्पिरिट आफ यूक्रेन ' और दिल का आकार बनाया। उन्होंने लाल ड्रेस, लाल जूते और लाल कैप पहनी थी। दर्शकों ने उनके लिए पीले और नीले रंग के यूक्रेन के ध्वज लहराए।



कोलकाता। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले से पूर्व अभ्यास सत्र में भाग लेते भारतीय क्रिकेटर।

# किसी खिलाड़ी का कैसे ख्याल रखना रोहित की कप्तानी में सीखा : पंत

**एजेंसी, कोलकाता**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के नवनियुक्त कप्तान ऋषभ पंत ने सिर्फ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय टीम के अन्य सीनियर खिलाड़ियों से भी नेतृत्व कौशल सीखा है। 2017 में विराट कोहली के नेतृत्व में पदार्पण करने वाले पंत प्रेरणादायी महेंद्र सिंह धोनी के साथ भी खेले हैं।

पंत ने कहा, ''हां, मैंने बहुत से कप्तानों और अपने कई सीनियर खिलाड़ियों से नेतृत्व के बारे में सीखा है क्योंकि मुझे लगता है कि आपको सिर्फ अपने कप्तान से ही नहीं सीखना चाहिए। ''

उन्होंने कहा, ''जिस तरह से खेल आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए काफी सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें खेल का अनुभव है। आप सिर्फ कप्तान से ही नहीं, बल्कि सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। ''

रोहित के नेतृत्व में अपने अनुभव से प्रेरणा लेते हुए पंत ने टीम की कप्तानी करते समय ख्याल रखने और भरोसे की अहमियत पर बात करते हुए कहा, ''बहुत सटीक होना मुश्किल है। रोहित भाई के साथ, मैंने सीखा है कि किसी खिलाड़ी का ख्याल कैसे रखा जाता है।''

# सलामी बल्लेबाजों की जगह तय, लेकिन बाकी को बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला होना होगा : अक्षर

**एजेंसी, कोलकाता**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले भारत के उपकप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि भारतीय टी-20 टीम में सिर्फ सलामी बल्लेबाजों का क्रम ही तय है जबकि बाकी सभी बल्लेबाजों को क्रम को लेकर लचीला रूख अपनाना होगा। भारतीय टीम बुधवार को ईडन गार्डंस पर पहला मैच खेलेगी।

बल्लेबाजी क्रम में बार-बार बदलाव के बारे में पूछने पर अक्षर ने कहा ,'' यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है बल्कि टीम में सभी पर लागू होता है।''



उन्होंने कहा ,'' 2024 की शुरुआत से हमने तय किया था कि सलामी जोड़ी तय होगी जबकि तीसरे से 7वें नंबर तक सभी को हालात, संयोजन और मैच अप्स के अनुरूप लचीला रहने के लिए कहा गया है।'' अक्षर ने कहा ,'' ऐसा कोई तय क्रम नहीं है कि कोई बल्लेबाजी उसी क्रम पर खेलेगा। तीसरे से 7वें नंबर के बीच सभी के लिए यह लागू होता है। यह अभ्यास सत्र में तय होगा।''

उन्होंने कहा ,''टी-20 क्रिकेट में सही समय पर सही बल्लेबाज का इस्तेमाल करना अहम है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी यहां आए एक ही दिन हुआ है। हमने (कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर और खुद अक्षर) बात की है। टीम नेतृत्व दल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। बहुत कुछ बदला नहीं है। हमारे पास स्थिर टी-20 टीम है और ज्यादा दबाव नहीं है।''

# रणजी : रोहित, यशस्वी मुंबई की टीम में

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सोमवार को जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया।




अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे। रोहित ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी।

# बैडमिंटन : सात्विक और चिराग की निगाहें सत्र के पहले खिताब पर

**एजेंसी, जकार्ता (इंडोनेशिया)**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में साल का अपना पहला खिताब जीतने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेगी, जबकि लक्ष्य सेन सत्र की निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़कर वापसी करना चाहेंगे। सात्विक और चिराग की दुनिया की 9वें नंबर की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। यह स्टार जोड़ी पिछले दो टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंची थी।



सात्विक और चिराग दोनों सेमीफाइनल सीधे सेटों में हार गए थे और अब उनका लक्ष्य इस टूर्नामेंट में आगे तक जाना होगा।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स में अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चेन झी-रे और यू चीह लिन के खिलाफ करेगी। भारत के एकल खिलाड़ी सेन और पीवी सिंधू के सामने आसान चुनौती नहीं होगी। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले 23 वर्षीय सेन पिछले दो टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हो गए थे और वह यहां इसकी कमी पूरा करना चाहेंगे।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रियांशु राजावत भी मुख्य दौर में अपनी चुनौती पेश करेंगे। उनका पहला मुकाबला जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। पुरुष एकल क्वालिफिकेशन राउंड में दो भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज आमने-सामने होंगे।

महिला एकल राउंड 32 में सिंधु अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन के खिलाफ करेंगी। उनके अलावा आकर्षी कश्यप जापान की नोजोमी ओकुहारा से और अनुपमा उपाध्याय स्थानीय खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी।

सिंधु इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गईं थी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार यहां इसकी भरपाई करने को उत्सुक होंगी।

महिला एकल क्वालीफिकेशन में ईशारानी बरुआ का सामना हमवतन रक्षिता रामराज से होगा जबकि तान्या हेमंथ का मुकाबला चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से होगा।

तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा अपने महिला युगल अभियान की शुरुआत थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई के खिलाफ करेंगी। तनीषा और ध्रुव कपिला की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील का सामना करेगी।रोहन कपूर और रूथविका गद्दे की एक अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी का पहला मुकाबला इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मायर्स से होगा।

